समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

आमंत्रण मूल्य ₹3

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 67,097.44 | 19,833.15 |

तापमान

अधिकतम 34 °c

न्यूनतम 28 °c





मायावती का ऐलान, अकेले लड़ेंगे चुनाव पेज-02

महापौर ने वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारम्भ पेज-03



वर्ष 10 अंक 329 लखनऊ, 20 जुलाई गुरुवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com


पीएम मोदी ने कहा, जो भी गठबंधन 'नकारात्मकता' के साथ बने वह कभी सफल नहीं हो पाए

# ऐसा गठबंधन देश का नुकसान करेगा : पीएम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जो भी गठबंधन 'नकारात्मकता' के साथ बने वह कभी सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का गठन देश में राजनीतिक स्थिरता लाने के लिए हुआ था। राजग के नेताओं की यहां एक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''जब गठबंधन सत्ता की मजबूरी का हो, जब गठबंधन भ्रष्टाचार की नीयत से हो, जब गठबंधन परिवारवाद की नीति पर आधारित हो, जब गठबंधन जातिवाद और क्षेत्रवाद को ध्यान में रखकर किया गया हो तो ऐसा गठबंधन देश का बहुत नुकसान करता है।''

मोदी ने कहा कि देश में राजनीतिक गठबंधनों की एक लंबी परंपरा रही है, लेकिन जो भी गठबंधन नकारात्मकता के साथ बने वह कभी भी सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 90 के दशक में देश में अस्थिरता लाने के लिए गठबंधनों का इस्तेमाल किया तथा कांग्रेस ने सरकारें बनाईं और सरकारें बिगाड़ीं। उन्होंने कहा कि 1988 में राजग का गठन हुआ था, लेकिन सिर्फ सरकारें बनाना और सत्ता हासिल करना उसका लक्ष्य नहीं था। उन्होंने कहा, ''राजग किसी के विरोध में नहीं बना था, राजग किसी को सत्ता से हटाने के लिए नहीं बना था। राजग का गठन देश में स्थिरता लाने के लिए हुआ था। जब किसी देश में एक स्थिर सरकार होती है, तो देश एक साहसिक निर्णय लेता है जो देश के फलसफा को बदल देता है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में राजग के गठन के 25 साल पूरे हुए हैं और ये 25 वर्ष विकास और क्षेत्रीय आकांक्षाओं की पूर्ति के रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजग का मतलब राज्यों के विकास के माध्यम से देश का विकास है। उन्होंने कहा, ''नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (राजग) में एन का अर्थ 'न्यू इंडिया', डी का अर्थ 'डेवलप्ड नेशन' और ए का अर्थ है 'लोगों की आकांक्षा'। आज युवा, महिलाएं, मध्यम वर्ग, दलित और वंचित लोग राजग पर भरोसा करते हैं।''

विपक्षी पार्टियों की बढ़ी टेंशन

## थाने पहुंचा गठबंधन का नाम इंडिया रखने का मामला

**बंगलुरु।** बेंगलुरु में मंगलवार को विपक्षी एकता की बड़ी बैठक हुई थी। इस बैठक में विपक्षी गठबंधन का नाम इं.डि.या. रखा गया। विपक्षी दलों की ओर से दावा किया गया कि अब लड़ाई इं.डि.या. बनाम एनडीए होगा। ममता बनर्जी ने चुनौती देते हुए कहा था कि हिम्मत है तो एनडीए अब इं.डि.या. को हराकर दिखाएं। हालांकि अब इं.डि.या. वाला मामला थाने पहुंच चुका है। इसको लेकर दिल्ली के बाराखंबा पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज करवाई गई है जिसमें कहा गया है कि इं.डि.या. नाम रखना इम्बलेंस एक्ट का उल्लंघन है। दरअसल इस एक्ट के तहत कोई भी अपने निजी फायदे के लिए इंडिया नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकता। शिकायत में कहा गया है कि गठबंधन का नाम इं.डि.या. रखने से लोगों की भावनाएं आहत हुई है। दिल्ली के बाराखंभा पुलिस स्टेशन में 26 विपक्षी दलों के खिलाफ 卐भारत के नाम के अनुचित उपयोग और




चुनावों में अनुचित प्रभाव और छवि के लिए उक्त नाम के उपयोग के लिए एक पुलिस शिकायत दर्ज की गई। शिकायतकर्ता डॉ. अवनीश मिश्रा ने इन पक्षों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि नाम– इंडिया प्रतीक अधिनियम का उल्लंघन है। विपक्षी दलों के नवगठित गठबंधन में लौटकर यदि वे किसी संस्था, वेबसाइट, कंपनी या संगठन को इंडिया नाम से पंजीकृत करने की योजना बनाते हैं, तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्हें इंडिया शब्द के पहले या बाद में शब्द जोड़ना होगा, क्योंकि संविधान के अनुसार, यह हमारे देश का नाम है।

# 1.91 करोड़ छात्रों को योगी ने दिए 1200 रुपए

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

### ड्रेस, बैग, जूता-मोजा और स्टेशनरी के लिए अकाउंट में भेजे पैसे, 125 कस्तूरबा गांधी स्कूल का लोकार्पण

उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूल के बच्चों को सीएम योगी आदित्यनाथ ने ड्रेस दिए। परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता मोजा, स्टेशनरी के लिए अभिभावकों के खाते में धनराशि भी भेजी गई। 1.91 करोड़ छात्रों तक 1200 रुपए भेजे गए। इस दौरान 125 कस्तूरबा गांधी विद्यालय का लोकार्पण भी ब्ड योगी ने किया। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से 1200 रुपए की धनराशि भी दी गई। यह राशि निशुल्क यूनिफॉर्म के लिए सीधे अभिभावकों के खाते में भेजी गई। इससे पहले स्कूल के बच्चों को मिलने वाले ड्रेस को लेकर काफी शिकायतें रहती थीं,



**6 संस्थान सम्मानित**

ऐसे 6 संस्थानों को उन्होंने सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों के साथ-साथ अनेक समाज से जुड़े लोगों ने भी रुचि लेकर ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यक्रम को सफलता की नई ऊंचाइयां दी हैं। उन्होंने कहा कि पहले कोई बेसिक शिक्षा परिषद को धनराशि देने की बात करता था क्या, आज 250 करोड़ की सीएसआर की राशि मिली है।

लेकिन उन शिकायतों को दूर करने के लिए अब डीबीटी माध्यम का उपयोग किया जाता है। सीएम योगी ने नीति आयोग की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को गरीबी से मुक्त करने के जिस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता मिली है, वह बड़ी उपलब्धि है। उत्तर प्रदेश में जो लोग गरीबी से मुक्त हुए हैं वो सक्षम हुए हैं। नीति आयोग ने जो पैरामीटर तय किए थे, उसमें सबसे पहला पैरामीटर शिक्षा ही था। शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं और आने वाले 5-10 साल में इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। सीएम योगी ने कहा कि डीबीटी के माध्यम से जो पैसा यूनिफॉर्म, जूते-मोजे और स्टेशनरी के लिए भेजा गया है, उसमें हमारे शिक्षकों की भी जिम्मेदारी है कि वो सुनिश्चित करें कि बच्चे नियमित रूप से यूनिफॉर्म में स्कूल आएं। उम्मीद की जाती है कि हर शिक्षक बच्चे के लिए यूनिफॉर्म बनवाने को अभिभावक के साथ बैठक कर चर्चा करेगा, ताकि समयसीमा में बच्चे यूनिफॉर्म, किताबें, जूते-मोजे पा सकें। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले की स्थिति क्या थी, शिक्षकों की भारी कमी थी। मुझे आश्चर्य होता है कि कुछ लोग इस बात की चर्चा करते हैं कि 5 वर्ष से शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई। पिछले 6 वर्ष में एक लाख 64 हजार शिक्षकों की भर्ती बेसिक और माध्यमिक शिक्षा परिषद में हुई है।

# बुलंदशहर में निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से चार लोगों की मौत

बुलंदशहर, समृद्धि न्यूज़

जिले की स्याना तहसील के अंतर्गत नरसेना इलाके के मवई गांव में बुधवार तड़के एक निर्माणाधीन मकान की छत गिरने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। हादसे की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस के मुताबिक, मवई गांव के निवासी राजपाल सिंह का परिवार भू-तल पर सोया हुआ था, जब बुधवार तड़के करीब चार बजे पहले तल पर निर्माणाधीन छत का हिस्सा और उसकी ढलाई के लिए लगाया गया ढांचा (लेंटर) अचानक परिवार के ऊपर गिर पड़ा। हादसे में परिवार के 12 सदस्य मलबे में दब गए। हादसे की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य शुरू कराया। जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाकर दबे हुए लोगों को बाहर निकाला गया। बचाव कार्य में आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया जबकि चार लोगों की मलबे में दबकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मरने वालों में राजपाल, उनकी पत्नी सुनीता और दो बेटे शामिल हैं।

सियाचिन ग्लेशियर में सेना के बंकर में लगी भीषण आग

## कैप्टन बलिदान व 3 सैन्यकर्मी घायल

**जम्मू (एजेंसी)।** पश्चिमी लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में बुधवार तड़के सेना के बंकर में आग लगने से एक कैप्टन बलिदान व तीन सैन्यकर्मी घायल हो गए। सियाचिन ग्लेशियर में बंकर में आग लगने की घटना में बलिदान हुए अधिकारी की पहचान मेडिकल ऑफिसर, कैप्टन अंशुमन सिंह के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, आग लगने से घायल तीन सैन्य कर्मियों में के एक लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक का अधिकारी भी है।

# भाजपा सरकार को सत्ता से हटाना ही सबका लक्ष्य : शिवपाल



**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए समाजवादी पार्टी विपक्षी दलों के गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे में बड़ा दिल दिखाएगी। बेंगलुरु में हुई विपक्षी दलों की बैठक से उत्साहित सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि प्रदेश में गठबंधन के सहयोगियों के साथ बैठकर सीटों के बंटवारे पर सहमति बना ली जाएगी। गठबंधन के सहयोगी भी उसी सीट पर दावा करें, जिसे वह जीत सकते हैं, जो दल जिस सीट पर मजबूत होगा उसे वह सीट दे दी जाएगी। सबका लक्ष्य एक ही है डबल इंजन की भाजपा सरकार को सत्ता से हटाना। शिवपाल ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि सपा की कोशिश होगी कि गठबंधन में शामिल सभी दलों को साथ लेकर चले। गठबंधन में बसपा के शामिल न होने पर कहा कि मायावती परोक्ष रूप से भाजपा के ही साथ हैं। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बहुत हल्के लोग हैं। कुछ दिनों पहले मायावती को प्रधानमंत्री बना रहे थे।

### लोकसभा टिकट मांगूंगा नहीं, पार्टी कहेगी तभी लड़ूंगा

शिवपाल ने कहा कि वे लोकसभा टिकट मांगेंगे नहीं, यदि पार्टी नेतृत्व उन्हें लड़ने के लिए कहेगा तो वह चुनाव लड़ेंगे। बेटे आदित्य के चुनाव लड़ने पर कहा कि वह पार्टी के लिए काम कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश जब उसे लड़ने के लिए कहेंगे वह चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि उनके ज्यादातर समर्थकों को राष्ट्रीय कार्यकारिणी व संबद्ध संगठनों में जगह मिल गई है, जल्द घोषित होने वाली प्रदेश कार्यकारिणी में बचे हुए समर्थकों को सम्मानजनक पद मिल जाएंगे।

## ऋतु महेश्वरी बनाई गई आगरा की नई कमिश्नर

**मंडलायुक्त अमित गुप्ता का तबादला**

**आगरा (समृद्धि न्यूज़)।** उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक फेरबदल का सिलसिला जारी है, बुधवार को फिर कुछ अधिकारियों का तबादला किया गया। रितु महेश्वरी को आगरा की नया कमिश्नर बनाया गया है। इसके अलावा मंडलायुक्त अमित गुप्ता का तबादला हो गया है। गुप्ता को पुणे कानपुर का नया मंडलाआयुक्त बनाया गया है जबकि नोएडा की सीईओ ऋतु महेश्वरी को मंडलायुक्त आगरा मंडल बनाया गया है। पिछले दिनों भी बड़े स्तर प्रशासनिक फेरबदल किए गए थे।

# ट्रांसफार्मर फटा, पुल पर करंट आने से 16 की मौत

**गोपेश्वर/देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के चमोली में अलकनंदा नदी के तट पर एक ट्रांसफार्मर के फटने से एक पुल में करंट आने से एक पुलिस अधिकारी सहित 16 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों से मृतकों के परिवारों को 5 लाख रुपये और घायलों को 1 लाख रुपये तत्काल सहायता के रूप में देने को कहा है। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित एक जल-मल शोधन संयंत्र (एसटीपी) में बिजली का करंट फैल जाने से 16 लोगों की मौत हो गई जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। चमोली के पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि इनमें से एक की मृत्यु मंगलवार रात को करंट फैलने के बाद उसकी चपेट में आकर हुई।

### मृतकों के परिवारों को 5 लाख का दिया जाएगा मुआवजा

**दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश**

धामी ने दुर्घटना की मजिस्ट्रेट जांच का आदेश दिया है और कहा कि हादसे के लिए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी को जांच अधिकारी नामित करते हुए उन्हें एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने त्रिपाठी को अपनी जांच में दुर्घटना के कारणों और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने और उन्हें रोकने के लिए उपाय व सुझावों को भी शामिल करने को कहा है।

वैवाहिक बलात्कार को अपराध के दायरे में लाने का मामला

## तीन न्यायधीशों की पीठ करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** वैवाहिक बलात्कार एक पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ उसकी सहमति के बिना जबरन यौन संबंध बनाने को संदर्भित करता है। हालाँकि भारत में बलात्कार एक गंभीर अपराध है, वैवाहिक बलात्कार गैरकानूनी नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 19 जुलाई को कहा कि वह अपने समक्ष याचिकाओं का एक समूह सूचीबद्ध करेगा जो वैवाहिक बलात्कार से संबंधित मामलों से संबंधित हैं। वैवाहिक बलात्कार एक पुरुष द्वारा अपनी पत्नी के साथ उसकी सहमति के बिना जबरन यौन संबंध बनाने को संदर्भित करता है।

**याचिकाओं में क्या हैं मुद्दे?**

- सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष इस विषय से संबंधित चार अलग-अलग मामले हैं।
- भारतीय दंड संहिता में वैवाहिक बलात्कार छूट की संवैधानिक वैधता को चुनौती पर दिल्ली उच्च न्यायालय की दो-न्यायाधीश पीठ के खंडित फैसले के खिलाफ अपील।
- कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ अपील जिसमें एक व्यक्ति पर अपनी पत्नी से बलात्कार के आरोप में मुकदमा चलाने की अनुमति दी गई थी।

टमाटर को मिला केंद्र का साथ, फिर घटी कीमत

## अब 70 रुपये प्रति किलो में बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमियों की रसोई को सबसे ज्यादा महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है। ऐसे में केंद्र सरकार ने जनता को राहत पहुंचाने के लिए एक बार फिर से सब्सिडी वाले टमाटर की कीमतों में बड़ी गिरावट की है। बता दें कि महंगाई की मार झेल रहे टमाटों की कीमतें गुरुवार से 80 रुपये प्रति किलोग्राम से घटाकर 70 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई हैं। पिछले हफ्ते शुक्रवार से केंद्र सरकार रियायती दरों पर टमाटर बेच रही है। सरकार की ओर से सहकारी संस्थाएं नेफेड और एनसीसीएफ ने टमाटर बेचने का जिम्मा अपने कंधों पर उठाया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, उपभोक्ता मामलों के विभाग ने टमाटर की कीमतों में गिरावट के मद्देनजर एनसीसीएफ और नेफेड को 20 जुलाई, 2023 से 70 रुपये प्रति किलोग्राम की खुदरा कीमत पर टमाटर बेचने का निर्देश दिया है। सरकार लगातार सब्सिडी वाले टमाटरों की कीमतों को आसमान से जमीन पर लाने की कोशिशें कर रही है।

# पूरी दुनिया में ट्विटर पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले नेता बने पीएम मोदी

### बाइडेन-सुनक हैं काफी पीछे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अब ट्विटर पर 90 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं, जिसने उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दुनिया भर में सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले सक्रिय राजनेताओं में से एक बना दिया है। इस बीच, पीएम मोदी ट्विटर पर 2,589 लोगों को फॉलो करते हैं। पीएम मोदी ने साल 2009 में माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर अपना अकाउंट बनाया था। उस दौरान वे गुजरात के मुख्यमंत्री के पद पर काबिज थे। ट्विटर ज्वाइन करने के महज एक साल के भीतर मोदी के फॉलोअर्स की संख्या लाखों में पहुंच गई थी। जुलाई 2020 में पीएम मोदी के फॉलोअर्स की संख्या 60 मिलियन यानी छह करोड़ थी और एक साल बाद जुलाई 2021 में फॉलोअर्स की संख्या में एक करोड़ से अधिक का इजाफा हुआ। आपको बता दें कि सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा फॉलोअर्स रखने वाले ट्विटर बॉस एलन मस्क ने भी इसी साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फॉलो करना शुरू कर दिया था। मस्क स्वयं 195 व्यक्तियों को ट्विटर पर फॉलो करते हैं, जिनमें से एक पीएम मोदी भी हैं।

**2,589**

**लोगों को फॉलो करते हैं पीएम मोदी ट्विटर पर**

# रामपुर में पानी भरे गड्ढे में डूबने से पांच बच्चों की मौत

रामपुर, समृद्धि न्यूज़

रामपुर जिले की शाहाबाद तहसील के एक गांव के पांच बच्चे पानी भरे गड्ढे में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी का माहौल बना हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया है कि गड्ढा ईंट बनाने के लिए मिट्टी खुदाई के कारण बना था। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के गांव गदमर पट्टी निवासी 10 वर्षीय चंचल पुत्री मोहन, 10 वर्षीय सना पुत्री इसरार, 12 वर्षीय

**प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा**

अकिल पुत्र शकील, 10 वर्षीय अलशिफा पुत्री कदीर, 10 वर्षीय गुलफशा पुत्री नियाज अली तथा दो अन्य और बच्चे अपने गांव की सीमा से लगे गांव गेहनी के निकट ढकिया निवासी शरीफ अहमद के ईंट भट्टे के पास बकरियां चराने गए थे। सात बच्चों में से पांच बच्चे भट्टे के लिए खोदी गई जमीन में बने तालाब में नहाने के लिए तालाब में उतर गए।

सौगात — पीएम मोदी महाकुंभ से पहले प्रयागराज को दे सकते हैं 15 हजार करोड़ का तोहफा, श्रृंगवेरपुर में बनेगा तीर्थ क्षेत्र

# श्रृंगवेरपुर की महिमा-गरिमा और बढ़ेगी तथा तीर्थ के लिए तय नहीं होगा कोई नियम या पैमाना

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़

भगवान राम और निषादराज की मित्रता की थाती तपोस्थली श्रृंगवेरपुर को तीर्थ क्षेत्र घोषित करने की तैयारी है। संभावना है कि प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के कार्यों के लोकार्पण के दौरान प्रधानमंत्री इसकी भी घोषणा कर सकते हैं। प्रशासन इसी अनुरूप कार्य कर रहा है। पिछले दिनों यहां पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह का दौरा हुआ था। मंगलवार को अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन, भाषा, पुनर्गठन एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अपर मुख्य सचिव जितेंद्र कुमार ने धार्मिक व पर्यटन के कार्यों का निरीक्षण किया। अगले वर्ष होने वाले लोक सभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी सक्रिय हो गई है। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही महाकुंभ के लगभग 15 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने प्रयागराज आने वाले हैं। प्रधानमंत्री से श्रृंगवेरपुर धाम को तीर्थ क्षेत्र घोषित कराने की योजना बन रही है। इससे श्रृंगवेरपुर की महिमा-गरिमा और बढ़ेगी। तीर्थ के लिए कोई तय नियम या पैमाना नहीं है। केंद्र या राज्य सरकार की घोषणा के बाद जिला प्रशासन शासन को ऐसा करने का प्रस्ताव भेजता है। शासन से अनुमति मिलने के बाद उस क्षेत्र को तीर्थ स्थल क्षेत्र घोषित कर दिया जाता है। इसके बाद यहां मांस-मदिरा की खरीद और बिक्री पर प्रतिबंध लग जाता है। प्रधानमंत्री के यहां हो रहे विकास कार्यों के लोकार्पण कराने का भी प्रस्ताव है। प्रदेश सरकार की ओर से श्रृंगवेरपुर धाम में लगभग 165 करोड़ रुपये के कार्य हो रहे हैं। इसमें 10 एकड़ का निषादराज उपवन (पार्क) प्रमुख है। पौराणिक महत्व के इस उपवन को बनाने की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को दी गई है, जबकि पर्यटन विभाग निगरानी कर रहा है। उपवन में हरियाली, कलात्मक रोशनी के बीच चलते फव्वारे, दीवारों पर रामायण से जुड़े प्रसंग का चित्रण कार्य हो रहा है। यहां भगवान राम व निषादराज गुह की गले मिलते 51 फीट की कांस्य प्रतिमा स्थापित हो गई है। ललित कला अकादमी, लखनऊ की ओर से बनवाई गई यह प्रतिमा पूरी दुनिया को समरसता का संदेश देगी। इससे धाम का वैभव व गौरव बढ़ेगा।



### धाम में हो रहे प्रमुख कार्य

श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क फेज-एक के लिए दिए गए बजट से स्टोन वर्क वाल लाइनिंग, आर्नामेंटल स्टोन वर्क फार वाल लाइनिंग व आर्च डिजाइन, ग्रेनाइट फ्लोरिंग, स्टोन वर्क इन कूपिंग, स्टोन क्लेडिंग, मकराना स्टोन फ्लोरिंग, ग्रेनाइट कोबल का काम अंतिम चरण में है। फेज-दो के तहत पर्यटन विकास के लिए श्रीराम-निषादराज मिलन से संबंधित चित्रांकन ध्यान केंद्र, केयरटेकर रूम, कैफेटेरिया, पाथ-वे, पेयजल व टायलेट ब्लाक आदि कार्य प्रगति पर है। श्रृंगवेरपुर धाम में 20 करोड़ 35 लाख रुपये से निषादराज सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना हो रही है। लगभग 29 करोड़ रुपये से संध्या घाट, टूरिस्ट फेसिलिटेशन सेंटर, पार्किंग, सीता कुंड आदि का विकास हो चुका है।

# नगर पंचायतों में जनसुविधाओं का किया निरीक्षण

## नगर विकास मंत्री नगर पंचायत देवा शरीफ पहुंचकर दरगाह पर आर्शीर्वाद लिया, व्यवस्था के बारे में ली जानकारी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने प्रदेश के सभी 7-62 निकायों में 14 से 21 जुलाई, 2023 तक चल रहे नगर सफाई महाअभियान के संदर्भ में बरसात के समय कहीं पर गंदगी न हो, कहीं पर जलभराव न देखने को मिले, इसके लिए आज बाराबंकी जनपद के नगर पंचायत देवा शरीफ, फतेहपुर एवं रामनगर की साफ-सफाई एवं जन सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पंचायतों के अध्यक्ष, सभासद, अधिशासी अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। नगर विकास मंत्री श्री शर्मा ने सबसे पहले नगर पंचायत देवा शरीफ अपराह्न 11:30 बजे पहुंचकर देवा शरीफ दरगाह का आर्शीर्वाद लेकर वहां की व्यवस्था को देखा। इसके पश्चात अस्ताना रोड में कौमी एकता द्वार के पास पौधरोपण किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सभासदों, मुस्लिम समुदाय एवं देवा व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा मंत्री जी का भव्य स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने साफ-सफाई के लिए लोगों को जागरूक किया।



व्यापारियों को उन्होंने अपनी दुकान के सामने गीला और सूखा कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने के लिए कहा तथा अपनी दुकान या संस्थान से निकले कचरे को कूड़ा गाड़ी को समय से देने को कहा। बसेरा गेस्ट हाउस के पास भारतीय जनपद पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने मोहम्मदी होटल, श्री बालाजी फास्ट फूड सेंटर तथा निशा कैन्टीन के पास सफाई कर रहे सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की और उनके कार्यों की सराहना कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने वहां के स्थानीय निवासी रूक्खसाना से साफ-सफाई हो रही है कि नहीं के बारे में पूछा और उन्हें घर के कचरे को समय से कूड़ा गाड़ी को देने को कहा। इसके पश्चात उन्होंने देवा शरीफनगर पंचायत कार्यालय के सामने सलामी ली और नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभासदों से मिले और उन्हें अपने वार्डो की साफ-सफाई एवं बेहतर व्यवस्थापन कराने के लिए स्वयं आगे आने को कहा जिससे कि जनता को तकलीफन हो।इसके पश्चात नगर विकास मंत्री नगर पंचायत फतेहपुर पहुंचकर वहां की साफ-सफाई एवं व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने फतेहपुर चौराहे पर वहां के व्यापारियों, दुकानदारों एवं स्थानीय निवासियों से साफ-सफाई को बनाये रखने तथा गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग करके कूड़ा गाड़ी को देने को प्रेरित किया।

उन्होंने व्यापारियों से अपनी व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं दुकानों के सामने कूड़ादान रखने को कहा जिससे कूड़ा इधर-उधर न फैले व नालियों में न जाय।नगर विकास मंत्री बाराबंकी की आदर्श नगर पंचायत, रामनगर पहुंचकर वहां की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा वार्डो में घूमकर गलियों एवं नालियों की सफाई को परखा। उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय में पौधरोपण किया तथा उपस्थित कार्मिकों, सभासदों को अपने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर पूरा ध्यान देने को कहा। इसके पश्चात नगर विकास मंत्री महादेवा पहुंचकर वहां स्थापित भोलेनाथ के प्राचीन एवं प्रसिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा लोगों के कल्याण की कामना की और आर्शीर्वाद लिया। तत्पश्चात बरौलिया गांव पहुंचकर उन्होंने पारिजात वृक्ष के दर्शन किये और उनका आर्शीर्वाद लिया। उन्होंने इस दौरान नगर पंचायतों के अध्यक्षों एवं सभासदों को अपने-अपने क्षेत्र के विकास सम्बंधी प्रस्तावों को शीघ्र बनाकर विभाग को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनता की समस्याओं के लिए क्षेत्र में जाएं, सफाई व्यवस्था की निगरानी करें। कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए, इसके लिए सभी को समर्पित होकर कार्य करना है।

## संजय सिंह की योगी आदित्यनाथ को चुनौती

लखनऊ । प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए दो ड्रेस बैग जूता मोजा और स्वेटर खरीदने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रति छात्र मात्र 1200 रूपये दिए जाने पर आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह ने इसे नाकाफी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनौती दी है कि वो स्वयं 1200 रुपए में दो ड्रेस,बैग,जूता मोजा और स्वेटर खरीद कर दिखाए। प्रदेश के लाखों छात्रों के अभिभावकों के खातों में सरकार द्वारा यह कम धनराशि भी नहीं पहुंच पा रही है।सर्दियों में छात्र बिना स्वेटर के ठिठुरने को मजबूर हो जाते है।1.90 करोड़ छात्रों में से कुछ लाख छात्रों के अभिभावकों के खातों में प्रति छात्र 1100 रुपए दे रही थी जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के लिए ड्रेस बैग जूता मोजा और स्वेटर नहीं खरीद पा रहे थे जिसको लेकर कई बार आम आदमी पार्टी की तरफ से आवाज उठाई गई।

# मकान का लिंटर गिरा, दबकर एक ही परिवार के चार की मौत

**घटना**

- देर रात हुए हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गयी
- चारों के शव निकाले जा चुके हैं मौके पर राहत व बचाव कार्य जारी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

बुलंदशहर जिले मके मकान का लिंटर गिर गया जिसमें दबकर चार लोगों की मौत हो गई है।कई लोग दब गए। हादसे में चार लोगों के शवों को निकाल लिया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। बुलंदशहर जिले के नरसेना थाना इलाके के गांव मवई में देर रात मकान का लिंटर गिर गया। मलबे में परिवार के कई सदस्य दब गए जिसमें से चार



लोगों की मौत हो गई। चारों लोगों के शव निकाले जा चुके हैं। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मकान की दूसरी मंजिल पर मंगलवार को ही लिंटर डाला गया था। परिवार के 13 सदस्य ग्राउंड फ्लोर पर सो रहे थे। देर रात हुए हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन मलबे में दबे लोगों को निकालने के प्रयास शुरू किए। सीओ समेत अन्य अधिकारियों की कई टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। राजपाल और उनकी पत्नी सुनीता, कुलदीप और धर्मेंद्र की मौत की पुष्टि हो गई है। जिलाधिकारी और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं।

## खबरें एक नजर में

### कायस्थ चित्रगुप्त महासभा का विस्तार

**लखनऊ।** कायस्थ चित्रगुप्त महासभा ने संगठन मजबूत करने के उद्देश्य से विस्तार किया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति पर राहुल कुमार चित्रांश को बुंदेलखंड प्रभारी,डॉ सोमेंद्र श्रीवास्तव को प्रदेश सचिव और विनय श्रीवास्तव को जालौन जनपद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने नए लोगों को संगठन में दायित्व सौंपते हुए अपेक्षा की है कि महासभा के नियमों कायदों को अंगीकृत करते हुए अपने समाज की सेवा करेंगे। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए संगठन को और गति देने का का काम करेंगे।

### पेंशनर आज करेंगे जंतर-मंतर पर अनशन

**लखनऊ।** पिछले 7 वर्षो से न्यूनतम पेंशन में बढ़ोत्तरी और पति पत्नी को मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग को लेकर देशभर में पेंशनरों के आन्दोलन की सरकार द्वारा अनदेखी किए जाने से आक्रोशित पेंशनर दिल्ली में अनशन करेंगें। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत और राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह राजावत केंद्रीय कार्यकारणी के पदाधिकारियों के साथ संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन 20 जुलाई को दिल्ली में जंतर-मंतर पर अनशन पर बैठेंगे।उनके समर्थन में उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों के पेंशनर बड़ी संख्या में अनशन स्थल पर पहुंचेंगे। देश के प्रमुख शहरों में भी पेंशनर अनशन करेंगें। मुख्य समन्वयक राजीव भटनागर ने बताया कि संसद का सत्र शुरू हो जाने के कारण सांसद दिल्ली में मौजूद होंगे इसलिए राज्यों के पेंशनर अपने सांसदों का घेरावकर अपनी माँगे पूरी कराने के लिए दबाव बनायेंगे।

### इंडिया सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाला समावेशी गठबंधन

**लखनऊ।** देश भर के प्रमुख विपक्षी दलों की बेंगलुरु में हुई बैठक के बाद आज लखनऊ में पत्र प्रतिनिधियों से बात करते हुए अपना दल कमेरावादी की नेता एवं सिराथू विधायक डॉ पल्लवी पटेल ने कहा कि विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए इस गठबंधन जिसका नाम इंडिया रखा गया है। इसमें समाजवादी पार्टी के साथ अपना दल कमेरावादी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। यह गठबंधन कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाला एक समावेशी गठबंधन है। पिछड़ा दलित वंचित के सामाजिक न्याय, जातिवार जनगणना के सवालों को मजबूती से उठाते हुए आगामी आम चुनाव में भाग लिया जाएगा। सत्ताधारी नेताओं द्वारा इस गठबंधन पर की जा रही टिप्पणियां उनकी हताशा दर्शाती है।आगामी 2024 में देश में एक नई सरकार का गठन दिख रहा है। विपक्षी एककजुटता से घबराए सत्ताधारी लोग गठबंधन के नेतृत्व का सवाल उठा रहे हैं। लेकिन इस प्रश्न से विगत 9 सालों में सरकार द्वारा बढ़ाई गई बेरोजगारी व महंगाई का हल नहीं हो सकता है। देश की जनता सामाजिक न्याय एवं विकास के लिये वैकल्पिक नई सरकार का गठन करेगी।

### सपा कार्यालय में मनाई गई अंचल की जयंती

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ में आज बलिया के वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व मंत्री स्व. शारदानंद अंचल की जयंती सादगी से मनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावांजलि अर्पित की। शारदानंद अंचल के पौत्र विनय प्रकाश अंचल ने भी उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर लालजी वर्मा, विजमा यादव, डॉ आरके वर्मा समेत सभी विधायको ने भी अंचल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्री पटेल ने कहा कि अंचल जी समाजवादी पार्टी के निष्ठावान नेता थे। उन्होंने हमेशा पिछड़ों, दलितों और वंचितों की आवाज उठाई और उन्हें हक और सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया। जयंती कार्यक्रम में रीबू श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा, व्यासजी गोंड प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, एस.के. राय प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तराखण्ड सहित जनपद बलिया प्रतापगढ़, आजमगढ़, मऊ, कुशीनगर, मिर्जापुर, देवरिया, लखीमपुर खीरी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में आये कार्यकर्ताओं ने भी शारदा नंद अंचल को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# विद्युत उपकेंद्रों पर लगाए जायें सीसीटीवी कैमरे

**मुलाकात**

- अधीक्षण अभियंता से मिला अपना व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

विद्युत उपकेन्द्रो पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा बिजली कनेक्शन जारी करने मे हीलाहवाली को लेकर अपना व्यापार मंडल के प्रतिनिधमंडल ने एसई से शिकायत की है।

अधीक्षण अभियंता सर्किल 4 लेसा इं.राम प्रीत प्रसाद से प्रतिनिधिमंडल भेंट कर अपनी मांग रखी। उत्तर प्रदेश अपना व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता अजय यादव की अगुवाई मे आज तीन सदस्यीय प्रतिनिथिमंडल ने अधीक्षण अभियंता से मांग की कि विद्युत उपकेन्द्रो पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएं तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



किए जाए।सेस -2 डिवीजन के अन्तर्गत दुबग्गा उपकेन्द्र के सिकरोरी के कई आवेदकों के कनेक्शन ट्रान्सफार्मर ओवरलोड का हवाला देकर पेंडिंग में डाल दिये गए। उन लोगों ने घरेलू कनेक्शन के आवेदन किया था जबकि एक प्रतिष्ठान को 17 जुलाई को 4 किलोवाट वाणिज्यिक कनेक्शन निर्गत कर दिया गया है। इनके लिए ओवरलोड का नियम लागू नही होता है। वही मो.तारिक ने 14 मई 2022 को इस्टीमेट कास्ट सहित कनेक्शन फीस भी दुबग्गा उपकेंद्र के अन्तर्गत जमा कर दी परन्तु आज तक संयोजन नहीं किया गया।

# बीजेपी वाले इण्डिया नाम से डरे : अखिलेश

## इण्डिया एलायंस की जीत तभी तय हो गयी जब भाजपा ने अपने गठबंधन की बैठक बुलायी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा इण्डिया के नाम से घबरा गयी है। पहले भाजपा के लोग विपक्ष को इण्डिया नाम से डराते थे। अब क्या बात है कि वे इण्डिया नाम से डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इण्डिया नाम अच्छा है। इण्डिया एक संदेश है। इण्डिया का संदेश डेवलपमेंट और इन्क्लूसिवनेस का है।

जहां विकास की बात हो और समग्रता की बात हो तो वह हमारी सोशलिस्ट और सेकुलर प्रतिबद्धता को शामिल करता है। हमारा देश तरक्की करे। खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़े। अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता इस बार भाजपा की विदाई कर देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश की जनता को झूठा सपना दिखाया। भाजपा ने सपना दिखाया लेकिन वह



सपना जमीन पर नहीं उतरा है तो वह विकास कैसा है?अखिलेश यादव ने कहा कि इण्डिया एलायंस की जीत तभी तय हो गयी जब भाजपा ने अपने गठबंधन की बैठक उसी तारीख में बुला ली। अखिलेश यादव बोले जनता आने वालों का इंतजार करती है। जाने वालों की विदाई करती है। भाजपा की बैठक उनका विदाई समारोह था। उन्होंने दावत की, खाना पीना किया। भाजपा की विदाई होना तय है। नया गठबंधन इण्डिया देश को नई दिशा में ले जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि जो समस्याएं है वह जस की तस दिखाई दे रही है। बेरोजगारी, महंगाई बढ़ती जा रही है। भाजपा ने बड़ी-बड़ी बातें की। कहा गया था कि नोटबंदी से भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा।

कर्नाटक में जनता ने सरकार बदल दी क्योंकि वहां 40 फीसदी कमीशन का भ्रष्टाचार था।अखिलेश यादव ने कहा कि नोटबंदी देश ही नहीं दुनिया में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा फैसला था। पहले 2000 रूपये का नोट लाए और फिर उसे बंद कर दिया।

आज तक जानकारी नहीं दी गयी कि किन बैंकों में 2000 रूपये के नोट सबसे ज्यादा जमा हुए। अगर सरकार यह नहीं बता रही है तो इसका मतलब वह भ्रष्टाचारियों के साथ है। सच तो यह है कि देश की दो तिहाई जनता भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ है। इस बार भाजपा का सफाया करने के लिए सब एक है।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बच्चों को किया गया जागरूक

**लखनऊ।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली एवं सृजन फाउंडेशन की सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सजग के अंतर्गत स्कूल के बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मुंशीगंज, गोसाईगंज स्थित अमेठी पब्लिक इंटर कॉलेज में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में डीसीपी महिला सुरक्षा आईपीएस श्रवण कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि रीजनल मार्केटिंग मैनेजर एचडीएफसी बैंक विक्की खनूजा, पोंमोशन मैनेजर एचडीएफसी बैंक दीपक कुमार उपस्थित रहे। बच्चों को ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क, हीरो मोटोकॉर्प लखनऊ के सेफ्टी मैनेजर पंकज शर्मा द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं को बहुत ही रोचक तरीके से समझाया गया। हेलमेट चालान से बचने के लिए नहीं, जान से बचने के लिए जरूरी है।

# मायावती का ऐलान, अकेले लड़ेंगे चुनाव

**बयान**

- एनडीए और आईएनडीआईए के साथ हम नहीं
- बसपा अकेले ही दलित और वंचितों के लिए काम कर रही है

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

2024 की सियासी लड़ाई अब एनडीए बनाम आईएनडीआईए पर आ चुकी है। यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉफ्रेंस की। इसमें उन्होंने अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। मायावती ने कहा, एनडीए और आईएनडीआईए दोनों के साथ हम नहीं हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर निशाना साधा। कहा कि गठबंधन की राजनीति कांग्रेस करती है। उनका जातिवादी दलों के साथ गठबंधन है। वहीं, बीजेपी की बातें-दावे खोखले हैं। कांग्रेस सत्ता में आने के लिए गठबंधन कर रही है। हम ऐसा नहीं कर सकते हैं। मायावती ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव बेहद नजदीक हैं। एनडीए और विपक्षी पार्टियों के गठबंधन की बैठकों का दौर चल रहा है। एक तरफ एनडीए अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार बनने की दलीलें दे रहा है। दूसरी तरफ विपक्ष गठबंधन सत्ताधारी को मात देने की प्लानिंग कर रहे हैं। इसमें बसपा भी पीछे नहीं है। कांग्रेस पार्टी, अपने जैसी जातिवादी और पूंजीवादी सोच रखने वाली पार्टियों के साथ गठबंधन करके फिर से सत्ता में आने की सोच रही है। सभी विपक्षी दलों की सोच एक जैसी है, यही कारण है कि बीएसपी ने इनसे दूरी बनाई है। मायावती ने कहा कि केंद्र की सरकार में बीजेपी और कांग्रेस रही हैं। दोनों की सोच गरीब और वंचितों के लिए एक जैसी है। जमीनी हकीकत में उन्होंने कभी कोई ठोस काम नहीं किया। जब ऐसे लोग सत्ता से बाहर हो जाते हैं, तो वोट लेने के लिए बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। इसलिए बसपा अकेले ही दलित और वंचितों के लिए काम कर रही है। अगर बसपा केंद्र की सत्ता में नहीं आती है तो भी दलित और अल्पसंख्यक समाज के लिए काम करती रहेगी। मायावती ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर संसद सत्र में जवाबदेही का भी इंतजार रहेगा। देश हित से जुड़े इन मामलों का लगातार जटिल बने रहना बहुत ही दुखद है। इसका निदान निकालना बहुत ही जरूरी है। अब लोकसभा चुनाव से पहले संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष का टकराव से बेहतर विकल्प निकालना चाहिए। दिल्ली में एनडीए ने आम चुनाव से पहले सियासी पिक्चर का ट्रेलर पेश किया। वहीं बेंगलुरु में विपक्षी दलों ने आईएनडीआईए नाम के साथ नया श्री गणेश किया। एक तरफ41 दल थे, तो दूसरी तरफ 26 दल थे।



# यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवक को पीटने वाले दोनों सिपाही सस्पेंड

**घटना**

- कुछ सिपाही ओला टैक्सी चालक को पीट रहे थे तो विनीत से रहा न गया तो उसने किया था विरोध

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

लखनऊ के बारा बिरवा चौराहे पर युवक को पीटने वाले दो सिपाहियों को डीसीपी पश्चिमी राहुल राज ने सस्पेंड कर दिया है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद किसी की राहुल राज में पुलिसकर्मियों और पीड़ित के सामने बयान दर्ज कराया। बयान दर्ज होने के बाद डीसीपी ने दोनों सिपाहियों को सस्पेंड कर पूरे मामले की जांच एडीसीपी को सौंपी है। डीसीपी राहुल राज ने बताया कि मानक नगर के बारा बिरवा स्थित दो पुलिसकर्मियों के द्वारा विनीत सिंह नाम के युवक की पिटाई की गई थी। इस मामले में जांच की गई और हेड कांस्टेबल गजेंद्र सिंह और कांस्टेबल अनमोल मिश्रा को सस्पेंड कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच एडीसीपी को सौंपी गई है। आईएएस की तैयारी कर रहे विनीत सिंह को पुलिस स्मैक तस्कर बताकर जेल भेज चुकी होती। विनीत सिंह ने बताया कि मानक नगर पुलिस बर्बरता की यह घटना बाराबिरवा चौराहे की है। वहां कुछ सिपाही ओला टैक्सी चालक को पीट रहे थे। विनीत से रहा न गया तो उसने विरोध किया। फिर क्या था सिपाही विनीत पर टूट पड़े। पहले उसे चौराहे पर पीटा, फिर ई-रिक्शे पर लादकर रेल पटरियों के किनारे ले जाकर वहां लाठियां बरसाई। मोबाइल तोड़ दिया। गांजा और स्मैक की पुड़िया की बरामदगी दिखाकर जेल भेजने की बात कह थाने ले गए।

# 25 हजार निजी व प्राइवेट गाड़ियों के टैक्स नहीं हुए जमा

**टैक्स छूट**

- 20 साल पुराने निजी और प्राइवेट वाहनों को स्क्रैप में जाने के बाद 75 फीसदी तक छूट होगा माफ

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

पुरानी गाड़ियों के मालिकों से टैक्स निकालने के लिए परिवहन विभाग ने स्क्रैपिंग नीति के तहत बड़ी छूट देने का ऐलान किया है।

जिसमें टैक्स में 75 फीसदी तक की छूट मिल सकती है। मौजूदा समय निजी और प्राइवेट गाड़ियों को मिलाकर करीब 25 हजार गाड़ियां ऐसी है जिनका टैक्स नहीं जमा है। इसमें ज्यादातर गाड़ियां 15 या 20 साल पुरानी है। छूट के अनुसार 20 साल पुराने व्यावसायिक और प्राइवेट



वाहनों के स्क्रैप कराने में टैक्स में 75 फीसदी तक की छूट मिलेगी। नए नियम में 15 से 20 साल के बीच पुराने गाड़ियों पर 50 फीसदी और 20 साल से ज्यादा पुरानी गाड़ियों पर 75 फीसदी की छूट देने का प्रावधान किय गया है। यहां तक स्क्रैपिंग के बाद अगर नई निजी वाहन खरीदा जाता है तो उसमें रोड टैक्स में भी 15 फीसदी और कॉमर्शियल वाहन लेने पर 10 फीसदी की छूट मिलेगी। बताया जा रहा है कि लखनऊ में ही 25 हजार गाड़ियों को मिलाकार करीब करोड़ों रुपए का बकाया है। बार-बार नोटिस भेजे जाने के बाद भी वाहन स्वामी टैक्स जमा नहीं करते है।

## वृक्षारोपण कर हुआ काव्यांजलि का कार्यक्रम

**लखनऊ।** बुधवार, कुर्सी रोड स्थित यशोराज ट्रस्ट के तत्वधान में आइडियल डिग्री कॉलेज के प्रांगण में यशोराज ट्रस्ट के संस्थापक स्व. राजकुमार गुप्त के जन्मदिन के अवसर पर आम, पीपल, नीम, बरगत के वृक्षों का रोपण महाविद्यालय प्रबंधक माया आनंद, ममता शुक्ला, पूजा गुप्ता, सुमित, ऋषभ गुप्ता ने किया। प्रबंधक माया आनंद ने बताया कि स्व राजकुमार गुप्त पर्यावरण प्रेमी होने के साथ ही साहित्य में रुचि रखते थे उनकी प्रेरणा से पांच सौ वृक्षों को आइडियल डिग्री कॉलेज के आस पास लगाने के साथ वितरण करने का काम किया जाएगा।

स्व. राज कुमार गुप्त जन्मदिन के अवसर पर काव्यांजलि कार्यक्रम में अंबरीश अम्बर ने अपनी ओजस्वी कविताओं से सभी को मंत्र मुक्त कर दिया वही रायबरेली से हास्य कवि अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने सभी दर्शकों को हंसा हंसा कर सबको लोटपोट कर दिया।

# मारुति सुजुकी ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ से मिलाया हाथ

**समझौता**

- संयुक्त रूप से पेश करेंगे ऑटोमोबाइल रिटेल मैनेजमेंट में बी.कॉम की डिग्री

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

ऑटोमोबाइल रिटेल के क्षेत्र में उपलब्ध कौशल प्रशिक्षण के दायरे का विस्तार करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस संबंध में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के तहत, एक व्यापक तीन-वर्षीय उद्योग-उन्मुख कार्यक्रम के माध्यम से ऑटोमोबाइल रिटेल मैनेजमेंट के क्षेत्र में बी.कॉम की डिग्री प्रदान करने के लिए कंपनी और संस्थान मिलकर सहयोग करेंगे। छात्रों को एक साल के थ्योरिटिकल ट्रेनिंग के बाद दो साल की ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के साथ समग्र प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। पाठ्यक्रम को ऑटोमोबाइल उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार मारुति सुजुकी और इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से




तैयार किया गया है, और यह यूजीसी की गाइडलाइंस के अनुरूप है।

विस्तृत थ्योरिटिकल ज्ञान के अलावा, लखनऊ में मारुति सुजुकी की डीलरशिप्स पर प्रदान की गई ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग इन छात्रों को वास्तविक परिस्थिति में काम करने का अनुभव प्राप्त करने में मदद करेगी। यह ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग उन्हें रोजगार के लिए तैयार करेगी। मॉडल के तहत, छात्रों को दो साल के ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग की अवधि के दौरान स्टाइपेंड भी दिया जाएगा। एक बार जब छात्र पाठ्यक्रम पूरा कर लेते हैं, तो कंपनी उनके योग्यता के आधार पर उन्हें मारुति सुजुकी डीलरशिप पर नियुक्ति में मदद करेगी।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, 30वाँ (वि0/यॉ0) वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांक:-2309/36 सीबी-30/ 2023 दिनांक:-14-07-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना (ई-टेण्डरिंग)**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा स्वीकृति की प्रत्याशा में निम्न तालिका में अंकित कार्य हेतु मदवार ऑन-लाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 25.07.2023 से 31.07.2023 तक की अपरान्ह 12.00 बजे तक ही आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक 31.07.2023 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में टेक्नीकल बिड एवं फाईनेन्शियल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नवत है-

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य मय जी.एस.टी. सहित | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | विधान भवन स्थित बहुखण्डीय भवन,सचिवायलय स्थित केन्द्रीय वातानुकूलन संयंत्र के कूलिंग टावरों के बदलाव का कार्य। | 56.140 लाख | 4.81 लाख | 03 माह | 2354.00 | ले.नि.वि. में विद्युत कार्यों हेतु ए श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार तथा सामान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखते हो अथवा संयंत्रों के मूल निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेता ही निविदा के पात्र होंगे। |

निविदाओं को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण, शर्तें एवं बिडिंग डॉक्यूमेन्ट्स दिनांक 31.07.2023 के अपरान्ह 12.00 बजे तक ऑनलाइन प्राप्त किये जा सकते हैं। पात्र निविदादाता अपने बिड को दिनांक 31.07.2023 अपरान्ह 12.00 बजे तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर सकते हैं।

www.upgov.nic.in,
Upid-192294 Date-18-07-2023

अधीक्षण अभियन्ता
30वाँ (वि0/यॉ0) वृत्त,
लो0नि0वि0, लखनऊ

# टॉप एजुकेशनल ग्रुप के प्रमुखों से मिले योगी

## यूपी में इनवेस्टमेंट के लिए किया आमंत्रित, सभी जिलों में यूनिवर्सिटी खोलने पर फोकस



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

यूपी में बहुत जल्द देश के टॉप निजी विश्वविद्यालय कैंपस खोलने जा रहे हैं। बुधवार को सीएम योगी ने निजी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थान समूह के साथ बैठक में प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रण दिया है। बैठक में सीएम ने कहा कि शिक्षा में किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता। यह देश और समाज का भविष्य संवारने का माध्यम है। उत्तर प्रदेश जैसी युवा आबादी वाले राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं। निजी क्षेत्र को इसका लाभ उठाना चाहिए।जिन जिलों में अब तक विश्वविद्यालय नही खुले हैं वहां स्थापना करने वाले संस्थानों को सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी।दक्षिण भारत और मध्य भारत के प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के कुलाधिपतिगणों, कुलपति गणों, प्रतिकुलपतिगणों, निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों व अन्य प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के आध्यत्मिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। पुरातन काल से यह प्रदेश, शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है। काशी इसका सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। काशी, अयोध्या, मथुरा संस्कृति और सभ्यता के प्राचीन नगर रहे हैं। हालांकि बीते दशकों में शिक्षा के प्रति विमुखता का भाव देखा गया। किंतु आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में शिक्षा के प्रति एक सकारात्मक भाव जागृत हुआ है। आज प्रदेश में इंफ्रस्ट्रक्चर डेवलपमेंट और इंटर स्टेट कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। 2017 से पूर्व प्रदेश में 12 मेडिकल कॉलेज थे, विगत 06 वर्षों के प्रयास के बाद आज 45 जिलों में सरकारी मेडिकल कालेज संचालित हैं, जबकि 16 निर्माणाधीन हैं और पीपीपी मोड पर 16 और मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो रही है। आज प्रदेश में 22 राज्य व 03 केंद्रीय विश्वविद्यालय संचालित हैं, 03 राज्य विश्वविद्यालय निर्माणाधीन हैं जबकि 36 निजी विश्वविद्यालय, 02 एम्स, 02 आईआईटी व आईआईएम संचालित हैं। 2000 से अधिक पॉलिटेक्निक व वोकेशनल इंस्टिट्यूट भी संचालित हैं, इनकी लंबी श्रृंखला है, जो यहां के शैक्षिक परिदृश्य को मजबूत बनाते है। बावजूद इसके, अभी बहुत से जनपद ऐसे हैं, जहां कोई विश्वविद्यालय क्रियाशील नहीं हैं। सीएम योगी ने कहां कि स्थानीय युवाओं की आकांक्षा को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहित करते हुए एक नई नीति लागू की, जिसके आशातीत परिणाम मिले हैं। अभी हाल में शाहजहांपुर, बागपत और चित्रकूट जनपद के शिक्षण संस्थानों ने अपनी रुचि दर्शायी है। उत्तर प्रदेश ने उत्कृष्ट विश्वविद्यालयों की दिशा में प्रयासरत है। निजी क्षेत्र में अनेक शैक्षिक संस्थानों ने उत्कृष्टता का मानक स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश, इनके अनुभवों का लाभ प्रदेश के युवाओं को दिलाने के लिए तत्पर हैं। निजी क्षेत्र के लिए संभावनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोगों के लिए यह आश्चर्यजनक हो सकता है।

### घोसी विधानसभा सीट पर होगा उपचुनाव

# सपा व भाजपा फिर होंगी आमने-सामने

**मुसीबत**

- लोकसभा चुनाव से पहले उनका सपा को छोड़ना अखिलेश यादव के लिए झटका
- 15वीं लोकसभा में बसपा के लिए घोसी सीट का किया था प्रतिनिधित्व




**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

समाजवादी पार्टी से विधानसभा सदस्यता छोड़कर हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए दारा सिंह चौहान की घोसी सीट रिक्त घोषित हो गईहै। प्रदेश विधानसभा के अधिकारी ने बताया कि पिछले दिनों भाजपा में शामिल हुए सपा विधायक दारा सिंह चौहान की घोसी विधानसभा सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। चौहान का इस्तीफा स्वीकार होने के बाद घोसी सीट 17 जुलाई से रिक्त घोषित हो गई है। यूपी के मऊ जिले की घोसी क्षेत्र सेसमाजवादी पार्टी के विधायक रहे दारासिंह चौहान बीजेपी में शामिल हो गए , जिसके बाद शनिवार को उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। श्री चौहान पिछले साल 12 जनवरी को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राज्य की भाजपा सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद सपा में शामिल हो गए थे। दारा सिंह चौहान योगी सरकार में पर्यावरण एवं वन मंत्री थे लेकिन डेढ़ साल के अंदर ही उनकी फिर से बीजेपी में एंट्री हो गई है। दारा सिंह चौहान एक बार फिर लखनऊ स्थित मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले उनका सपा को छोड़ना अखिलेश यादव के लिए झटका है। चौहान ने 2017 से 2022 तक मऊ जिले के मधुबन विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 15वीं लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के लिए घोसी सीट का प्रतिनिधित्व किया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में दारा सिंह चौहान को भाजपा उम्मीदवार हरिनारायण राजभर ने 1.4 लाख से ज्यादा वोटों से हराया था। चौहान 2015 में भाजपा में शामिल हुए थे और उन्हें पार्टी के ओबीसी मोर्चा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और मधुबन विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया था।

## कमिश्नर वेट ने चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के लम्बित प्रकरण की रिपोर्ट मांगी

**लखनऊ।** वाणिज्य कर आयुक्त मिनिस्ती एस. ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से लम्बित समस्याओं के लम्बित प्रकरणों और उनके निस्तारण सम्बंधी जानकारी के लिए समस्त जोनल अपर आयुक्त राज्य कर को पत्र लिखा है। संघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश यादव द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लग्बित समस्याओं के सम्बंध में कमिश्नर से मुलाकात के बाद दिए गए पत्र पर कमिश्नर ने तत्काल कार्रवाई कर रिपोर्ट तलब की है। महामंत्री ने अवगत कराया कि कमिश्नर स्तर पर चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों की कोई मांग लम्बित नही रहती लेकिन जिले स्तर पर अधिकारी चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों को परेशान करते है। उन्होंने कहा कि विभाग में चतुर्थ श्रेणी के काफी पद रिक्त है। इसके लिए भर्ती की मांग के प्रतिवेदन प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा।

### एक महीने में 100 से ज्यादा अवैध निर्माण किए गए सील

# एलडीए ने निराला नगर में अतिक्रमण को हटाया

**अतिक्रमण**

- एक्सईएन ने बताया कि कुतुबपुर इरादतनगर में स्थित प्राधिकरण के नियोजित भूखण्ड संख्या-डीएस-1 बी पर अवैध कब्जा था




**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को निराला नगर से अवैध कब्जा हटाया। यहां आवंटी की जमीन पर कुछ लोगों ने टीनशेड डालकर कामर्शियल काम कराना शुरू कर दिया था। इसको लेकर काफी समय से शिकायत हो रही थी।

उसके बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान सभी प्रकार के अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए भूखण्ड के आवंटी को मौके पर कब्जा प्राप्त कराया गया। एक्सईएन राजकुमार ने बताया कि कुतुबपुर इरादतनगर (निराला नगर) में स्थित प्राधिकरण के नियोजित भूखण्ड संख्या-डीएस-1 बी पर कुछ लोगों का अवैध कब्जा था।

इन अवैध कब्जेदारों द्वारा भूखण्ड पर झुग्गी-झोपड़ी व टीन शेड डालकर निवास करने के साथ ही व्यवसायिक उपयोग भी किया जा रहा था। भूखण्ड के आवंटी द्वारा इस सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिए जाने पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉक्टर इन्द्रमणि त्रिपाठी ने इस प्रकरण में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध कब्जेदारों को स्थल से हटाकर अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया तथा आवंटी को मौके पर ही भूखण्ड का कब्जा प्राप्त कराया गया।

लखनऊ विकास प्राधिकरण लगातार अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चला रहा है। पिछले एक महीने में करीब 100 से ज्यादा अवैध निर्माण एलडीए की तरफसे सील किया गया है। इसमें अवैध प्लाटिंग से लेकर निर्माण शामिल है। सबसे ज्यादा अभियान पीजीआई, सुल्तानपुर रोड, गोमती नगर विस्तार और बाकी इलाकों में चलाया गया है।

## गोपाल दास नीरज की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम

**लखनऊ।** हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के पूर्व संरक्षक पद्मभूषण महाकवि स्व. डॉ. गोपाल दास नीरज की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रामायण पार्क, सेक्टर 25, इंदिरा नगर, लखनऊ मे संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल, सेक्टर 25 के निवासीगणों श्रीमती आशा सिंह, के पी शर्मा, एन एल खरे, श्याम बिहारी, प्रमोद श्रीवास्तव, प्रभा श्रीवास्तव तथा ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने नीरज जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी, कार्यक्रम में नीरज जी को याद करते हुए उनके लिखे हुए गीतों का प्रसारण किया गया।

# लखनऊ से वाराणसी वायु सेवा के लिए जताया आभार

**सेवा**

- पर्यटकों का बढ़ेगा आवागमन और कारोबार: जयवीर



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

यूपी के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ से वाराणसी तक सीधे उड़ान संचालन कराने के लिए केंद्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया के प्रति आभार जताया है। सिंधिया जी को सम्बोधित पत्र में पर्यटन मंत्री ने कहा है कि लखनऊ से वाराणसी तक सीधी उड़ान सेवा शुरू कराने से पर्यटकों, श्रद्धालुओं तथा यात्रियों को आवागमन में अत्यन्त सुविधा प्राप्त हुई है। उन्होंने सिंधिया के सराहनीय प्रयास के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने पीएम नरेन्द्र मोदी तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी से भी लखनऊ से वाराणसी तक सीधे हवाई सेवा शुरू कराने के लिए अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जी किशन रेड्डी ने सिंधिया से लखनऊ से वाराणसी तक सीधी सेवा शुरू करने के लिए सकारात्मक निर्णय लिये जाने का अनुरोध किया था। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया, सांस्कृतिक एवं धार्मिक नगरी वाराणसी से लखनऊ देशी-विदेशी पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का वर्षभर आना जाना लगा रहता है।

## एक करोड़ रिक्त पदों को भरने के लिए सितंबर-अक्टूबर में होगी युवा महापंचायतें

**लखनऊ।** बीते 15 जुलाई को कांस्टीट्यूशन क्लब नई दिल्ली में संयुक्त युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन और 16-17 जुलाई को दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में रोजगार अधिकार कानून बनाने और एक करोड़ रिक्त पदों को भरने को लेकर देश भर में सितंबर-अक्टूबर महीने में युवा महापंचायतें आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश में लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी समेत प्रमुख शहरों में युवा पंचायतें होंगी। इसकी जानकारी युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने दी। संयुक्त युवा मोर्चा के पारित प्रस्ताव में रोजगार अधिकार कानून बनाने, एक करोड़ रिक्त पदों को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध भरने, आउटसोर्सिंग व संविदा व्यवस्था खत्म करने और रेलवे, पोर्ट, बैंकिंग, बीमा, बिजली-कोयला, शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निजीकरण पर रोक लगाने जैसे सवालों को हल करने की मांग की गई है।

# महापौर ने वृक्षारोपण अभियान का किया शुभारम्भ

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा लखनऊ में दो अलग अलग स्थानों पर आयोजित हुए वृक्षारोपण अभियानों में जाकर पौध रोपित किये गए। लखनऊ के आम जनो व तमाम संस्थाओ के द्वारा बढ़ चढ़ कर वृक्षारोपण अभियानों को आयोजित करने के पीछे का अहम कारण मा. महापौर के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा इस ओर जागरूकता का प्रसार एवं अन्य प्रयास करना है, जिससे कि प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान को एक पर्व की भांति मना कर सफल बनाया जा सके। आज सर्वप्रथम पृथ्वी इनोवेशन एवं राम मंदिर समिति के द्वारा आयोजित पृथ्वी उत्सव समारोहश् का शुभारंभ महापौर के द्वारा किया गया। उक्त आयोजन में हरित आवरण को संरक्षित एवं विकसित करने वाले तमाम प्रजातियों के पौधों को मा. महापौर एवं आयोजन में शामिल अन्य गणमान्य लोगों द्वारा रोपित किया गया। साथ ही एक लघु उद्यान,वन की स्थापना भी यहां पर की गयी। पर्यावरण को समर्पित इस कार्यक्रम में जैविक खाद, कचरा प्रबंधन, वृक्षारोपण एवं अन्य पर्यावरण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारीयां तमाम गतिविधियों के माध्यम से दी गई।

रोपित किये गए वृक्षो में मुख्य रूप से हरिशंक रीय पौधे(पीपल, बरगद व पाकड़) सहित अन्य तमाम प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। आयोजन में महापौर द्वारा रोपित किये गए पौधे पर उनके व पौधे के नाम का पोस्टर भी चस्पा किया गया। साथ ही आयोजन में आये छात्र छात्राओं एवं बड़े व वृद्ध लोगों को हरित आवरण एवं पौधों व वृक्षों से होने वाले फायदों की विधिवत जानकारी से अवगत कराया गया और अधिक से अधिक पौध रोपित करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त आयोजन की समाप्ति के पश्चात मा. महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने परिवर्तन संस्था व आम युवा बेरोजगार किसान विकास समिति (आम समिति) द्वारा सेव अर्थ मिशन के तहत पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ अभियान के तहत न्यू लक्ष्मण मेला मैदान लखनऊ में रुद्राभिषेक वृक्षारोपण के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को वृक्षारोपण अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया। जहां उनके द्वारा एक नीम का वृक्ष लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजन में मा. महापौर जी के द्वारा लोगो को वृक्षारोपण के साथ ही स्वच्छता, जीरो वेस्ट मैनेजमेंट, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने इत्यादि के प्रति भी जागरूकता का प्रसार किया गया।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने दी मानसरोवर कॉलोनी में सोलर लाइट की सौगात

**कार्यक्रम**

- विधायक ने कराई दो हजार निराश्रित व असहाय लोगों की खाने की व्यवस्था


**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

डॉ. राजेश्वर सिंह ने बुधवार को आशियाना के सेक्टर-ओ स्थित मानसरोवर कॉलोनी में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में एक बार फिर सरोजनीनगर को आदर्श विधानसभा बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कॉलोनी के सभी पार्कों में सोलर लाइट लगवाने तथा एक पार्क में ओपन एयर जिम स्थापित करवाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर सिंह का भव्य स्वागत हुआ। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कॉलोनी के लोगों द्वारा प्राप्त सड़क निर्माण, पानी की टंकी, हाईमास्ट, पाइप लाइन के निर्माण जैसे अन्य सुझावों पर भी कार्ययोजना तैयार करने के लिए भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में मोदी-योगी के नेतृत्व वाली केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा चलाई जा रही लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा तथा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा सरोजनीनगर में कराए जा रहे सभी विकास कार्यों की खूब चर्चा हुई खासकर तारा शक्ति निःशुल्क रसोई की जिसमें 2,000 से अधिक निराश्रित व असहाय लोगों की खाने की व्यवस्था डॉ. राजेश्वर सिंह विधायक द्वारा कराई गई है।

बुधवार को सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने आशियाना आवास सरोजनीनगर ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों (बीडीसी) संग बैठक कर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों पर रणनीति बनाई।

# अटल आवासीय विद्यालय के संचालन के संबंध में मंडलायुक्त ने की बैठक

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में अटल आवासीय विद्यालय के संचालन से संबंधित सामग्रियों का क्रय (मंडल स्तरीय अनुश्रवण समिति) के माध्यम से वित्तीय नियमों के अंतर्गत किए जाने हेतु महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय कक्ष में किया गया। बैठक में मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारीगणों को निर्देशित करते हुए कहा अटल आवासीय विद्यालय मोहनलालगंज का संचालन 10 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा।

जिसके संबंध में संबंधित अधिकारीगण पूर्व में समस्त व्यवस्थाएं कराया जाना सुनिश्चित कर ले। उन्होंने विद्यालय में फर्नीचर, ब्रॉड बैंड, पुस्तक क्रय सामग्रियों की उपलब्धता समय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा क्रय की जा रही सामग्रियों में क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाए जिसमें किसी प्रकार गुणवत्ता की कमी न होने पाए। बैठक के दौरान अटल आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा मंडलायुक्त को अवगत कराया गया कि 1 अगस्त से विद्यालय में समस्त अध्यापकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो जाएगी। स्टॉफ के भोजन के लिए कैंटीन का संचालन अभी प्रारंभ नहीं हुआ है। जिस पर मंडलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि अस्थाई रूप से स्टॉफ कैंटीन का संचालन करा लिया जाए। मंडलायुक्त ने अटल आवासीय विद्यालय में वृक्षारोपण को लेकर डीएफओ को निर्देशित किया। अटल आवासीय विद्यालय में पेड़-पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए एवं समय विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कराया जाना सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने डीएफओ को निर्देशित किया विद्यालय प्रांगण में सहजन, जामुन, सलीफा फलदार वृक्ष व छायादार वृक्ष में गुलमोहर, कदम के पौधों को प्रांगण में लगाया जाना सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय प्रांगण के बाउंड्री के किनारे फूलदार पेड़-पौधे लगवाया जाए व वृक्षारोपण के लिए पूर्व से स्थान चिन्हित करते हुए पौधे लगाने के निर्देश दिए जिससे विद्यालय प्रांगण हरा भरा रहे एवं वातावरण के अनुकूल रहे। इस अवसर पर बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष इंद्र मणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रिया केजरीवाल सहित विद्यालय के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ईवी क्रेताओं को पंजीयन शुल्क एवं मार्गकर से मिलेगी मुक्ति

**छूट**

- थ्री व्हीलर इलेक्ट्रिक वाहन के क्रय पर सब्सिडी की सुविधा अनुमन्य नहीं है : परिवहन मंत्री



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विर्निर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 के अन्तर्गत इलेक्ट्रानिक वाहन क्रेताओं को पंजीकरण शुल्क एवं मार्गकर से छूट तथा क्रय सब्सिडी प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि 14 अक्टूबर 2022 से 03 वर्ष से भीतर उत्तर प्रदेश राज्य में क्रय एवं पंजीकृत किये गये इलेक्ट्रिक वाहनों ईवी के क्रय एवं पंजीकरण पर 100 प्रतिशत की दर से छूट दिये जाने का प्राविधान है, जबकि चौथे और पांचवें वर्ष में उन ईवी वाहनों पर 100 प्रतिशत की दर से छूट प्रदान किये जाने की व्यवस्था है जिनका विर्निर्माण उत्तर प्रदेश में किया गया हो। नये प्राविधानों के तहत यह छूट पंजीयन के समय डीलर प्वाइंट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से डीलर प्वाइंट पर इलेक्ट्रानिक वाहन क्रेताओ को प्रदान की जा रही है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रानिक वाहनों के क्रेताओं को क्रय सब्सिडी की सुविधा प्रदान किये जाने के लिए वेब पोर्टल ''उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन क्रय सब्सिडी पोर्टल'' विकसित किया गया है जिसका लिंक है। इस पोर्टल को आज से लाइव कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नये प्राविधानों के तहत यह क्रय सब्सिडी केवल एक ही टू व्हीलर या फोर व्हीलर या ई बस या ई गुड्स कैरियर के क्रय पर प्रदान की जायेगी। एग्रीग्रेटर्स, फ्लीट आपरेटर क्रेताओं को यह क्रय सब्सिडी अधिकत दस टू व्हीलर या फोर व्हीलर के क्रय पर तथा अधिकतम 5 ई बस या ई गुड्स कैरियर के क्रय पर प्रदान की जायेगी।

# 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करेगा भारत

**चर्चा**

- उत्तर प्रदेश ऊर्जा उपभोग में देश का दूसरा बड़ा राज्य
- उत्तर प्रदेश स्टेट एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज तैयार



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के सभी प्रयास कर रहा है। इसको गति देने के लिए उत्तर प्रदेश स्टेट एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज तैयार किया गया है जिसके माध्यम से हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने के साथ ही एनर्जी ट्रांजीशन की ओर बढ़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने योजना भवन में विश्वआर्थिक मंच के पदाधिकारियों, स्टेक होल्डर्स के साथ आयोजित गोलमेज सम्मेलन में यह बात कही। श्री शर्मा उत्तर प्रदेश में सेन्टर फॉर द फोर्थ इन्डस्ट्रीयल रिवोल्यूशन यानि सी4आईआर की स्थापना के लिए आयोजित सम्मेलन में विश्व आर्थिक मंच के पदाधिकारियों से चर्चा के दौरान कहा कि सभी को सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल विद्युत उपलब्ध हो, इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं फिर भी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम से आग्रह है कि पश्चिमी देशों के कौशल, ज्ञान एवं तकनीकी प्रयोग को उपलब्ध कराने का भी प्रयास करें जिससे कि नवीकरणीय ऊर्जा को और सस्ता एवं सुलभ बनाया जा सके।

उन्होंने इन्टरनेशनल सोलर एलाएंस की नई तकनीकी प्रयोग को सौर ऊर्जा में बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ऊर्जा उपभोग में देश का दूसरा बड़ा राज्य है। विगत वर्षों में 1.50 करोड़ परिवारों को विद्युत कनेक्शन दिये गये हैं। प्रदेश में 2030 तक 40 गीगावाट विद्युत उत्पादन लक्ष्य है। विद्युत वितरण क्षेत्र के इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने के लिए 56 हजार करोड़ रूपये खर्च किये जाएंगे। बुन्देलखण्ड में 4000 मेगावाट का ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर बनाया जा रहा है। अतिरिक्त ऊर्जा से फरवरी 2028 तक में 22 गीगावाट एनर्जी पैदा की जा सकेगी। प्रदेश में एनर्जी स्टोरेज प्रोजेक्ट को बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में कार्य के लिए नई नीति बनायी जायेगी जिससे भविष्य में क्लीन एनर्जी और सस्टेनेबल ग्रोथ को हासिल किया जा सके। प्रदेश सरकार का वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रदेश में निवेश बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं।सम्मेलन में राज्य मंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा डॉ. सोमेन्द्र तोमर, यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज, प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, प्रबंध निदेशक उत्पादन एवं पारेषण पी गुरूप्रसाद, इन्वेस्ट यूपी के एससीईओ प्रथमेश कुमार, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएन्सी के सचिव मिलिन्द देवरे, डब्ल्यूईएफ के पदाधिकारी हर्ष विजय सिंह, रावर्टो वोका व देवमाल्या सेन, एनटीपीसी के ईडी प्रवीन सक्सेना सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मौसम में बदलाव के चलते अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

**लखनऊ।** बारिश के कारण बड़ी संख्या में मरीज संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे हैं। इसका असर अस्पतालों में भारी भीड़ के रूप में देखा जा रहा हैं। लखनऊ के ज्यादातर बड़े अस्पतालों में बुधवार को मरीजों और तीमारदारों की भीड़ उमड़ी। इनमें सबसे ज्यादा मरीज फिजिशियन डॉक्टर के चौम्बर के बाहर दिखे। इसके अलावा बाल रोग विशेषज्ञ और त्वचा रोग विशेषज्ञ के कमरे के बाहर भी लंबी कतारें देखने को मिली। बलरामपुर अस्पताल के अलावा सिविल अस्पताल और लोकबंधु अस्पताल में भी कुछ ऐसे ही हालात रहे। जिला अस्पताल, बलरामपुर अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की लाइन लगनी शुरू हो गई। बड़ी संख्या में मरीज ओपीडी रजिस्ट्रेशन के अलावा दवा काउंटर पर भी दिखें। ज्यादातर मरीजों को पेट से जुड़ी समस्या रही। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि अस्पतालों की ओपीडी में हेपेटाइटिस-ए, पीलिया, लिवर में सूजन, टाइफाइड और गैस्ट्रोएंट्राइटिस के 500 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं।

# ट्रूकॉलर ने भारत में लॉन्च किया एआई-पावर्ड असिस्टेन्ट

**लांच**

- आपके कॉल्स को स्क्रीन करेगा, स्पैमर्स को फिल्टर करेगा और आपको बताएगा कि आपको कौन एवं क्यों कॉल कर रहा है



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

दुनिया के प्रमुख ग्लोबल कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म ट्रूकॉलर ने भारत में ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट का लॉन्च किया है। यह असिस्टेन्ट ऐसा इनोवेशन है जो मशीन लर्निंग और क्लाउड टेलीफोनी के द्वारा सबसे उपयोगी कॉल-स्क्रीनिंग समाधान उपलब्ध कराता है।

ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट एक कस्टमाइज़ेबल, इंटरैक्टिव और डिजिटल फीचर है जो आपके लिए कॉल्स के जवाब देता है और इसकी मदद से आप अनचाहे कॉलर का फोन सुनने से बच सकते हैं। कॉलर क्या कह रहा है आप उसका लाईव ट्रांसक्रिप्शन स्क्रीन पर देख सकते हैं और जान सकते हैं कि कॉलर कौन है और वह आपको क्यों कॉल कर रहा है। इसके बाद आप यह फैसला ले सकते हैं कि आपको यह फोन सुनना है या नहीं, आप एक टैप के साथ कॉलर से अधिक जानकारी ले सकते हैं या चाहें तो इसे स्पैम मार्क कर सकते हैं। अब तक ट्रूकॉलर आपको दिखाता था कि आपको कौन फोन कर रहा है, लेकिन अब आपकी ओर से आपका ट्रूकॉलर असिस्टेन्ट कॉलर के साथ बातचीत शुरू कर सकता है।'' ट्रूकॉलर में भारत के मैनेजिंग डायरेक्टर, रिशित झुनझुनवाला ने बताया। ''यह बेहद महत्वपूर्ण कदम है, इसकी मदद से लोग स्पैम और फ्रॉड कॉलर्स से बच सकेंगे। इस फीचर को हम पहले से कई बाज़ारों में पेश कर चुके हैं, हमें खुशी है कि अब हम भारत में ट्रूकॉलर के प्रशंसकों के लिए यह सर्विस उपलब्ध कराने जा रहे हैं।

# थाना जरवलरोड का प्रभारी मंत्री ने किया औचक निरीक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

▸ प्रभारी मंत्री ने की पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी के कार्यों की तारीफ

प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने थाना जरवल रोड का औचक निरीक्षण किया। थाना का निरीक्षण करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने थाना से सम्बन्धित अभिलेखों, क्षेत्र की कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा कांवड यात्रा तथा मोहर्रम पर के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था के तहत की गई तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि भ्रमणशील रहते हुए सर्तकता बनाएं रहे।

थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि इसे और बेहतर बनाया जाय।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री में मौके पर मौजूद पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के साथ थाने में मौजूद व्यापारियों एवं फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए पुलिस विभाग के सम्बन्ध में फीड बैक प्राप्त करने पर सभी लोगों द्वारा पुलिस विशेषकर पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारी के कार्यशैली की



सराहना की गई। जिस प्रभारी मंत्री ने भी पुलिस कप्तान व थाना प्रभारी के कार्यों की तारीफ की। प्रभारी मंत्री ने पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं के निस्तारण को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि थाने पर आने वाले सभी व्यक्तियों विशेषकर निर्धन, असहायों एवं महिलाओं को त्वरित न्याया दिलाने की बात कही।

थाना के निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री डॉ. निषाद ने पुलिस कर्मियों से संवाद करते हुए उनकी हौसला अफज़ाई की।इस अवसर पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमेरिकन बिंद, मंत्री के जेष्ठ पुत्र राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित निषाद के अलावा भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता, व्यापारी रामू पोरवाल, प्रमोद गुप्ता, श्रीचंद जैन, विष्णु पोरवाल सहित अन्य व्यापारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

# नवागत पुलिस अधीक्षक की कार्यवाही ने सभी थानों के थानाध्यक्षों को दिया कड़ा संदेश

▸ घटने लगी है पुलिस ऑफिस से फरियादियों की भीड़

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल की सख्त कार्यवाही से जनपद के सभी थानाध्यक्षों में खौफ का माहौल व्याप्त हो गया है और जहां फरियादियों को थानों पर न्याय नहीं मिलने के कारण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर फरियादियों की भीड़ बढ़ती ही जा रही थी किंतु जैसे ही गोंडा के पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के चार्ज



संभालते ही नगर कोतवाल राकेश सिंह को भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण निलंबित कर दिया तो सभी थानाध्यक्षों के समझ में यह बात भली-भांति घर कर गई कि यदि हम फरियादी को न्याय नहीं दिला सके तो यह फरियादी पुलिस अधीक्षक के पास पहुंच जाएगा और फिर हमारे ऊपर भी गाज गिरना तय हो जाएगा इस कारण इधर जहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय से भीड़ घटने लगी है वही एक बार फिर थानों पर फरियादियों की भीड़ बढ़ने लगी है और उन फरियादियों को वहीं से इंसाफ भी मिलने लगा है।

## जीआरपी के हत्थे चढ़ा शातिर मोबाइल चोर



गोंडा, समृद्धि न्यूज।

राजकीय रेलवे पुलिस ने प्लेटफार्म और ट्रेनों में रेल यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले चोर को गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

जीआरपी थाना प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म पर चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म नंबर चार व पाँच

पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। टोकने पर उसने भागने का प्रयास किया। उसके पकड़ कर थाने लाए।उसने अपना नाम पवन कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय राघव राम गुप्ता निवासी ग्राम शुक्लपुरवा गिलौली बाजार थाना इटियाथोक जनपद गोंडा बताया कहाँ कि मै ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों के मोबाइल चोरी करता रहता हूँ, जिसे बाद में अन्जान यात्रियों को बेच देता हूँ। और बताया कि यात्रियों के मोबाइल चोरी करता है। चोरी किए मोबाइल को बेचने व पुनः चोरी के इरादे से वह स्टेशन पर आया था।कि जीआरपी रेलवे पुलिस ने पकड़ लिया और उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर पेश किया गया है।

## दबंगों ने विधवा की जमीन पर किया कब्जा

▸ पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

मामला थाना कोतवाली नगर के अंतर्गत मोहल्ला मेवतियान चुंगी नाका का है जहां की निवासिनी मुन्नी पत्नी स्वर्गीय हनीफ ने विपक्षी गुड्डू उर्फ हसन मोहम्मद पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद हाजी निवासी मोहल्ला इमामबाड़ा थाना कोतवाली नगर पर आरोप लगाते हुए अपने प्रार्थना पत्र में कहा कि उसके परिजनों की गैरमौजूदगी में विधवा बेसहारा के घर को ही इन दबंगों ने गिरा दिया और उसी जमीन पर निर्माण कराने के लिए ईंट, मोरंग, सीमेंट आदि गिरवा लिए इतना ही नहीं कुछ दिन पूर्व उक्त भूमि पर सीमेंट का ईंट लगाकर कब्जा बना रखे हैं जिस संबंध में पीड़िता ने जनपद के कई संबंधित



अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर लगाई थी न्याय की गुहार लेकिन राजनीतिक व पैसों वाला विपक्षी के आगे इस गरीब महिला पीड़ित का कौन सुनने वाला था। ऐसे में तत्कालीन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार पीड़िता का यह भी कहना है कि इससे पूर्व कयी प्रार्थना पत्र दिए थे मौके पर जांच अधिकारी गए लेकिन उनके पैसों की मांग पूरी न कर पाने के कारण हमारी कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ ऐसे में अब उम्मीदे सिर्फ तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल से ही है ।

# पराविधिक स्वयं सेवकों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

▸ तारा महिला इण्टर कालेज में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष उत्कर्ष चतुर्वेदी के कुशल निर्देशन में जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर हेतु एक वर्ष के लिये चयनित पराविधिक स्वयं सेवकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तारा महिला इण्टर कालेज में सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि द्वारा पराविधिक स्वयं सेवकों के उद्देश्य और भूमिका, नैतिकता, ड्रेस कोड और व्यवहार के मानक विषय पर प्रशिक्षित किया गया।

अधिवक्ता अमित खरे द्वारा संविधान की प्रस्तावना पाठ, मौलिक



अधिकारों (अनुच्छेद 14, 15, 16, 19, 21, 22 सहित) मौलिक कर्तव्यों, संविधान के तहत राज्य के दायित्व समाज के निम्न वर्ग के लोगों हेतु के बारे में बताया गया। मध्यस्थ अधिवक्ता अश्विनी कुमार मिश्रा द्वारा मध्यस्थता, राष्ट्रीय लोक अदालत की महत्ता तथा उसमे लगने वाले मामलों की प्रकृति, पारिवारिक कानूनों के साथ-साथ अतिरिक्त पराविधिक स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना-पत्रों की तैयारी के बारे में जानकारी प्रदान की गई। राज कुमार श्रीवास्वत द्वारा भारतीय आपराधिक कानून, एससी/एसटी एक्ट के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अधिवक्ता माधुरीलता मिश्रा द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके हितों के संरक्षण व संवर्धन हेतु बनाएं गये कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविका मौर्या द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना तथा राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। जबकि लेबर इन्फोर्समेंट आफिसर रिजवान खान द्वारा श्रम कानूनों से जुड़े मामलों तथा कानूनों को सुनिश्चित करना, किसी भी उल्लंघन की स्थिति में संबंधित कंपनी/कारखाने के विरूद्ध कार्रवाई करने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। इसके अतिरिक्त श्रम से संबंधित विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, उनसे प्राप्त होने वाले लाभ के बारे मे भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने नवप्रशिक्षित पराविधिक स्वयं सेवको के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे समाजिक कल्याण में निरन्तर प्रयास करते रहने हेतु प्रेरित किया।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत, मुकदमा दर्ज



**कटरा बाजार/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम शाहजोत के मजरा अचलपुर निवासी शिवशंकर की तहरीर पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक लालू व ट्रैक्टर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शिवशंकर ने तहरीर में कहा है कि उसका तीन वर्षीय नाती अभि राजपूत सड़क की पटरी पर पैदल आ रहा था। उसी दौरान ग्राम नकही निवासी लालू काफी तेज गति से ट्रैक्टर लेकर पहुंचा और अभी राजपूत के ऊपर चढ़ा दिया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार ने बताया कि अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

### ऐलीपरसौली घोड़हन पुरवा में बाढ़ से पूर्व तैयारियों के संबंध में कल होगा माकड्रिल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गोंडा के द्वारा कल 20 जुलाई, 2023 को सुबह 9: 00 बजे ऐलीपरसौली घोड़हन पुरवा में राज्य स्तरीय बाढ़ से पूर्व तैयारी हेतु माकड्रिल कराया जायेगा। जिसमें बाढ़ के दौरान विभागवार क्या-क्या भूमिका किस विभाग का है, उसको ध्यान में रखते हुए बाढ़ राहत एवं बचाव का माकड्रिल कराया जायेगा। इस माकड्रिल सभी संबंधित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर प्रतिभाग किया जायेगा।

### बाइक में टक्कर मारने वाले वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत ग्राम करूआ निवासी अयोध्या प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने स्कार्पियो वाहन व उसके चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। तहरीर में अयोध्या प्रसाद ने कहा है कि ग्राम करुआ निवासी अरुण कुमार के साथ वह डीजल लाने के लिए घर से निकला था। अभी वह मौर्यनगर चौराहे के पास पहुंचा था कि लखनऊ की तरफ से तेज गति से आ रही स्कार्पियो वाहन ने टक्कर मार दिया,जिससे अरुण गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी कर्नलगंज ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# तहसील महसी के लेखपालों से रूबरू हुई जिलाधिकारी

▸ लेखपालों को पढ़ाया कर्तव्य पालन का पाठ
▸ जनता दर्शन में आये प्रकरणों से सम्बन्धित लेखपालों से की वार्ता
▸ प्रकरणों का समय से निस्तारण करने के दिये निर्देश

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

अत्याधुनिक संचार तकनीक के सहारे ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का वीडियो कालिंग के माध्यम से जायज़ा लेने की अभिनव पहल करने वाली जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष से जूम मीटिंग के माध्यम से तहसील महसी



क्षेत्र में तैनात लेखपालों से रूबरू हुई। डीएम ने जूम मीटिंग के दौरान तहसील महसी के ग्राम लक्खा बौंड़ी व बौंडी फतेहउल्लापुर के लेखपाल दुर्गेश, सबलापुर की लेखपाल किरन यादव, जमलाजोत के लेखपाल अवनीश त्रिपाठी, मेथौरा व शंकरपुर, लक्ष्मणपुर के लेखपाल सुनील कुमार अवस्थी, रामापुर किधौली के लेखपाल चन्द्र प्रकाश पाण्डेय से जनता दर्शन में आये हुए प्रकरणों का समय से निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने लेखपालों को निर्देश दिया कि अपने-अपने ग्रामों में पूर्वान्ह 10 से मध्यान्ह 12 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर धारा 24 के निर्णित वादों में पैमाईश कराने के साथ-साथ अन्य न्यायालयों द्वारा दिये गये निर्णयों का भी अनुपालन सुनिश्चित करायें। लेखपालों को यह भी निर्देश दिये गये कि प्रत्येक ग्राम के लिए माइक्रों स्तर पर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। प्रत्येक कार्य के लिए प्राथमिकता का निर्धारण कर यह सुनिश्चित करें कि आप जिस ग्राम में हैं वहां के प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण हो जाय। डीएम ने लेखपालों को निर्देश दिया कि ग्रामों के आईजीआरएस से सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण में विशेष रूचि दिखाते हुए यह सुनश्चित करें कि सभी प्रकरण समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापरक निस्तारित हो जाएं। बैठक के दौरान डीएम ने तहसीलदार महसी पीयूष श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि तहसील के लेखपालों को जूम मीटिंग व वीडियो कालिंग के सम्बंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाय ताकि लेखपालों को जूम मीटिंग से जुड़ने में किसी प्रकार की समस्या न हो।



### विधायक प्रतिनिधि ने कम्प्यूटर सेंटर का किया उद्घाटन

▸ उपस्थित लोगों को वितरित किया पत्रक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र बिशेश्वरगंज अंतर्गत पुरैना बाजार में डीएमएस कम्प्यूटर कोचिंग क्लासेज का भव्य उद्घाटन बुधवार को विधायक प्रतिनिधि पयागपुर निशंक त्रिपाठी ने फीता काटकर किया । ग्रामीण क्षेत्र में कम्प्यूटर कोचिंग खुल जाने से क्षेत्र के लोंगो में खुशी की लहर दिखी । क्षेत्र के बच्चों को तकनीकी शिक्षा के लिए दूर जाना पड़ता था ,जिससे अब निजाद मिलेगी । उद्घाटन के पश्चात विधायक प्रतिनिधि ने महासंपर्क अभियान के तहत उपस्थित लोंगों को मोदी सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पत्रक वितरित कर मिस कॉल कराया। इस अवसर पर कोचिंग के प्रबंधक अपने सहयोगियों के साथ तथा जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, दीपक मिश्रा, दीपू पांडेय, सोनू उपाध्याय,सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## गहने से भरा पर्स लेकर फरार हुआ ई रिक्शा चालक

▸ पर्स में 5 हजार की नगदी और एक लाख के थे जेवरात

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

ससुराल से मायके जा रही महिला का ई रिक्शा चालक मंगलवार शाम को पर्स लेकर फरार हो गया। पर्स में पांच हजार रूपए नकदी और एक लाख के जेवरात थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रानीपुर थाना क्षेत्र के मुकाम माफी गांव निवासी संदीप कुमार मौर्या पत्नी शैलेंद्र कुमार मौर्या मंगलवार शाम को अपने मायके हरदी थाना क्षेत्र के नथुआपुर गांव के लिए घर से निकली। महिला ने हुजूरपुर बस स्टैंड से ई रिक्शा का सहारा लिया। कोतवाली देहात के पानी टंकी चौराहे पर शाम छह बजे महिला ई रिक्शा से उतरी। इसके बाद वह पर्स से किराया देने लगी। तभी ई रिक्शा चालक महिला का पर्स छीन कर वाहन से फरार हो गया। महिला शोर मचाते हुए रोने लगी। पास में ही स्थित रायपुर राजा चौकी के सिपाही मौके पर पहुंचे। सभी ने जांच की। महिला का कहना है कि पर्स में पांच हजार रूपए और एक लाख के जेवरात थे। कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जाएगी।

# रिसार्ट जैसी सुविधाओं से आच्छादित होंगे जिले के कम्युनिटी शेल्टर होम

▸ महिला सशक्तिकरण को समर्पित है मंझारा तौकली में निर्मित पिंक शेड
▸ बाढ़ के दौरान चैन के साथ रह सकेंगे पीड़ित परिवार
▸ सभी मूलभूत सुविधाओ से आच्छादित होंगे शेल्टर होम
▸ जनपद बहराइच में कम्युनिटी शेड का निर्माण

राहुल सोनी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** प्रत्येक वर्ष बाढ़ की विभीषिका का सामना करने वाले जनपद बहराइच के बलहा, मिहींपुरवा, शिवपुर, महसी, फखरपुर, कैसरगंज तथा जरवल ऐसे विकास खण्ड हैं जो बाढ़ के दौरान प्रभावित होते है जिससे इन ब्लाकों में निवास करने वाली लाखों की जनसंख्या पूरी तरह से अथवा आंशिक रूप से प्रभावित होती है। यूनीवर्स की गहराईयां नापने, चांद पर कदम रखने तथा मंगलग्रह पर रोबोटिक यान भेजने के बावजूद आज की विकसित तकनीक इतनी विकसित नहीं हो सकी है कि प्राकृतिक आपदाओं जैसे ग्लोबल वार्मिंग, बाढ़, सूखा व चक्रवात जैसी



### पीड़ित जन बिना बिखराव के एक इकाई परिवार व ग्राम के रूप में सुरक्षित ढंग से रह सकें : डीएम



बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने ग्रामवासियों के इस कर्ब को अत्यन्त गम्भीरता के साथ महसूस ही नहीं किया बल्कि बेहतर विकल्प के रूप में मनरेगा योजना के तहत कम्युनिटी शेल्टर व हॉट बाज़ारों का निर्माण करने तथा निर्मित स्थलों को सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित करने के फरमान जारी किये ताकि पीड़ित परिवारों को सामुदायिकता की कमी न अखरे और बाढ़ जैसी विपदा के समय भी पीड़ित जन बिना बिखराव के एक इकाई परिवार व ग्राम के रूप में सुरक्षित ढंग से रह सकें। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत ब्लाक बलहा में 07, कैसरगंज में 02, महसी में 03 तथा मिहींपुरवा में 03 अदद कम्युनिटी शेड तथा 02 स्थानों पर हाट बाज़ार के शेड, फखरपुर के मंझारा तौकली में 05 शेड जिसमें एक पिंक शेड महिलाओं के लिए एवं एक शेड पशुओं के लिए तथा विकास खण्ड शिवपुर की पांच ग्राम पंचायतों में भी कम्युनिटी शेड का निर्माण कराया गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बनाये गये कम्युनिटी शेड में स्वच्छ पेयजल व शौचालय की सुविधा कन्वर्जेंस के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। यहॉ पर ठहरने वाले परिवारों के लिए प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई तथा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में बैटरी से चलने वाले लालटेन भी उपलब्ध रहेगी। जिलाधिकारी के इस अभिनव प्रयास को बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए सराहनीय प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

विपदाओं के पैर में ज़ंजीर डाल सके। इन सबके बावजूद मौसम के बेहतर पूर्वानुमान, अर्ली वार्निंग अलार्म सिस्टम, सूचनाओं के बेहतर आदान-प्रदान, राहत एवं बचाव के लिए फुलप्रूफ कार्ययोजना, जनजागरूकता, प्रशिक्षण, त्वरित रेस्क्यू आपरेशन्स, यातायात के अच्छे संसाधनों, मार्गों के सुदृढ़ीकरण, संचारी रोगों के उपचार, एण्टीवेनम तथा जीवन रक्षक दवाओं एवं उपकरणों, लाईफ ब्वाय, बाढ़ से पूर्व पशुओं के उपचार एवं टीकाकरण, लाईफ जैकेट, नावों एवं मोटरों की पर्याप्त उपलब्धता, अथाह जलराशि के बीच रेस्क्यू के लिए प्रशिक्षित फ्लड पीएसी एव एनडीआरएफ की बटालियन तथा आपदा मित्र जैसे स्वयंसेवकों, सुरक्षित तटबन्धों, बाढ़ व कटान रोधी कार्यों, बाढ़ पीड़ितों एवं उनके पशुओं को बाढ़ राहत शिविर तक लाकर उन्हें भोजन के साथ चिकित्सा एवं मूलभूत सुविधाएं तथा बाढ़ के कारण हुई क्षति के लिए मुआवज़ा देकर बाढ़ से होने वाली को क्षति को न्यून से न्यूनतम कर पीड़ित जनों को राहत पहुंचाने का कार्य जिला प्रशासन बीते वर्षों से सफलतापूर्वक करता आ रहा है। यूनीवर्सल टूथ की तरह प्रत्येक वर्ष जिले को बाढ़ की चपेट में लेने वाली बाढ़ पीड़ित परिवारों को जानी व माली नुकसान तो पहुंचाती ही थी साथ ही तेजगामी जल धाराओं के साथ ग्रामवासियों की सामुदायिकता को भी बहा कर ले जाती थी। बाढ़ की यह चोट शायद ग्रामवासियों को आर्थिक व जानी नुकसान से ज्यादा अखरती थी। प्रायः रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर आने वाले लोगों की इकाई ग्राम व परिवार में बिखराव दिखाई देता था। अपनी सुविधा के अनुसार बाढ़ शरणालयों या परिजनों के यहां सर पर छत होने के बावजूद सामुदायिकता की कमी उन्हें बेचौन रखती थी।

# जिला अस्पताल से गायब हो गया रिक्शा

▸ बरामदगी के लिए परेशान है युवक
▸ चौकी इंचार्ज बोले - ई रिक्शा मिल जाएगा, बैट्री की नहीं है गारंटी



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिला अस्पताल से 2 दिन पूर्व एक युवक का ई रिक्शा चोरी हो गया था। ई-रिक्शा की बरामदगी के लिए युवक कोतवाली और चौकी का चक्कर लगा रहा है। वहीं चौकी इंचार्ज ने ई रिक्शा की बैट्री गायब होने और ई रिक्शा मिलने की बात कहकर सनसनी फैला दी है। वहीं सीसीटीवी फुटेज होने के बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।कोतवाली देहात के माधवरेती मोहल्ला निवासी आनंद कुमार पुत्र सुंदरलाल ई-रिक्शा का संचालन करवाते हैं। सोमवार को चालक देवानंद ई रिक्शा लेकर जिला अस्पताल गया। मरीज को दिखाने के लिए वह महिला अस्पताल में ऊपर चल गया, जबकि परिसर में ई-रिक्शा खड़ी कर दी। कुछ देर बाद देवानंद वापस आया तो ई रिक्शा गायब मिली। इस पर उसने जिला अस्पताल चौकी पुलिस को घटना की जानकारी दी। साथ ही जिला अस्पताल से सिविल लाइन ई रिक्शा का ले जाने का सीसीटीवी फुटेज भी दिया। इसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। मंगलवार को चालक और मालिक ने चौकी इंचार्ज से बात की तो उन्होंने बताया कि ई रिक्शा मिल जायेगी, लेकिन उसमें लगी बैट्री नहीं मिलेगी। इस पर उसने एसपी को पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में चौकी इंचार्ज विनय कुमार मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी केस दर्ज नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि चोर बैट्री निकाल कर गायब कर देते हैं। ऐसे में सिर्फ ई रिक्शा ही बरामद किया जा सकता है।

## लाखों की स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा के निर्देशन में मोतीपुर पुलिस और एसएसबी के जवान भारत नेपाल सीमा पर संयुक्त गश्त कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक विपिन सिंह, गणेश शंकर, विकास सिंह और एसएसबी के एसी गौतम शर्मा, विपिन कुमार की टीम बस्थनवा गांव के निकट देर शाम शाम को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान एक युवक को गांव के पास से पकड़ा। उसके पास से 29 ग्राम स्मैक बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है। तस्कर की पहचान नेपाल के शीतला बाजार वर्दिया वार्ड नंबर नौ निवासी वीरेंद्र परिहार पुत्र प्रेम बहादुर परिहार के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रूपये से अधिक है।

# ईओ और सभासदों के मामले ने पकड़ा तूल

## एसडीएम के भी मानने पर नहीं माने सभासद धरना जारी

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

अधिशाषी अधिकारी अर्पणा मिश्रा एवं सभासदों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सभासदों ने आरोप लगाया कि मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय गए थे सभासदों द्वारा नगर में कराए जा रहे कार्यों के प्रति जारी किए गए टेंडर की जानकारी मांगने ही अधिशासी अधिकारी भड़क उठी और अभद्रता करते हुए अपने चैंबर से सभासदों को भाग जाने तक की बात कह दी।

नाराज सभासद नगर पंचायत कार्यालय पर ही धरने पर बैठ गए जैसे ही इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को ही आनन फानन कोतवाल श्याम कुमार पाल मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए वहीं जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू भी मौके पर पहुंचकर सभासदों को किसी तरह मनाया। लेकिन मामला बुधवार की सुबह तब गर्मा गया जब ईओ अर्पणा मिश्रा द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में एक नोटिस चस्पा कर दी गई और उसमें लिख दिया गया कि केवल अध्यक्ष और सभासदों की ही एंट्री नगर पंचायत कार्यालय में होगी नाराज सभासद विनीत वैश्य अमित त्रिपाठी सभासद प्रतिनिधि मुश्ताक राइनी नुरुल हसन रामकुमार यादव जमुना प्रसाद उषा त्रिपाठी और अन्य सभासद फिर से धरने पर बैठ गए विरोध करते हुए अपने सर के बाल भी मुंडन करा दिए वहीं उनको मनाने के लिए नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू काफी देर तक लगे रहे लेकिन सभासद मानने को तैयार नहीं हुए और ईओ को को हटाने के बाद ही धरना खत्म होगा यही मांग करते रहे।



वही मामले की जानकारी होने पर तहसीलदार और उप जिला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और काफी समझाने बुझाने के बावजूद सभासद मानने को तैयार नहीं थे अधिशासी अधिकारी को बगैर हटाए धरना खत्म नहीं होगा यही मांग करते रहे समाचार लिखे जाने तक अधिशासी अधिकारी और उप जिला अधिकारी सभासदों को मना रहे हैं लेकिन सभासद मानने को तैयार नहीं थे।

# डीबीटी के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के खातों में पैसा स्थानांतरण की प्रक्रिया हुई शुरू

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लोक भवन ऑडिटोरियम लखनऊ से बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं के खातों में पैसे का ट्रांसफर एवं अन्य कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया जिसका सीधा लाइव प्रसारण ब्लॉक संसाधन केंद्र शिवगढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी गौतम प्रकाश सहित क्षेत्र के समस्त परिषदीय विद्यालयों में भी विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने देखा गौरतलब हो कि बुधवार को लोक भवन ऑडिटोरियम लखनऊ से बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र



छात्राओं के यूनिफॉर्म ,स्टेशनरी की खरीद के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डीबीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं के खातों में पैसा ट्रांसफर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसका सीधा लाइव प्रसारण ब्लॉक संसाधन केंद्र शिवगढ़ सहित क्षेत्र के समस्त परिषदीय विद्यालयों में आयोजित किया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी शिवगढ़ गौतम प्रकाश ने कमपोजिट विद्यालय देहली में एवं क्षेत्र के ने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने लाइव प्रसारण देखा गया वही इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी शिवगढ़ गौतम प्रकाश ने बताया कि विकास क्षेत्र शिवगढ़ के सभी परिषदीय विद्यालयों में मुख्यमंत्री जी के द्वारा लोक भवन से बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के यूनिफॉर्म व स्टेशनरी के लिए डीबीटी के माध्यम से पैसा स्थानांतरित करने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें विकास से शिवगढ़ के परिषदीय विद्यालयों के लगभग 1300 छात्र छात्राओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से उनके यूनिफार्म व स्टेशनरी के लिए पैसा स्थानांतरित हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्वाचन सेक्टर अधिकारियों की बैठक सम्पन्न



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में निर्वाचन सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सेक्टर अधिकारी अभी से अपने-अपने क्षेत्रों की व्यवस्था ठीक करा ले। यदि वहां पर किसी प्रकार की दिक्कत हो तो उसे अभी से सही करा लें। साथ ही इस बात का ध्यान रखा जाए कि मतदान केंद्र बहुत अधिक दूरी पर ना हो। जिससे कि मतदाताओं को अधिक दूरी तय करने पड़े। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी मतदान केंद्र के पास कोई भी राजनीतिक पार्टी का कार्यालय ना हो। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निष्यरूप्रयोज्य किए गए भवनों को मतदान केंद्र कदापि न बनाएं। मतदान केंद्रों पर विद्युत, पानी, शौचालय, फर्नीचर आदि की व्यवस्था ठीक करा ले। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है की यदि मतदान केंद्रों पर किसी प्रकार की लापरवाही बरती जाएगी तो उसके लिए संबंधित को कड़े दंड दिए जाएंगे।

### खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन में की। जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग को निर्देश दिया कि खाद्य पदार्थों की जांच समय-समय पर की जाए और उसकी गुणवत्ता को परखा जाए। जिससे कि लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न ना हो। इसके अतिरिक्त मोबाइल वैन की शुरुआत की जाए जहां पर लोग स्वयं जाकर अपने खाद्य पदार्थों की जांच करा सकें। जिलाधिकारी ने औषधि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेडिकल स्टोर और दवा विक्रेताओं के दुकानों की समय-समय पर जांच की जाए और उसके नमूने लिए जाएं। साथ ही नकली दवाएं बेचने वालों का लाइसेंस रद्द कर उन पर प्रशासनिक कार्यवाही की जाए। बैठक में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और नकली दवाओं की रोकथाम पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। यह बैठक खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 एवं तत्संबंधी विनियम 2011 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा मामलों में अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन,अनुश्रवण एवं विनियमन को त्वरित गति से लागू करने के उद्देश्य से की गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम बैठक थी।

### शराब के नशे में लड़खड़ा कर गिरने से युवक की मौके पर ही हुई मौत, मचा हड़कंप

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** मंगलवार को शराब के नशे में लड़खड़ा कर गिरने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई,इससे हड़कंप मच गया!पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है!मृतक की मां ने पुलिस को तहरीर दे दिया है!थाना क्षेत्र के हुल्लापुर गांव के रहने वाले दिनेश कुमार उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र बुधराम मंगलवार को दोपहर बाद घर में बैठकर शराब पी रहा था!इस पर पिता बुधराम उसे डांटने लगा तो दिनेश उठकर घर के बाहर चला गया और तभी वह लड़खड़ा कर गिर गया और सिर पर चोट लगने से बेहोश हो गया! लोगों ने उसे उठाकर छप्पर के नीचे लिटाया और पानी के छींटे मारा,लेकिन उसकी मौत हो गई! इससे हड़कंप मच गया!बताया जाता है कि घटना से एक दिन पूर्व ही दोनों पिता पुत्र परदेश से लौटे थे,जहाँ दोनों मजदूरी करते थे!ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है! मृतक की मां राजकुमारी ने पुलिस को तहरीर दे दिया है! कोतवाल का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,रिपोर्ट में तस्वीर साफ हो जाएगी!हालांकि घटना को लेकर ग्रामीण खुसुर-फुसुर कर रहे हैं!

### युवक तेल डालकर लगाई आग जिला अस्पताल रेफर

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने परिवारिक कलह के चलते अपने शरीर पर तेल डालकर आग लगा ली जानकारी होने पर परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले गए जहां पर मौजूद डाक्टरों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तिवारीपुर मजरे जड़ावागंज के रहने वाले छोटे लाल पुत्र राम केवल उम्र लगभग 22 वर्ष का अपनी पत्नी से किन्ही कारणों से विवाद चल रहा था जिसके चलते उसने अपने घर के कमरे में अपने ऊपर तेल छिड़ककर आग लगा ली जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया था जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो परिजनों द्वारा आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले गए जहां मौजूद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से झुलसे युवक का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया वहीं इस मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवगढ़ अरुणेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाए।

# गंगा नदी में मगरमच्छ दिखने से स्थानीय लोगों में मचा हड़कंप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नदी में मगरमच्छ दिखने से स्थानीय लोगों में मचा हड़कंप गंगा में तैरते हुए मगरमच्छ का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल मामला ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गोकना गंगा घाट का है जहां घर से कुछ दूरी पर नदी में मगरमच्छ दिखने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया, जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक मगरमच्छ नदी में जा चुका था गनीमत यह रही कि एक बड़ा हादसा टल गया नहीं तो कोई अनहोनी हो



सकती थी, गंगा नदी में तैरते हुए मगरमच्छ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# विश्वास एवं विकास के साथ डेढ़ माह तक चला भाजपा का महासंपर्क अभियान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मोदी सरकार के 9 वर्ष विश्वास एवं विकास के साथ डेढ़ माह तक चला भाजपा का महासंपर्क अभियान अति सफल रहा।

9वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, गरीब, दलित, शोषित, वंचित, किसानों के लिए विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ सीधे 140 करोड़ देशवासियों को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है,समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उसे विकास की



मुख्यधारा से जोड़ना है। उक्त बातें रायबरेली लोकसभा के प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने भा.ज.पा. संगठन द्वारा चलाये जा रहे महासम्पर्क अभियान के अंतिम दिन आज 19 जुलाई को रायबरेली लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत सदर विधानसभा में कैनाल रोड पर स्थित मार्तण्ड कोचिंग सेंटर व पैराडाइज एकाडमी में शिक्षक, छात्र-छात्राओं से संपर्क कर टोल फ्री नं 9090902024 पर सामूहिक मिस्ड कॉल कराकर 2024 के लोकसभा चुनाव हेतु भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के लिए समर्थन मांगा।

इस दौरान लोकसभा प्रभारी तिवारी ने कहा कि 2014 में जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार बनी है तब से लेकर आज तक भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा है, जबकि हमारी सरकार भ्रष्टाचारियों व अपराधियों को जेल भेजने का काम कर रही है, इसीलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली लोकसभा से भई भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाकर मोदी जी के हाथ को मजबूत करें, तभी देश के साथ-साथ रायबरेली का भी सर्वांगीण विकास हो सकेगा।

# अपराध पर भारी पड़ रही है सीओ और कोतवाल की जोड़ी

- ट्रक लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार अब अपराधियों पर लगातर शिकंजा कसने के लिए पुलिस महकमे को सख्त निर्देश दे चुकी है तो पुलिस भी उन अपराधियों पर नकेल कसने की कार्रवाई करना शुरू कर दिया है ।पुलिस भी अपराधियों की धर पकड़ के लिए लगातार अभियान चला रही है। सीओ महिपाल पाठक और कोतवाल शिवशंकर सिंह की जोड़ी लालगंज



पुलिस की सक्रियता क्षेत्र में इस कदर हावी हैं कि अपराधियों के हौसले पस्त हो रहे है।क्योंकि पुलिस अपराध व अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने पर अपराधियों में दहशत का माहौल है।बुधवार को लालगंज पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर दो अभियुक्त जावेद अख्तर पुत्र नसीर अहमद निवासी बालीपुर थाना रानीगंज प्रतापगढ और गुलशाद अहमद उर्फ बब्बू पुत्र अब्दुल रउफ निवासी तिवारीपुर थाना रानीगंज प्रतापगढ़ को फतेहपुर के सातमील तिराहे के पास से लूटे गये ट्रक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### लूटे ट्रक को बेचने की फिराक में थे दोनों अभियुक्त

लालगंज कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया की पकडे गये अभियुक्त गणो से गहनता से पूछताछ की गयी तो उन्होंने बताया कि रात्रि को जनता बाजार के पास से जो ट्रक लूटा था उसमे हम लोग शामिल थे हम लोग लूटे ट्रक को बेचने की फिराक में थे कि वही उक्त घटना में शामिल भोला सिंह उर्फ उमाकान्त सिंह पुत्र श्यामबिहारी जनपद प्रयागराज व आलोक सिंह पुत्र जगदीशप्रसाद प्रयागराज को पूर्व मे ही जेल भेजा जा चुका है।

# पुलिस अधीक्षक ने ताजियादारों से वार्ता कर प्रमुख कर्बलाओं का किया निरीक्षण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्योहारों के अवसर पर जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत बुधवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर तथा संयुक्त पुलिस टीम के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए व्यवस्थाकों/ताजियादरों से वार्ता की गई, तत्पश्चात प्रमुख कर्बलाओं का निरीक्षण किया गया। जुलूस के दृष्टिगत सड़क मार्ग तथा बिजली व्यवस्था के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ताजियादरों को शासन की गाइडलाइन से अवगत कराते हुये परमपरागत तरीके से मानक के अनुरूप उचित लंबाई/चौड़ाई के ताजिया निकालने हेतु निर्देशित किया गया।

# निरिक्षण कर आईजी ने परखी सुरक्षा



- डीह थाने का निरीक्षण कर ग्राम प्रधानों व सम्मानित लोगों के साथ की बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आईजी जोन लखनऊ तरुण गाबा बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचने जहां उन्होंने डीह थाने पहुंचकर पूरे परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया तथा थाने में साफ-सफाई व फाइलों के रखरखाव के साथ ही विवेचना के निस्तारण की जानकारी भी ली वही थाने का निरीक्षण करने के बाद आईजी जोन ने मोहर्रम के त्यौहार को लेकर ग्राम प्रधानों व सम्मानित लोगों के साथ बैठक की इस दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उन्होंने मोहर्रम पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की गुजारिश की। कहा कि अगर कहीं भी ताजिया रखने में कोई दिक्कत आती है, तो पुलिस को जानकारी दें। फौरन उसका समाधान होगा। तथा संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी लगाने के लिए निर्देश भी दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी सहित पूरा पुलिस अमला मौजूद रहा।

### युवक का पेड़ से फांसी पर लटका मिला शव

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** विजईखेड़ा गांव निवासी दीपक 27 पुत्र रोहतम दहीचौकी स्थित एक प्राइवेट फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार की शाम को वह घर पहुंचा जहां परिजनों की किसी बात से नाराज होकर घर से बाहर चला गया और रात तक घर नही लौटा तो उसकी खोजबीन होने लगी लेकिन कहीं पता नहीं चला। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव से बाहर पेड़ की डाल पर रस्सी के सहारे शव लटकता देख परिजनों को घटना की सूचना दी। इस सम्बंध में थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया गया है शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है पी एम रिपोर्ट के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। मृतक दीपक पांच भाइयों के बीच सबसे बड़ा था। छोटे भाई पंकज, विकास, राकेश, रियान हैं मृतक एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था।

# पैदल जा रही महिला को डंपर ने रौंदा, मौत

- गुस्साए ग्रामीणों ने रोड जामकर काटा हंगामा

**लालगंज (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ रोड पर पूरे खारा मजरे रणगांव के निकट बुधवार को सुबह करीब 8:30 बजे बेकाबू डम्फर ने खेतों में धान लगाने जा रही एक महिला को रौंद दिया। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिवारीजनों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई का भरोसा दिला कर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पति ने पुलिस को तहरीर दी है। नवरंग सिंह का पुरवा मजरे आलमपुर गांव निवासिनी राम कुमारी (48) पत्नी मंगली सुबह सवेरे गांव की अन्य महिलाओं के साथ मोती का पुरवा गांव



में पैदल धान लगाने जा रही। तभी खारा का पुरवा के गांव के निकट बछरावां की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार बेकाबू डंपर ने उसे पीछे से कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भाग रहा था, तभी राहगीरों ने उसे कुछ ही दूरी पर दौड़ाया और पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दुर्घटना से आहत मृतका के परिवारिजनों और ग्रामीणों ने आरोपी डंपर चालक पर कार्रवाई किए जाने को लेकर सड़क पर जाम लगा दिया। जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी कतार लग गई। पुलिस मृतक के परिवारीजनों को काफी समझाने बुझाने की कोशिश की। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा देकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, तब जाकर हाइवे पर आवागमन बहाल हो सका। हादसे के बाद पति मंगली बेटे सर्वेश व विकास बेटियां सुमिता व सुषमा का रो रो कर बुरा हाल है। सीओ महिपाल पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। डंफर पुलिस के कब्जे में है।

# तहसील प्रशासन का अधिवक्ताओं ने जताया विरोध



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली जनपद की तहसील सलोन के भ्रष्ट जिम्मेदारों के प्रति अधिवक्ताओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है इसी के चलते उप जिलाधिकारी और तहसीलदार का तबादला लगातार होता रहा अपनी मनमानी के चलते तहसील प्रशासन से अधिवक्ता कार्य बहिष्कार करते रहते हैं लेकिन इसका कोई भी असर देखने को नहीं मिल रहा की कार्यशैली को लेकर अधिवक्ताओं में काफी समय से आक्रोश देखने को मिल रहा है तहसीलदार सलोन अधिवक्ता हो फरियादी हो अभद्रता से पेश आते हैं ऐसे में तहसील प्रशासन के खिलाफ तहसील बार एसोसिएशन सलोन के अधिवक्ताओं में काफी समय से आक्रोश देखने को मिल रहा है, योगी सरकार की किरकिरी कराने में लगा तहसील प्रशासन सलोन अब देखना यह है कि इनकी कार्य शैली में सुधार होता है या नहीं।

# कुर्मी समाज पर अभद्र टिप्पणी से भड़का समाज

- अधिवक्ताओं व जनप्रतिनिधियो ने एसपी से की शिकायत
- एसपी ने एसएचओ को लगायी फटकार, कार्यवाही के निर्देश

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बीघापुर थाना प्रभारी द्वारा मंगलवार को कुर्मी समाज के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही न किये जाने उल्टे कुर्मी समाज के 5 लोगों के खिलाफ ही एकतरफा मुकदमा लिख देने को लेकर बार एशोशिएसन अध्यक्ष रामसुमेर सिंह पटेल की अगुआई में दर्जनों वकील व बहुजन समाज पार्टी के मंडल कोऑर्डिनेटर ब्रजकिशोर वर्मा सहित



कुर्मी समाज के लोगों ने आज पुलिस अधीक्षक से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक ने एसएचओ बीघापुर को फटकार लगाते हुए कुर्मी समाज पर अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ तत्काल मुकदमा लिखने का आदेश दिया और कहा कि तुम थाना चलाने के योग्य नहीं हो।

बार एसोशिएसन अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे जातिवादी थाना प्रभारी को तत्काल पद से हटा देने की जरूरत है जो क्षेत्र में जातीय विद्वेष फैलाते हुए समाज को तोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुर्मी समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले के खिलाफ कार्यवाही न करते हुए एसएचओ ने उल्टे हमारे ही समाज के लोगों के ऊपर मुकदमा लिख उनके साथ अभद्रता की जो निन्दनीय है। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्यवाही करने के आदेश भी दिये हैं। वहीं बहुजन समाज पार्टी के मंडल कोआर्डिनेटर ब्रजकिशोर वर्मा ने कहा कि कुर्मी समाज के विरुद्ध सार्वजनिक रूप से अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफयदि थानाध्यक्ष पहले ही एक्शन ले लेते तो पुलिस कप्तान तक आने की जरूरत न पड़ती। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इसमे स्थानीय विधायक की जातिवादी सोच और समर्थन के कारण ही कुर्मी समाज प्रताड़ित किया जा रहा है। बात तो हिन्दू एकता की करते हैं लेकिन ये हमको हिन्दू मानते ही नहीं। यदि समाज के खिलाफ इस तरह की टिपणियां हुई तो हम लोग आंदोलन को बाध्य होंगे।

अन्य लोगों में अजय पटेल, ऋतुराज सिंह, शिवशंकर पटेल, ज्ञान सिंह पटेल, विजय बहादुर पटेल, अनिल सिंह एडवोकेट, अमरेश एडवोकेट, जगन्नाथ सिंह एडवोकेट, हरिशरण पटेल एडवोकेट, अवधेश सिंह पटेल, दीपू पटेल, प्रधान राजेश पटेल एडवोकेट, आशीष सिंह एडवोकेट सहित दर्जनों अधिवक्तागण व अन्य लोग मौजूद रहे।

# थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न



- आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक मनाएं त्यौहार : अरुणेश गुप्ता

**शिवगढ़, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्यौहार के मद्देनजर थाना परिसर शिवगढ़ में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों एवं जनप्रतिनिधियों ,धर्मगुरुओं के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई गौरतलब हो कि बुधवार को थाना परिसर शिवगढ़ में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों जनप्रतिनिधियों एवं धर्म गुरुओं के साथ आगामी मोहर्रम के पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक में उपस्थित लोगों से अपील करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि मैं आप सभी लोगों से अनुरोध करता हूं कि इस बार भी आपसी भाईचारे के साथ मोहर्रम का त्यौहार मनाए यदि त्यौहार पर कोई भी व्यक्ति अराजकता फैलाता है तो उसकी शिकायत स्थानीय थाने पर करें जिससे अराजकता फैलाने वाले खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा सके।

# इंडिया बनाम भाजपा

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में 2024 के आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हराने के उद्देश्य से कांग्रेस की अगुवाई में 26 विपक्षी दल एकत्र हुए और अब इस मोर्चे का नाम इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया रखा गया है। वहीं अपने किले को प्रतिपक्षी आक्रमण से बचाने के लिये भाजपा ने छोटी-बड़ी 38 सियासी पार्टियों को अपने पक्ष में लामबन्द किया है। विपक्षी दलों के मुकाबले 12 अधिक दलों का समर्थन जुटाकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (एनडीए) ने खुद की छतरी बड़ी दिखलाने की कोशिश की है परन्तु दोनों के बीच के अंतर को समझना आवश्यक है तभी इस परिघटना के महत्व और भावी राजनैतिक परिदृश्य को गहराई से समझा जा सकता है। वैसे तो एक लम्बे समय से यह माना जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का न तो कोई विकल्प है और न ही भाजपा को हराया जा सकता है। पिछले साल की मई के दूसरे हफ्ते में कांग्रेस की उदयपुर में हुई संकल्प बैठक में देश की सबसे पुरानी पार्टी ने खुद को रिचार्ज किया। इस बैठक में लिये गये निर्णय के ही मुताबिक राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से 7 सितम्बर, 2022 को एक लम्बी दूरी की पैदल यात्रा प्रारम्भ की जिसके 30 जनवरी, 2023 को कश्मीर (श्रीनगर) पहुंचते-पहुंचते भारत की राजनैतिक तस्वीर बदलने लगी। यात्रा के दौरान व संसद में और तत्पश्चात इंग्लैंड के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में जिस प्रकार से राहुल ने मोदी पर हमला बोला, उन्हें पहले अवमानना के एक छोटे से मामले में सजा दिलाई गई। बुलेट ट्रेन की गति से उनकी सांसदी छिन गई तथा उनका शासकीय बंगला खाली कराया गया। इसके बाद तो देश की फिज़ा ही बदल गई। जो कांग्रेस पहले कई दलों के लिये अस्वीकार्य ही नहीं त्याज्य भी थी, उसमें उन्हें भाजपा के खिलाफ लड़ाई की रहनुमाई के तत्व दिखने लगे। बेंगलुरु में विपक्षी दलों के इस महाजुटान में परस्पर विमर्श कर भाजपा को अगले साल के आम चुनाव के जरिये सत्ताच्युत करने सम्बन्धी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। अब इंडिया की एक और बैठक महाराष्ट्र में होगी। जिसमें चुनाव की रणनीति तैयार की जाएगी। गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अग्निवीर, पुरानी पेंशन योजना जैसे जन सरोकार के मुद्दों पर केन्द्र के खिलाफ सामूहिक आंदोलन तय हो सकते हैं जो पहले इंडिया का न्यूनतम साझा कार्यक्रम बनेंगे एवं आने वाले समय में उसके संयुक्त चुनावी घोषणापत्र के विभिन्न विषय भी। विपक्ष की इस सामने दिख रही आंधी को रोकने के लिये भाजपा ने न केवल एनडीए को पुनर्जाग्रत किया है वरन ऐसे-ऐसे दलों को भी अपने खेमे से जोड़ा है जो या तो अल्प ज्ञात हैं अथवा जिनके बारे में ज्यादातर ने पहले कभी सुना भी नहीं था। उससे नये जुड़े कुछ दल ऐसे हैं जिनका न कोई विधायक है और न सांसद। कुछ दलों की विधायिकाओं में बेहद क्षीण उपस्थिति है। पिछले दो लोकसभा चुनावों के भाजपा के अनेक सहयोगी पार्टियां एनडीए से कुछ समय पहले पल्ला झाड़ चुकी थी, उन्हें भी बुलाया गया है। कुछ तो वे दल हैं जिनके नेताओं के साथ भाजपा के कटु सम्बन्ध रहे हैं। अपमान का घूंट सहकर भाजपा इन्हें अपनी बगल में बैठाने पर मजबूर है। यह सत्तारुढ़ दल की बेचौनी और घबराहट का ही परिचायक है क्योंकि मोदी ब्रांड पर पूर्णतरू आश्रित एनडीए को जमीनी हकीकत का एहसास होते ही इल्मघ् हुआ कि अकेले दम उसके लिये अगला चुनाव जीतना सम्भव नहीं है। जहां एनडीए का खेमा परिस्थितिजन्य व स्वार्थपरक गठजोड़ है वहीं पहले यूपीए और अब इंडिया लोकतंत्र को बचाने के व्यापक प्रयोजन और जनहित के लिये बना स्वस्फूर्त गठबन्धन है। यह भी अंतर स्पष्ट है कि एनडीए को मजबूत बनाने के लिये भाजपा छोटे-छोटे दलों के पास जा रही है जबकि इंडिया से जुड़ने स्वयं बड़ी पार्टियां आ रही हैं। इनमें वे दल भी हैं जो कभी कांग्रेस को गरियाते थे या उसे कमजोर मानकर खारिज करते रहे हैं। इंडिया और एनडीए के शिविरों का बड़ा फर्क यही है कि इंडिया में ज्यादातर ऐसे दल व नेता हैं जिनकी अपने-अपने राज्यों में मजबूत स्थिति है। कई ने भाजपा को अपने राज्यों में हराया भी है या दूसरे क्रमांक पर हैं। आधा दर्जन से अधिक मुख्यमंत्रियों और कई कद्दावर नेताओं की मौजूदगी के कारण इंडिया के प्रभाव को फीका करने के लिये भाजपा ने अपना पुराना खेल खेला है जिसे हेडलाइन मैनेजमेंट कहा जाता है। विपक्ष की पूर्व निर्धारित इस बैठक का (जो पहले शिमला में 12 जुलाई को होनी तय थी) जवाब देने के लिये आनन-फानन में मंगलवार की शाम को दिल्ली में भाजपा ने एनडीए की बैठक बुला ली। 2024 के चुनावों के मद्देनजर होने वाली इस सियासी हलचल की थाह लेने के लिये दोनों मोर्चों के स्वरूपों व प्रयोजनों को समझे बिना इसका सही विश्लेषण नहीं हो सकेगा और न ही मतदाता उपयुक्त फैसला ले सकेंगे।

# आरबीआई का आकलन

आदित्य नारायण



खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ौतरी के कारण जून में खुदरा मुद्रा स्फीति में आई तेजी यह दर्शाती है कि मुद्रा स्फीति के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई। इस समय टमाटर समेत फल-सब्जियों की कीमतों में बढ़ौतरी आम आदमी की चिंता का सबब बनी हुई है। मुख्य रूप से खाद्य मुद्रास्फीति में बढ़ौतरी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पांच महीने में पहली बार जून में बढ़कर 4.81 प्रतिशत हो गया, जो मई में 4.31 प्रतिशत था। हालांकि यह आरबीआई के सहनशीलता बैंड के भीतर है। अप्रैल में मुद्रा स्फीति की दर 4.7 प्रतिशत थी। आरबीआई का आंकलन स्पष्ट है कि महंगाई के मोर्चे पर अभी जंग जारी है।

सब्जियों के दामों में महंगाई यद्यपि मौसमी और बाढ़ प्रभावित इलाकों से आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होने के कारण है लेकिन अन्य खाद्यान्न वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि से जनजीवन प्रभावित है। वैसे तो दुनिया के बड़े-बड़े देश महंगाई पर काबू पाने के लिए जूझ रहे हैं। महंगाई का असर पूरी दुनिया में देखा जा रहा है, लेकिन यह संतोष का विषय है कि भारत खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम. पात्रा और अन्य आरबीआई के अधिकारियों ने मुद्रा स्फीति को लेकर अपना आंकलन प्रस्तुत किया। मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच आरबीआई ने मुद्रा स्फीति पर लगाम लगाने के लिए रेपो दर में बढ़ौतरी की थी, जिस पर आरबीआई बैंकों को उनकी अल्पकालिक फंडिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए पैसा उधार देता है। अप्रैल और जून की मौद्रिक नीतियों में आरबीआई ने रेपो दर को अप्रवर्तित छोड़ दिया था। उसके बाद मुद्रा स्फीति की दरों में नरमी देखी गई थी लेकिन भारत में मानसून की वर्षा ने काफी गड़बड़ कर दी है। इससे पहले पिछले माह आई आरबीआई रिपोर्ट में यह कहा गया था कि मुद्रा स्फीति अधिक रहने से निजी खपत पर होने वाले खर्च में कमी आ रही है जिसके परिणामस्वरूप कम्पनियों की बिक्री में सुस्ती और क्षमता निर्माण में निजी निवेश में गिरावट आ रही है। जब तक मुद्रा स्फीति नीचे नहीं आती तब तक इससे जुड़ी उम्मीदों को स्थिर करने और उपभोक्ता व्यय बहाल करने में मदद नहीं मिलेगी। कम्पनियों की बिक्री तभी बढ़ेगी जब लोग पैसा खर्चेंगे। भारत इस मामले में भाग्यशाली है कि उसकी अर्थव्यवस्था के सभी संकेत काफी बेहतर हैं।

भारत की विकास दर तेजी से बढ़ रही है और वह दुनिया की सबसे बड़ी दूसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

आरबीआई के गर्वनर शक्तिकांत दास ने पिछले महीने ही कहा था कि मुद्रा स्फीति को निर्धारित सीमा के भीतर लाने का काम अभी आधा ही हुआ है। इसलिए मुद्रा स्फीति वृद्धि परिदृश्य का आंकलन करने की जरूरत है। आरबीआई ने ध्वित्त वर्ष 23-24 के लिए देश की वास्तविक जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। जैसे-जैसे व्यापक आर्थिक सम्भावनाएं लगातार बेहतर हो रही हैं। भारत अपनी पूरी क्षमता को गतिशील बना रहा है। केन्द्र की मोदी सरकार भी अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए लगातार कदम उठा रही है। अन्य देशों के मुकाबले भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। पूरा यूरोप महंगाई से परेशान है। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते भी वैश्विक स्तर पर खाद्यान्न पदार्थों और ऊर्जा की कीमतें बहुत बढ़ चुकी हैं। यही कारण है कि यूरोपियन सेंट्रल बैंक अपनी ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी करते जा रहे हैं।

महंगाई के चलते आम आदमी की क्रय शक्ति कम हो जाती है। इस समय उड़द और अरहर जैसी दालें भी काफी महंगी हो चुकी हैं। दूध की कीमतों में लगातार बढ़ौतरी हो रही है। यही कारण कि केन्द्र सरकार ने 2 जून को अरहर और उड़द के स्टॉक की जमाखोरी करने पर रोक लगा दी थी। महंगाई नागरिकों के लिए अभिशाप स्वरूप है। हमारा देश एक गरीब देश है। यहां की अधिकांश जनसंख्या के आय के साधन सीमित हैं। इस कारण साधारण नागरिक और कमजोर वर्ग के व्यक्ति अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पाते। बेरोजगारी इस कठिनाई को और भी अधिक जटिल बना देती है। व्यापारी अपनी वस्तुओं का कृत्रिम अभाव उत्पन्न कर देते हैं। इसके कारण वस्तुओं के मूल्यों में अनियन्त्रित वृद्धि हो जाती है, परिणामतः कम आय वाले व्यक्ति बहुत-सी वस्तुओं और सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। महंगाई के बढ़ने से कालाबाजारी को प्रोत्साहन मिलता है।

व्यापारी अधिक लाभ कमाने के लिए वस्तुओं को अपने गोदामों में छिपा देते हैं। आजकल रोजमर्रा की वस्तुओं की कालाबाजारी हो रही है। रूस से सस्ता तेल और गैस मिलने के कारण भारत को कोई बड़े संकट का सामना नहीं करना पड़ा। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल होते ही कृषि उत्पादों की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। रूस द्वारा यूक्रेन से अनाज निर्यात समझौता तोड़ देने से विश्व भर में गेहूं की कीमतों में उछाल आएगा लेकिन इसका भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा, क्योंकि भारत के खाद्यान्न भंडार पर्याप्त हैं और वह कई देशों को अनाज निर्यात भी करता है।

**महंगाई नागरिकों के लिए अभिशाप स्वरूप है। हमारा देश एक गरीब देश है। यहां की अधिकांश जनसंख्या के आय के साधन सीमित हैं। इस कारण साधारण नागरिक और कमजोर वर्ग के व्यक्ति अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पाते। बेरोजगारी इस कठिनाई को और भी अधिक जटिल बना देती है। व्यापारी अपनी वस्तुओं का कृत्रिम अभाव उत्पन्न कर देते हैं। इसके कारण वस्तुओं के मूल्यों में अनियन्त्रित वृद्धि हो जाती है, परिणामतः कम आय वाले व्यक्ति बहुत-सी वस्तुओं और सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। महंगाई के बढ़ने से कालाबाजारी को प्रोत्साहन मिलता है।**

**व्यापारी अधिक लाभ कमाने के लिए वस्तुओं को अपने गोदामों में छिपा देते हैं। आजकल रोजमर्रा की वस्तुओं की कालाबाजारी हो रही है। रूस से सस्ता तेल और गैस मिलने के कारण भारत को कोई बड़े संकट का सामना नहीं करना पड़ा। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल होते ही कृषि उत्पादों की आपूर्ति सामान्य हो जाएगी और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। रूस द्वारा यूक्रेन से अनाज निर्यात समझौता तोड़ देने से विश्व भर में गेहूं की कीमतों में उछाल आएगा लेकिन इसका भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा, क्योंकि भारत के खाद्यान्न भंडार पर्याप्त हैं और वह कई देशों को अनाज निर्यात भी करता है।**

## विचार

# मानव-वन्यजीव संघर्ष टालने की मुहिम

गंगा-जमुना का मायका उत्तराखंड आजादी के बाद से ही सामाजिक आंदोलनों के जरिये रचनात्मक बदलाव के लिये जाना जाता है। इसी धरती से ही गौरा देवी द्वारा शुरू किया गया चिपको आंदोलन आज भी पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक माना जाता है, जिसमें महिलाओं ने पेड़ों से जुड़कर पेड़ों के कटान को रोका था। इसी तरह बेटी के कन्यादान के समय वृक्ष लगाने का मैती आंदोलन भी खासा चर्चा में रहा। इतना ही नहीं, उत्तराखंड की अस्मिता को लेकर चलाये गये आंदोलन में मसूरी, खटीमा व रामपुर तिराहा कांड में महिला आंदोलनकारियों की शहादत इतिहास के पन्नों में दर्ज है। उत्तराखंड के बारे में कहावत है कि 'पहाड़ की जवानी व पानी पहाड़ के काम नहीं आते।' उत्तराखंड की आबादी के बराबर आबादी का प्रवासित होना इसकी बानगी दर्शाता है। हजारों गांव आज खाली हो गये हैं, जिनमें अब जंगली जानवरों का वर्चस्व है। जो उत्तराखंड की खेती व फल उत्पादन के लिये नासूर बन चुके हैं। खासकर बंदरों , जंगली सूअरों व तेंदुओं की बढ़ती अप्रत्याशित आबादी से ग्रामीण जन-जीवन बुरी तरह त्रस्त है। वे फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस संकट के समाधान और वन्य जीवों को जंगल तक सीमित करने के मकसद से नया रचनात्मक आंदोलन उभरा है 'बीज बम' अभियान। जिसका मकसद है कि जंगलों में उत्तराखंड में उगने वाली सब्जियों व फलों को कुदरत के सान्निध्य में उगाया जाये ताकि जंगली जानवर, बंदर व अन्य जीवों को खाने के लिये जंगल के भीतर ही सब्जी-फल मिल सकें। जिससे वे मानव बस्तियों में उत्पात मचाने न आ सकें। खासकर उत्तराखंड में बंदरों के उत्पात से



लोगों को राहत मिल सके। दरअसल, उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में द्वारिका प्रसाद सेमवाल द्वारा कुछ साथियों व छात्रों की मदद से शुरू किये गये 'बीज बम' अभियान को जनता का आशातीत प्रतिसाद मिल रहा है। यह अभियान उत्तराखंड की साढ़े तीन सौ ग्राम पंचायतों व करीब ढाई सौ स्वैच्छिक सामाजिक संगठनों के सहयोग से सिरे चढ़ रहा है। जो इस आंदोलन की सार्थकता और स्वीकार्यता का पर्याय ही है।

यह सुखद ही है कि 'बीज बम' आंदोलन केवल उत्तराखंड में ही जंगल में मंगल नहीं कर रहा है बल्कि देश के 18 राज्यों व चार दूसरे देशों में भी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहा है। इस आंदोलन की सार्थकता का पता इस बात से चलता है कि जुलाई माह में चलने वाले एक सप्ताह के कार्यक्रम के दौरान दो लाख से अधिक बीज बम जंगलों में डाले गये हैं। इन बीज बमों में स्थानीय सब्जियों-फलों के बीज शामिल हैं। कद्दू, तोरी, मक्का व शहतूत आदि के बीजों को उगाने के मकसद से बिखेरा गया है। इस आंदोलन का एक आधार स्तंभ हिमालयन पर्यावरण जड़ी बूटी एग्रो संस्थान यानी जाड़ी है, जो अभियान को बीज उपलब्ध कराने में सहायक है। इस आंदोलन की सफलता का पता इस बात से चलता है कि इस बार बीज बम सप्ताह के दौरान नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका व दक्षिण अफ्रीका के कुछ संगठनों ने भागीदारी की। इतना ही नहीं, अब आंदोलन साल में एक बार मनाये जाने वाले बीज बम सप्ताह की सीमाओं से निकलकर वर्षपर्यंत चलने वाला कार्यक्रम बन चुका है। विभिन्न संगठनों, विभागों तथा शिक्षण संस्थानों के लोग वर्षपर्यंत अपनी सुविधा से बीज बम तैयार करके जंगलों में डाल रहे हैं। इस अभियान को जनता का सकारात्मक प्रतिसाद तो मिला ही है, सरकार भी इस पर्यावरण संरक्षण आंदोलन को लेकर सकारात्मक रुख दिखा रही है। राज्य के शिक्षा मंत्री ने घोषणा की है कि इस रचनात्मक बीज बम आंदोलन को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा। निस्संदेह, पर्यावरण संरक्षण और वन संपदा की रक्षा के लिये सरकारी कार्यक्रमों के बजाय जनांदोलन महत्वपूर्ण व ठोस भूमिका निभाते हैं। ऐसे स्वतस्फूर्त आंदोलन देश के विभिन्न हिस्सों में बदलावकारी साबित हुए हैं। सरकार व विभिन्न पर्यावरण संगठनों का दायित्व है कि ऐसे रचनात्मक आंदोलन का वित्तीय पोषण करें ताकि स्वयंसेवी संगठनों का उत्साह बना रहे। ग्लोबल वार्मिंग संकट के इस दौर में पर्यावरण संरक्षण के जनांदोलन को प्रोत्साहित करना वक्त की जरूरत भी है।

## साहित्य | झरोखा

# राम जी की अयोध्या...



दीपक सिंह

राम जी की अयोध्या सरकार जहां के है।
झुक जाये जो चरणों में शीश तो हम यहां के है।
तेरे दर से ही हर खुशियों मे जान है।।
तेरा ही नाम है सब वर्ना मेरी क्या पहचान है।।

सहज सरल मन हो जिनका, जो दया के धाम है।
एक हाथ में धनुष है जिनके, रधुवंशी सियाराम है।।

जो आकर चरणों में पड़ ले राजा उसे बनाते हैं।
जयंत जैसा मन हो काला ठहर वो न पाते हैं।
अभिमानी का मद तोड़े सागर को सहज सुखाते हैं।
बेद व्यास गुणगान करें तो कर न वो भी पाते हैं।

हनुमान जी के मन में बैठे वहीं सियावर राम है।
सहज सरल मन हो जिनका वही दया के धाम है।

जो भक्तो का मान बढ़ा कर मान उन्हें दे देते हैं।
एक बार मुख से राम कह पीड़ा को हर लेते हैं।
शबरी को माता कहे निषाद को जो मित्र कहे।
जब अधर्म से धर्म लड़े तो निरंतर युद्ध कहे।

धन्य अवध में जो जन्मे बसता राम का नाम है।
सहज सरल मन हो जिनका वही दया के धाम है।



# राशिफल

**मेष**:- योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयाँ संभव। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

**बृषभ**:- रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्टा करें।

**मिथुन**:- दूसरों की सफलता से अपने अन्दर हीन भावना ना पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव।

**कर्क** :- प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। किसी विपरीत लिंगी सम्बन्ध में आकर्षण बढ़ेगा।

**सिंह**:- नाजुक सम्बन्धों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायां के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। भावनात्मक अभिव्यक्ति सम्बन्धों मधुरता बढ़ेगी। कुछ नये उत्साह की अनुभूति करेंगे।

**कन्या**:- पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दूसरों की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। ग्रहों की अनुकूलता से प्रगति के अच्छे अवसर मिलेंगे।

**तुला**:- कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में परिश्रम तीव्र होगा। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियाँ उत्पन्न होंगी।

**वृश्चिक**:- आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वन्चित होगा, अतः इसे सुधारें। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होंगा। मन आपसी तालमेल बैठाने में असमर्थ होगा।

**धनु**:- दूसरों की बात इधर से उधर करना आपको शोभा नहीं देता। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। परिवारिक संबंधों में कटुता पैदा न होने दें। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मकर**:- अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। रोजगार में सफलता के योग हैं। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

**कुंभ**:- कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। राजनैतिक सरगर्मियाँ आपकी व्यस्तता बढ़ाएंगी। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानी पैदा हो सकती हैं।

**मीन**:- कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। थोड़ धैर्य पूर्वक वक्त का इन्तजार करें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें

# 'इंडिया' बनाम 'एनडीए'

2024 के लोकसभा चुनावों का बिगुल अब बेंगलुरू में देश के 26 विपक्षी दलों के 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलांयस) अर्थात भारतीय राष्ट्रीय विकासशील समावेशी गठबन्धन की बैठक होने के जवाब में नई दिल्ली में 38 दलों के 'एनडीए' या राष्ट्रवादी लोकतान्त्रिक गठबन्धन की बैठक के साथ बज चुका है। 'एनडीए' भाजपा के नेतृत्व में केन्द्र में सत्तारूढ़ गठबन्धन कहलाता है जिसमें हाल ही में नये छोटे-छोटे दलों को शामिल करके इसकी संख्या 38 तक पहुंची है जबकि 'इंडिया' गठबन्धन में प्रमुख विपक्षी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस के अलावा अन्य सभी प्रमुख क्षेत्रीय दल हैं। मगर इन दोनों गठबन्धनों के अलावा कुछ ऐसे और क्षेत्रीय दल भी हैं जो अपने- अपने राज्यों में सत्तारूढ़ होने के बावजूद किसी भी गठबन्धन में शामिल नहीं हुए हैं। इसमें आन्ध्र प्रदेश की वाईएसआर कांग्रेस, ओडिशा की बीजू जनता दल व तेलंगाना की भारत राष्ट्रीय समिति प्रमुख हैं। इन तीनों दलों को इनका पिछला संसदीय रिकार्ड देखते हुए विपक्ष की राजनीति का हिस्सा नहीं माना जा सकता है क्योंकि संसद में इन दलों के सांसदों ने हमेशा आड़े वक्त पर मोदी सरकार का समर्थन करने को वरीयता दी है। अतः सत्ता पक्ष और विपक्ष के अलावा ऐसे दलों को यदि 'सपक्ष' कहा जाये ये तो कुछ गलत नहीं होगा। ये दल अपने-अपने राज्यों में विधानसभा स्तर पर मजबूत जरूर हैं मगर 2024 की सीधी लड़ाई को देखते हुए इनके हाशिये पर रहने का जरूर अन्दाजा लगाया जा सकता है क्योंकि राजनीति के तेवर देखते हुए लोकसभा चुनाव के मुद्दे सीधे भारत की जनता के साझा मुद्दे ही हो सकते हैं। मगर हमें यह ध्यान रखना होगा कि लड़ाई बेशक 'इंडिया' गठबंधन व 'एनडीए' के बीच ही दिखाई जाये मगर असली मुकाबला अन्ततः कांग्रेस पार्टी व भाजपा के बीच ही होगा क्योंकि दोनों गठबन्धनों में केवल ये दो पार्टियां ही हैं जिन्हें विशुद्ध रूप से राष्ट्रीय पार्टी कहा जा सकता है। मगर इन दोनों पार्टियों के साथ एक विडम्बना यह है कि जहां भाजपा विन्ध्याचल पर्वत के पार दक्षिणी भारत में बहुत कमजोर है वहीं कांग्रेस उत्तर भारत के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में हाशिये पर खिसक चुकी है।




उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं जबकि दक्षिण भारत के पांच प्रमुख राज्यों कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल व तमिलनाडु में लगभग सवा सौ सीटें हैं। अतः 2024 की लड़ाई बहुत दिलचस्प होने जा रही है मगर एक बात तय है कि राजनैतिक दलों द्वारा इन चुनावों के प्रचार में सार्वजनिक बयानों के स्तर को चाहे जितना भी नीचे गिराया जाये परन्तु सार्वजनिक जन विमर्श अन्ततः सैद्धान्तिक मुद्दों पर ही बने रहने की उम्मीद है क्योंकि विपक्षी गठबन्धन ने जिस तरह अपना नाम इस देश के 'अंग्रेजी' नाम इंडिया पर रखा है उससे आम मतदाता की राजनीतिज्ञों से ऊंचा व्यवहार व आचरण करने की अपेक्षाएं बढ़ जायेंगी। मैंने कल ही लिखा था कि 2024 के चुनाव साधारण लोकसभा चुनाव नहीं होंगे और अगली पीढिय्यों की किस्मत तय करने वाले होंगे तथा बदलते वैश्विक घटनाक्रम में भारत की दशा तय करने वाले होंगे। अतः सत्तारूढ़ गठबन्धन ने भी आज प्रधानमन्त्री नेतृत्व में अपनी बैठक करके साफ कर दिया है कि उसके निशाने पर विपक्षी गठबन्धन का विमर्श ही रहेगा जिससे वह अपना विमर्श जनता में लोकप्रिय बना सके परन्तु लोकतन्त्र में असल विमर्श वही होता है जिसे आम जनता स्वीकार करती है क्योंकि वही लोकतन्त्र की असली मालिक होती है और देश के संविधान पर उसे पूरा भरोसा होता है और वह मानती है कि भारत में जो भी होगा वह संविधान की कसौटी पर खरा उतरने वाला ही होगा। अतः विपक्षी गठबन्धन इन चुनावों में संविधान का मुद्दा जिस तरह उठा रहा है और लोक कल्याणकारी राज की आवाजें जिस तरह जनता के बीच ही गूंज रही हैं, वह भी देखने वाली बात होगी। इस सम्बन्ध में हमें सबसे पहले यह समझ लेना चाहिए कि भारत के संविधान को भारत के लोगों ने ही अपने ऊपर लागू करने की 26 जनवरी, 1950 को कसम खाई थी जिसमें सामाजिक असमनता से आर्थिक विषमता दूर करने के लिए सरकारों को विशेषाधिकार दिये गये थे और प्रत्येक व्यक्ति के निजी सम्मान व गौरव की गारंटी दी गई थी। चुनावों के माध्यम से हर पांच वर्ष बाद देश की जनता अपने इन्हीं अधिकारों को पुनर्स्थापित करती है और ऐलान करती है कि भारत ऐसा देश है जिसमें आम आदमी की सत्ता में सीधी भागीदारी उसके चुने हुए प्रतिनिधियों के माध्यम से होती है। इसीलिए लोकतन्त्र में संसद में बहुमत के आधार पर चुनी गई विशेष राजनैतिक दल की सरकार शपथ लेते ही हर उस मतदाता की सरकार भी हो जाती है जिसने बहुमत वाले राजनैतिक दल के खिलाफ चुनावों में वोट दिया होता है। यही वजह कि अल्पमत में रहने वाले विपक्षी दलों की संसद के माध्यम से सत्ता में भागीदारी करने की व्यवस्था हमारी संसदीय प्रणाली में है। संसद में सत्ता और विपक्ष के सदस्यों के बीच गरमागरम या जोरदार बहसें अकारण ही नहीं होती बल्कि उनसे तय होता है कि सत्ता पक्ष में बैठे दल की नीतियों में जरूरत पड़ने पर जनता के हित में संशोधन किया जा सके। इसीलिए लोकतन्त्र को लोकसंवाद की प्रणाली भी कहा जाता है। संसदीय प्रणाली को स्थापित करने वाले हमारे दूरदृष्टा पुरखे हमें यही समझा कर गये हैं कि लोकतन्त्र में गठित सरकार मालिक जनता की सेवा करने के लिए होती है जिसे हर पांच साल बाद जनता ही उसे उसकी मेहनत का मेहनताना देती है। अतः सभी राजनैतिक दलों की पुरजोर कोशिश होनी चाहिए कि चुनावी जन-विमर्श केवल आरोप-प्रत्यारोप का प्रदर्शन होकर न रह जाये बल्कि संसद से लेकर सड़क तक सार्थक विषयों का पुलिन्दा हो।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

समृद्धि न्यूज़



# 20 जुलाई से मोहर्रम शुरू, 29 जुलाई को होगा अशरा

- ताजियों के जुलूस में शाहजहांपुर गोला मार्ग, बरबर चौराहे को नहीं किया जायेगा अवरुद्ध, शिव भक्तों को नहीं होगी कोई यात्रा में दिक्कत

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

गम का महीना मोहर्रम 20 जुलाई से शुरू, पैगंबरे इस्लाम के नवासे और हजरत अली के बेटे इमाम हुसैन और उनके परिवार की कर्बला में शहादत की याद में मोहर्रम बड़े जोशो खरोश के साथ पूरे मुल्क में मनाया जाता है, इसी सिलसिले में मोहम्मदी अंजुमन हुसैनिया और मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने बताया कि 20 जुलाई को मोहर्रम की 1 तारीख होगी 20 जुलाई से 29 जुलाई तक लगातार ईरान में तालीम हासिल कर रहे आजमगढ़ के मूलनिवासी मौलाना आजम अजमी बाजार खुर्द और शुक्ला पुर इमामबाड़ा में प्रतिदिन शाम को मजलिस को खेताब फरमाएंगे, उसके बाद अंजुमने हुसैनिया नोहा खानी और मातम करेगी, जो देर रात तक लगातार चलेगा, पाचवी मोहर्रम का जुलूस 24 जुलाई को बाजार खुर्द इमामबाड़े से उठेगा जो नगर का गस्त करता हुआ देर रात इमामबाड़े में समाप्त होगा, सातवी मोहर्रम 25 जुलाई को शाम



को बाजार खुर्द से अलम का जुलूस उठेगा जो शुकलापुर इमामबाड़े मे समाप्त होगा, सातवी मोहर्रम 26 जुलाई को बाजार खुर्द से अलम का जुलूस निकाला जाएगा जो शुक्ला पुर होते हुए देवी स्थान देवी स्थान से नत्थू चौराहा नत्थू चौराहे से पत्नी चौराहा से अशोक चौराहा पीडी इंटर कॉलेज होते हुए मोहल्ला सरैया , सरैया से इस्लामिया इंटर कॉलेज होते हुए जामा मस्जिद जामा मस्जिद से देवस्थान देवी स्थान से नत्थू चौराहा होते हुए इमामबाड़े मे देर रात समाप्त होगा, आठवीं मोहर्रम 27 जुलाई का जुलूस बाजार खुर्द इमामबाड़े से ऊपर शुक्ला इमामबाड़े में समाप्त होगा 10 मोहर्रम 29 जुलाई को प्रातः काल 8-30 बजे ताजियों का जुलूस शुक्ला पुर से उठेगा जो शुक्ला को चौराहा होते हुए नत्थू चौराहा उतरनी चौराहा॥ पानी वाली टंकी अस्पताल रोड होते हुए बर्बर चौराहा बर्बर चौराहे से गैस एजेंसी होते हैं गोरेला में स्थित कर्बला में ताजिए सुपुर्द ए खाक किए जाएंगे अब्बास रखी ने बताया प्रतिदिन अंजुमन हुसैनिया के मातम दास नोहा खानी और मातम,करेगी,

वही कावण यात्रा मे चल रहे शिव भक्तों को देखते हुऐ कमेटी ने बरबर चौराहा पर ताजियों का जुलूस नही रोका जाऐगी,न वहा अलवैदाई मातम किया जाऐगा,जिससे शिव भक्तों को कोई असुविधा हो।

# महा जनसंपर्क अभियान : राज्यमंत्री ने बार एसोशिएसन अध्यक्ष के साथ सीट टू सीट संपर्क अभियान चलाया

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदी विधान सभा के विधायक/दर्जा प्राप्तराज्य मंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत मध्यान्ह 3 बजे बार एसोशिएसन के अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता के साथ तहसील में सभी अधिवक्ताओं के सीट टू सीट जाकर पत्रक दिया और वर्ष 2024 चुनाव के लिए पार्टी के प्रति सहमति जताते हुए मिसकॉल लगबाई उनके साथ आदित्य कुमार सिंह एडवोकेट, अवनीश कुमार गुप्ता एडवोकेट,



नीरज रस्तोगी एडवोकेट, राजपाल सिंह एडवोकेट, सुशील त्रिवेदी एडवोकेट, मानस त्रिवेदी एडवोकेट सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### शांति देवी मानव सेवा समिति ने मरीजों व तीमारदारों को बांटे कोकोनट पेय

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवाँ में भर्ती मरीजों एवं ओपीडी में आए मरीजों तथा उनके तीमारदारों को डाबर के रियल कोकोनट वाटर पौष्टिक पेय पदार्थों को वितरित किया गया। इसके पूर्व कई जगहों पर मानव स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये डाबर रियल का कोकोनट वाटर वितरित किया गया। यह कार्यक्रम शांति देवी मानव सेवा समिति ने एक कदम मानवता की ओर के संकल्प के साथ किया जा रहा हैं। संस्था के प्रबंधक सुधाकर शुक्ला व अन्य पदाधिकारियों के द्वारा यह अभियान चलाकर लोक कल्याण के तमाम कार्य किए जा रहे हैं।इस अवसर पर डाक्टर दीपक यादव डाक्टर कैलाश चंद्र कामरान एवं बीरेंद्र कुमार मधुकर नेत्र परीक्षक सतेंद्र कुमार फर्माशिष्व देवी खुशबू आशा तथा स्टाफ नर्स उपस्थित रही।

### बम भोले के जयकारों के साथ शिवभक्तों का जत्था अमरनाथ यात्रा पर रवाना



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** हर-हर शंभू बम-बम भोले के जयकारों के साथ नगर से 51 शिव भक्तों का जत्था बाबा बर्फानी अमरनाथ यात्रा के लिए निकला है। नगर से अमरनाथ की यात्रा पर जा रहे भक्तों पर पुष्पवर्षा कर जगह जगह स्वागत किया गया। भगवान शंकर के अमरनाथ गुफा में बनने वाले बर्फके शिवलिंग के दर्शन करने के लिए शिव भक्तों में खासा उत्साह है। मंगलवार की रात को नगर से रवाना हुए 51 शिव भक्तों का जत्था बैंड-बाजे की ध्वनि पर आगे बढ़ते हुए मस्ती में झूमते हुए आगे बढ़ रहा था। भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस के जवान मुस्तैद थे। नगर में जगह जगह पुष्प वर्मा कर अमरनाथ यात्रियों को स्वागत किया गया। नगर में काफी संख्या में लोग उन्हें छोड़ने के लिए आगे बढ़ रहे थे। भगवान शंकर के जयकारों व भजनों की ध्वनि से पूरे नगर का माहौल शिव भक्तिमय हो गया। मां नवदुर्गा समिति के 51 सदस्यों का स्वागत स्वागत सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी आदि ने कर उन्हें बस से झांसी स्टेशन के लिए रवाना किया। अमरनाथ यात्रा में पुष्पेंद्र यादव, अनुराग गुप्ता, संतोष पुरवार, लला पुरवार, आदित्य तिवारी, शीलू गुप्ता, विवेक अग्रवाल, अजय राठौर, अन्नू विश्नोई, बबलू विश्वकर्मा, राहुल साहू, भारत गुप्ता, मनीष अग्रवाल, जॉनी वर्मा समेत 51 भक्त रवाना हुए हैं।

### ठेकेदार की गुहार मकान में शटरिंग, लेवर की मजदूरी नहीं दे रहा गृहस्वामी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मकान में शटरिंग व लेवर का करीब साढ़े तीन लाख रुपये का भुगतान गृहस्वामी नहीं कर रहा है। मांगने पर गाली गलौज कर मारपीट की धमकी दे डाली। पीड़ित ठेकेदार ने कोतवाली में तहरीर देकर उसके बकाया रुपये दिलाने की गुहार लगाई है। उरई कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बघौरा निवासी अरविंद कुमार ने पुलिस को बताया कि उसे उरई रोड पर एचपी पैट्रोल टैंक के सामने एक मकान बनाने का ठेका मिला था। जिसके लेंटर के लिए उसने प्लाई और मजदूरों को दिया था। पूरा ठेका साढ़े आठ लाख रुपये में तय हुआ था। जिसमें से उसे पांच लाख रुपये मिल चुके हैं। शेष साढ़े तीन लाख रुपये गृहस्वामी ने उसे कुछ दिन बाद देने के लिए कहा था। तबसे लगभग तीन माह बीत चुके हैं। कार्य भी बंद हो चुका है। लेकिन गृहस्वामी उसे भुगतान नहीं कर रहे हैं। जब वह रुपये मांगने के लिए गया तो उन्होंने गाली, गलौज करते हुए रुपये देने से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं आइंदा रुपये मांगने पर मारपीट की भी धमकी दे डाली। पीड़ित ने बताया कि उसे मजदूरों का भुगतान करना है। ऐसे में उसे रुपयों की आवश्यकता है। पीड़ित ने पुलिस से उसके रुपये दिलाने की गुहार पुलिस से लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मकान के सामने पालतू गधे बांधने से सड़क पर फैलती गंदगी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी द्वारा घर के सामने पालतू गधे बांधने से आम रास्ते में लोगों को निकलने में दिक्कत होने एवं सड़क पर गंदगी होने की शिकायत एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला दलालनपुरा निवासी हरीशंकर ने एसडीएम सुरेश कुमार को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ले में पड़ोसी उसके घर में के सामने आम रास्ते में पालतू गधे बांध देते हैं। आम रास्ते में गधे बांधने से रास्ते से होकर लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। इतना ही नहीं गधे रास्ते में ही गोबर व गंदगी फैलाते हैं। जिससे बदबू निकलती है। ऐसे में न सिर्फ मच्छर पनप रहे हैं बल्कि बारिश के मौसम में संक्रामक रोगों की आशंका भी है। जब पड़ोसियों को गधे रास्ते पर बांधने से मना करते हैं तो वह झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। मोहल्लेवासी ने एसडीएम से आम रास्ते पर गधे बांधने से पशुपालकों को रोकने की मांग की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम का शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को दो और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम का शुभारंभ हो गया। जिसमें सीएचसी नकहा पर विधायक योगेश वर्मा ने और सीएचसी खमरिया पर विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने हेल्थ एटीएम की शुरुआत की। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि उनकी निधि से इस हेल्थ एटीएम की शुरुआत जनता को समर्पित है। वह निरंतर यह प्रयास करते हैं कि कैसे आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकती हैं और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जब उनसे इस विषय में बात की गई तो उन्होंने इस पर तत्काल काम करने के लिए कहा था। जिसके



परिणाम स्वरूप आज इस हेल्थ एटीएम की शुरुआत हो गई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता की इस पहल की प्रशंसा की।

वहीं विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने सीएचसी खमरिया पर हेल्थ एटीएम कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि वह जनता के लिए इस एटीएम को समर्पित कर रहे हैं। यह हेल्थ एटीएम आम जनमानस को स्वास्थ्य की बेहतर सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगा। साथ ही उन्होंने ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की निरंतर कोशिश कर रहा है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि इससे पहले पलिया, मितौली, और बेहजम सीएचसी पर हेल्थ एटीएम की शुरुआत हो चुकी है। वहीं अब सीएससी नकहा और सीएचसी खमरिया पर हेल्थ एटीएम के शुरू होने से पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एटीएम की सुविधा आम जनमानस को मिलने लगी है। इस हेल्थ एटीएम के माध्यम से 98 जांचे आवश्यकता अनुसार की जा सकती हैं। किससे डॉक्टर्स को मरीजों की बीमारी को जानने और समझने व उनका बेहतर इलाज करने में मदद मिलेगी। इस दौरान सीएचसी नकहा अधीक्षक डॉ रामू सिंह और सीएचसी खमरिया अधीक्षक डॉ पंकज भारद्वाज सहित अन्य डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कस्बा कोटरा की मुख्य सड़क से वाहनों का निकलना खतरे से खाली नहीं



- कीचड़युक्त सड़क पर रोडवेज बस-ट्रक घंटे तक फंसे रहे
- बाइक ले जो भी निकला वह कीचड़ में गिरकर निकले गंतव्य को

**कोटरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिले के अंतिम छोर पर बसे कस्बा कोटरा की मुख्य सड़क आजकल पैदल राहगीरों के लिये ही नहीं बल्कि चारपहिया व दोपहिया वाहन चालकों के लिये भी खासी परेशानी का सबब बनी हुयी है। बुधवार को तो कीचड़युक्त से सड़क पर ही रोडवेज बस व एक ट्रक घंटों तक फंसे गये बाद में बमुश्किल व निकल पाया। उसी दौरान वहां से जो भी दोपहिया वाहन लेकर वह कीचड़ में बाइक सहित गिरता हुआ गंतव्य को निकल पाया।

आम लोगों के बीच में धारणा रहती है कि किसी भी नगर व महानगर में यदि आवागमन के लिये अच्छी सड़कें होती है तो वह नगर के विकास का पैमाना माना जाता है। लेकिन कस्बा कोटरा की तीन किमी की मुख्य सड़क पूरी तरह से कीचड़युक्त बनी हुयी है। हैरानी की बात तो यह है कि उक्त मुख्य सड़क से न तो कीचड़ हटाने का जिम्मेदार अधिकारी प्रयास कर रहे हैं और न ही उसका निर्माण कराने की सुध ले रहे हैं। जबकि कस्बा को जोड़ने वाली यही मुख्य सड़क है। ऐसी स्थिति में यदि कोई कस्बावासी बीमार हो जाये तो उसके परिजन चाहकर भी किसी अस्पताल में भर्ती नहीं करा सकते। इस सड़क से पैदल निकलना तो मुश्किल होता ही है साथ ही यदि कोई दोपहिया वाहन चालक होशियारी दिखाकर वहां से निकलने का प्रयास भी करता है तो वह कीचड़ से सराबोर ही निकल पाता है। यही हाल भारी वाहनों का देखा जा रहा है। जैसे ही कोई भारी वाहन चालक उक्त सड़क से अपने वाहनों को निकालने का प्रयास करता है तो उसके सभी पहिये कीचड़ में समा जाते है। यही क्रम में पिछले पखवारे भर से चला आ रहा है। बुधवार को तो मुख्य सड़क पर ही रोडवेज बस व एक ट्रक कुछ ही दूरी पर कीचड़ में फंस गये जिससे कई घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा। कस्बावासियों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित कराते हुये मांग की है कि कीचड़युक्त मुख्य सड़क का बरसाती सीजन में ऐसी व्यवस्था करायी जाये ताकि वहां से राहगीरों का निकलना आसान हो सके।

# दिव्यांगता के फील्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं को मिलेगा पुरस्कार, करें आवेदन

- 25 जुलाई तक तीन प्रतियो में दफ्तर में उपलब्ध कराएं प्रस्ताव

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा ÷विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर 03 दिसम्बर को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियो / संस्थाओं को विभिन्न श्रेणी के राज्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उक्त आशय की जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए जाने वाले राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए इच्छुक व्यक्ति, दिव्यांग, संस्था अथवा स्वैच्छिक संगठन अपना प्रस्ताव तीन प्रतियो मे कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को 25 जुलाई तक उपलब्ध कराने का कष्ट करे। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी प्रस्ताव स्वीकार्य नही होगा।

**इन श्रेणियों में मिलेगा पुरस्कार**

दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।
दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेन्सी के लिए सेवायोजको को राज्य स्तरीय पुरस्कार।
दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।
प्रेरणास्रोत हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार।
दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।
दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।
दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के राज्य स्तरीय पुरस्कार।
सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार।
सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।
दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेवसाइट हेतु राज्य स्तरीय पुरस्कार।
सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।
दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार।

### विद्युत चोरी कर एसी चलाने वाले पर करायी गयी प्राथमिकी दर्ज

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** विद्युत उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में जेई पैश्वनी राम, टीजीटू नरेंद्र सोलंकी एवं टीम के साथ नगर के मोहल्ला रावतान में बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जब टीम मोहल्ले में स्थित वीरेंद्र के आवास पर पहुंची और निरीक्षण किया तो वह मीटर के अतिरिक्त एक अन्य केबिल के माध्यम से पीछे से अवैध रूप से बिजली जलाते हुए मिले। इतना ही नहीं उनके परिसर में दो एसी भी मिली जिसके अनुरूप विद्युत भार का कनेक्शन नहीं मिला। टीम ने केबिल काटकर कब्जे में ले ली। इस संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान वीरेंद्र के आवास में दो एसी मिले एवं अतिरिक्त केबिल के माध्यम से बिजली चोरी होती मिली। उपभोक्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

# विश्वेश्वर सिंह ने संभाला न्यायिक एसडीएम कालपी का चार्ज

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

आज कालपी में 2021 बैच के पीसीएस अधिकारी विश्वेश्वर सिंह ने न्यायिक एस डी एम कालपी का पद भार ग्रहण किया। इस मौके पर कालपी उप जिला अधिकारी केके सिंह भी मौजूद रहे। आपको बताते चले कि पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पूंछने पर बताया कि इसके पूर्व वे कानपुर, इटावा, आगरा, कन्नौज, और गाजियाबाद में सेवायें दे चुके हैं इतना ही नहीं अभी वे ललितपुर की तालबेहट तहसील में न्यायिक एसडीएम की पोस्ट में थे और अब वे कालपी तहसील में न्यायिक एस डी एम का कार्य देखेंगे। उन्होंने पूंछने पर बताया की वादकारियों का हित सर्वोपरि रहेगा उनका प्रयास होगा कि



कोई भी ऐसा कार्य न हो जिससे किसी को परेशानी हो उन्होंने कहा कि वे केवल न्यायिक कार्य ही देखेंगे बाकी सारे काम पूर्व की तरह सीनियर पीसीएस एसडीएम कालपी केके सिंह ही देखेंगे।

एसडीएम कालपी केके सिंह ने विश्वेश्वर सिंह के चार्ज लेने के बाद खुशी का इजहार प्रकट किया और बताया कि वे दोनों अधिकारी पूर्व में भी साथ साथ ललितपुर जनपद में कार्य कर चुके हैं।

# कालपी तहसील क्षेत्र में एक और बनेगा 1300 हेक्टयर में सोलर प्लांट

- जमीन तलाश हेतु तहसीलदार कालपी समेत राजस्व टीम ने किया महेवा क्षेत्र का मुआयना
- 450 हैक्टेयर मिली, 350 हैक्टेयर सरकारी भूमि बाकी 100 किसानों से मिलने की संभावना

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बहुत शीघ्र ही कालपी तहसील क्षेत्र के महेवा ब्लॉक अंतरगत एक और सोलर प्लांट लगने की कवायद पूरी हो जायेगी। सोलर प्लांट की स्थापना के लिये कंपनी को 1300 हैक्टेयर जमीन के लिये राजस्व अधिकारी लगातार ग्रामीणांचल में भ्रमण कर जमीन का निरीक्षण भी करने में जुटे हुये हैं।

महेबा ब्लाक में सोलर प्लांट के लिये प्रशासन सरकारी जमीन उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। अब देखना है कि कंपनी को जगह कब तक मिल पाती है और उस पर कार्य भी तेजी से कब से शुरू हो जाएगा लेकिन इतना तय है कि जिस प्रकार से स्थानीय प्रशासन जुटा है उससे पता चलता है कि कार्य जल्द ही शुरू हो जाएगा। आपको बताते चले कि बीते दिन कालपी उप जिलाधिकारी केके सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तहसीलदार शेर बहादुर सिंह और नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह ने महेवा क्षेत्र में सरकारी भूमि का मुआयना किया इस मौके पर उनके




साथ जमीनी मामलो के माहिर लेखपाल प्रमोद दुबे भी मौजूद रहे। जानकार सूत्रों की माने तो राजस्व टीम से कंपनी को 250 हेक्टेयर ग्राम पाल सरैनी में जबकि 200 हेक्टेयर ग्राम मलथुआ में मिलने की उम्मीद है जबकि जरूरत 1300 हेक्टेयर की है और इन मौजों में और ज्यादा से ज्यादा 100 हेक्टेयर किसानों से भी मिलने की उम्मीद जगी है अब देखना है कि यह प्रोजेक्ट कालपी में कब तक शुरू हो पाता है। फिलहाल प्रशासन का प्रयास जारी है।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पहला सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना सदरपुर क्षेत्र के ग्राम चलंकापुर में बुधवार सुबह एक महिला ने गले में फंदा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार थानागांव थाना क्षेत्र के गुलरिहा गांव निवासी सागर यादव ने 6वर्ष पूर्व अपनी बेटी प्रीति यादव की शादी ग्राम सरैंया चलाकापुर थाना सदरपुर के रहने वाले अखिलेश यादव पुत्र बिंद्रा के साथ अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर धूमधाम से की थी।शादी के बाद प्रीती ने दो बेटों को जन्म दिया जिसमें बड़ा बेटा दीपांशु 5 और दूसरा दिवांश 3 साल का है। परंतु अज्ञात कारणों के चलते पति पत्नी में आये दिन लड़ाई



झगड़ा होता रहता था। जिससे तंग आकर प्रीति यादव (25 वर्ष) ने बुधवार की सुबह अपने बच्चों के लिए नाश्ता बनाकर उन्हें पढ़ने के लिए भेज दिया। जब सास आई तथा कमरे के अंदर का दृश्य देखकर वह दंग रह गई और शोर मचाने लगी शोर सुनकर उसी के पास व गांव के लोग और पति पहुंच गए। पति ने देखा कि उसकी पत्नी प्रीति यादव फांसी के फंदे से झूल रही थी। इसकी सूचना थाना सदरपुर को दी गई सूचना पाते ही सदरपुर थानाध्यक्ष अजय कुमार रावत अपने दल बल के साथ पहुंचकर शव को नीचे उतारवाया। सूचना पाकर मायके वाले भी आ गए इस संबंध में मृतका के पिता राम सागर यादव ने किसी पर भी किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव पी एम हेतु जिला मुख्यालय के लिए भेज दिया इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया की तहरीर में कोई आरोप नही लगाया गया है पी एम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# पुलिस को चमका दे रहा वारंटी गिरफ्तार

**जगम्मनपुर (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

पिछले ढाई दशक से पुलिस को चमका देकर फरारी काट रहे एक वारंटी को जगम्मनपुर चौकी इंचार्ज गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी की सक्रियता से क्षेत्र में वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार जगम्मनपुर चौकी प्रभारी राजकुमार निगम अपने हमराहियों के साथ गश्त पर थे तभी मुखबिर की सूचना मिली कि 25 वर्षों से फरारी काट रहा वारंटी जायघा पुलिया के समीप बाहर भागने के लिये वाहन का इंतजार कर रहा था तभी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 82/83 के नामजद वारंटी कुल्लू उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल्लू पुत्र सुरेंद्र चंदेल निवासी जगम्मनपुर थाना रामपुरा को मारपीट तथा गाली गलौज के मामले में विगत 25 वर्षों से वांछित वारंटी फरार चल रहा था। वारंटी को गिरफ्तार करने के लिये पुलिस निरंतर प्रयास कर रही थी लेकिन वह पुलिस को चमका देने में सफल हो जाता है। चौकी प्रभारी राजकुमार निगम का कहना था ऐसे असमाजिक तत्वों को खुली हवा में चैन की सांस नहीं लेने दी जायेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र को अपराध मुक्त करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। जो भी अपराध करने का प्रयास करेगा उसको किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जायेगा।

# प्रकृति का वरदान है सहजन : जिला विकास अधिकारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

सहजन का वृक्ष, प्रकृति का अनुपम वरदान है, आयुर्वेद के अनुसार सहजन वृक्ष के जड़, तना, पत्ती, फूल फल और छाल सभी उपयोगी हैं। इसकी पत्तियों में असाधारण रूप से पोषक तत्वों की उपलब्धता इसे दूध के समान उपयोगी बनाती है। सहजन की पत्तियों को छाँव में सुखाते हुए इसका पाउडर बनाकर बच्चों के आहार में सम्मिलित किए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त कुपोषण की समस्या को दूर किया जा सकता है क्योंकि इस प्रकार तैयार पत्तियों के चूर्ण की दो चम्मच मात्रा में लगभग आधा लीटर दूध के समान पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह चूर्ण स्वादहीन होने के कारण किसी भी भोज्य पदार्थ में आसानी से मिलाया जा सकता है। किसान भाइयों को अपने खेत की मेड़ों अथवा अपनी किसी भी रिक्त भूमि पर सहजन का पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किसान दिवस की बैठक में किसान भाइयों से सहजन के महत्व के बारें में बताते हुए उक्त अपील की गयी। उप कृषि निदेशक सीतापुर द्वारा किसान भाइयों को मोटे अनाजों की खेती हेतु प्रोत्साहित करते हुए बताया गया कि मोटे अनाजों की खेती अन्य फसलों की तुलना में कम समय तथा कम लागत में की जा सकती है आज पूरा विश्व मोटे अनाजों के पोषण गुणों से परिचित हो रहा है जिससे आने वाले समय में इनकी तेजी से मांग बढ़ेगी। किसान भाइयों को इस सुअवसर का लाभ उठाना चाहिए तथा मोटे अनाजों की खेती को भी महत्व देना चाहिए।



किसान दिवस की बैठक में जिला कृषि अधिकारी मनजीत कुमार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वरिष्ठ मण्डी विपणन निरीक्षक द्वारा फसलों के जी0आई0 टैग के महत्व के विषय में जानकारी दी गयी तथा उपस्थित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा किसानों के लिए चलायी जा रही योजनाओं से अवगत कराया गया।

# नगर विकास मंत्री ने रामनगर पंचायत का किया निरीक्षण, सफाई व्यवस्था पर जताया सन्तोष

रामनगर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



**नगर विकास** एवं ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने नगर पंचायत रामनगर का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया।उन्होने लोधेश्वर महादेवा के प्रशिद्ध शिव मंदिर पहुचकर शिव की पूजा अर्चना कर समाज के कल्याण की कामना की।नगर विकास मंत्री श्री शर्मा बुधवार की दोपहर को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर सबसे पहले सभी सफाई कर्मियो का हाल चाल लिया।उन्होने अध्यक्ष कक्ष मे बैठकर सभी सभासदों से परिचय प्राप्त किया।नगर में सफाई व्यवस्था बनाए रखना आप लोगों की भी जिम्मेदारी है इसलिए इस कार्य में चेयरमैन का सहयोग करें।सभी लोग अपने अपने वार्ड का दायित्व संभाल लेंगे तो पूरा नगर अपने आप साफ हो जाएगा नगर कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष रामशरण पाठक ने नगर विकास मंत्री को मांग पत्र सौंपा।नगर विकास मंत्री ने कस्बे के मोहल्ला रानी एक का निरीक्षण कर साफ सफाई का जायजा लिया सड़क के किनारे नाले को ढक्कन से बंद कराने के निर्देश दिये।मंत्री श्री शर्मा ने मौके पर मौजूद नगर वासियों से बातचीत करते हुए नगर को साफ सुथरा बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।इस दौरान नगर विकास मंत्री एके शर्मा पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी नगरों में स्वच्छता का अभियान चलाया जा रहा है।नगरों में सफाई भी खूब हुई है लेकिन एक सप्ताह का नगर सफाई महा अभियान का विशेष कार्यक्रम चलाकर प्रदेश के सभी नगर पालिका और नगर पंचायतों में सफाई करवाई जा रही है इसी महा अभियान के तहत आज नगर पंचायत रामनगर का निरीक्षण किया गया।बिजली की हो रही कटौती को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि जून और जुलाई माह में गर्मी बहुत पड़ रही है वैज्ञानिकों के आंकड़ों के मुताबिक मानव सभ्यता के इतिहास में जून माह में जितनी गर्मी इस वर्ष हुई है उतनी पहले कभी नहीं हुई।इसी गर्मी के चलते बिजली की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती है जिसको लेकर समस्या पैदा हुई लेकिन विभाग के द्वारा बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर मेहनत की जा रही है।नगर विकास मंत्री ने उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक पूजन अर्चन कर अमन-चैन के लिए देवाधिदेव लोधेश्वर महादेव से प्रार्थना की।महादेवा के स्थानीय नागरिकों ने ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार महादेवा क्षेत्र को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति निश्चित कराने तथा सोलर लाइट लगवाये जाने की मांग की।ऊर्जा मंत्री के निरीक्षण के दौरान विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह अपर जिला अधिकारी अरुण कुमार सिंह उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान तहसीलदार कविता ठाकुर नायब तहसीलदार अभिषेक यदुवंशी वरिष्ठ लिपिक रामकरन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ऊर्जा मंत्री ने पारिजात दर्शन कर किया कल्याण की प्रार्थना



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने महाभारत कालीन पारिजात वृक्ष के दर्शन पूजन कर अपने परिवार एवं प्रदेश के कल्याण की कामना किया। महादेवा में दर्शन पूजन के बाद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा का काफिला ग्राम बरौलिया स्थिति पारिजात धाम पहुंचा। जहां मंत्री ने विधिवत पौराणिक पारिजात वृक्ष के दर्शन पूजन किए। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री से बदोसराय कस्बे के लोगों ने कस्बे की बदहाल विद्युत आपूर्ति को लेकर शिकायत करते हुए कहा कि कस्बे में ट्रांसफार्मर की संख्या बढ़ा कर केबिल बदलवा दिया जाए। इस पर मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि अधिकारियों से बात कर सुधार कराया जाएगा। इस दौरान एमएलसी अंगद सिंह, नगर पंचायत रामनगर के अध्यक्ष रामसरन पाठक, एसडीएम विश्व मित्र सिंह,लेखपाल सुभेन्द्र अवस्थी सहित तमाम लोग मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### खेत गए दो किसानों पर तेंदुए ने किया हमला, एक की हालत गम्भीर

**बेलहरा बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र मे एक बार फिर तेंदुए दहशत कायम हो गई है।खेत गए दो लोगो पर तेंदुए ने हमला बोल दिया जिसमे दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए।जिनको इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि दूसरे का इलाज जारी है। सूचना उपरांत मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कांबिंग शुरू कर दी है।फिलहाल क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत अहिल्लापुर मजरे पारा गांव के पश्चिम बुधवार सुबह करीब 10 बजे इसी गांव के निवासी जगजीवन प्रसाद (45) पुत्र सोहनलाल,धनीराम (35) पुत्र जगदेव खेत मे जानवरो के लिए घास काटने गए हुए थे। तभी अचानक तेंदुए ने धनीराम पर जानलेवा हमला कर दिया है।धनीराम के चिल्लाने पर पास के खेत में मौजूद जगजीवन ने बचाने की कोशिश की तो तेंदुए ने उनको भी घायल कर दिया।शोर सुनकर बड़ी संख्या मे ग्रामीण लाठी-डंडा लेकर मौके पर एकत्रित हो गए जिसके बाद तेदुआ भाग कर पास ही राम शंकर वर्मा के बाजरे के खेत मे घुस गया।दोनो घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज में भर्ती कराया गया जहां दोनो का प्राथमिक उपचार कर धनीराम को जिला अस्पताल रिफर कर दिया है जबकि जगजीवन का इलाज सीएचसी मे चल रहा है। वही मौके पर एकत्रित हुए ग्रामीणो ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस व वन विभाग की टीम को दी।मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कांबिंग शुरू की लेकिन समाचार भेजे जाने तक तेंदुआ वन विभाग की पकड़ से दूर था।तेंदुए की मौजूदगी से एक बार फिर क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया है।कुछ दिन पूर्व इसी क्षेत्र के अकम्बा गांव मे तेदुआ देखा गया था जिसको लोग अभी तक भूल नही पाए है।वही किसानो का कहना है कि इस समय धान की फसल की रखवाली की जा रही है,अगर तेंदुआ पकड़ा नही गया तो और लोगो पर भी हमला कर सकता है।इस संबंध में वन विभाग के क्षेत्राधिकारी पीके सिंह ने बताया कि किसी जंगली जानवर के हमले में दो लोग घायल हुए है टीम मौके पर मौजूद है,पिंजरा लगाया जा रहा है,पगचिन्ह को लैब भेजा जाएगा जहां तेंदुआ की पुष्टि होगी।

### ई रिक्शा में रोडवेज ने मारी टक्कर, एक महिला की मौत, नौ लोग घायल

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ अयोध्या हाइवे पर स्थित अतरौली मोड़ के निकट एक दर्जन सवारियों को लेकर हाइवे को पार कर रहे बैटरी चालित ई रिक्सा को तेज रफ्तार से आ रही रोडवेज बस ने टककर मार दी। ई रिक्सा मे सवार एक महिला की मौक़े पर ही मौत हो गयी तथा करीब 9 लोग घायल हो गये। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जिसमे तीन की हालात चिंताजनक बनी हुई है। असंद्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पंडितपुरवा मजरे टांडा निवासी सितारा पत्नी कल्लू, विजय बहादुर पुत्र बुद्धू, पिंकी पत्नी दयाशंकर, रामकुमारी पत्नी रवि शंकर, मायारानी पत्नी उमा शंकर, सुकाला पत्नी फूलेराज, मिठाई लाल पुत्र विजय बहादुर, महेक पुत्री उमाशंकर सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम छब्बा शुक्ल पुरवा गांव निवासी वीरेन्द कुमार पुत्र नौमी लाल के अन्तिम संस्कार मे आये थे अंतिम संस्कार के बाद सभी लोग ई रिक्सा से घर वापस जा रहे थे। ई रिक्सा अतरौली मोड़ के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर उधौली की ओर मुड़ ही रहा था कि तभी लखनऊ से गौरखपुर तेज रफ्तार से जा रही रोडवेज बस ने जोरदार टककर मार दी जिससे ई रिक्सा मे बैठे सभी लोग घायल हो गये और 50 वर्षीय महिला सितारा पत्नी कल्लू की मौक़े पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया जिसमे तीन घायलों की हालत चिंताजनक होने के कारण ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर किया गया है वही मृतक महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। **चीख पुकार सुन थम गया हाइवे का आवगमन:** बुधवार खड़ी दोपहर करीब 2बजे घटित घटना के बाद ई रिक्सा मे सवार लोगो की चीख पुकार सुनकर हाइवे का आवागमन थम गया देखते ही देखते सैकड़ो लोगो की भिड़ जमा हो गयी इसी बीच मौका पाकर बस चालक फरार हो गया।

### सभी राशन दुकानोपर राज्यमंत्री ने करवाया पौधरोपण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत खाद्य रसद विभाग ने बुधवार को सभी राशन दुकानों पर पौधरोपण कराया। विभाग द्वारा प्रत्येक सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान, पेट्रोल पंप व गैस एजेंसियों पर दो दो पेड़ लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी निर्देश के पालन में बुधवार को पूर्तिनिरीक्षक सिरौलीगौसपुर अनुज कुमार सिंह द्वारा उचितदर विक्रेताओं को इस आशय के निर्देश दिए गए । जिसके बाद प्रत्येक उचित दर विक्रेता ने अपनी दुकानों पर दो पेड़ लगाए हैं। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक द्वारा स्वयं वृक्षारोपण कर उचित दर विक्रेताओं को प्रोत्साहित किया गया है। इस प्रक्रिया में पूर्ति निरीक्षक द्वारा ग्राम पंचायत मेलारायगंज,सहरी ,बरौलिया में स्वयं वृक्ष लगाकर उचित दर विक्रेताओं को जागरूक किया गया । इस सम्बन्ध में पूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 22 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण अभियान को लेकर राशन की दुकानों पर पेड़ लगाकर लोगों को जागरूक किया गया है। बुधवार को विकास क्षेत्र सिरौलीगौसपुर में करीब 200 पेड़ लगवाए गए हैं।

### स्वास्थ्य संयुक्त निदेशक ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हकीकत जानी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** संचारी रोग नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे दस्तक अभियान की हकीकत जानने के लिए संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डाक्टर एस के रावत ने गांव पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त निदेशक ने ग्रामीणों से बात चीत कर अभियान की हकीकत परखी। इसके बाद उन्होंने बाढ क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। बुधवार को संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने डिप्टी सीएमओ डॉ आफताब एंव सीएचसी अधीक्षक डाक्टर संतोष सिंह के साथ ग्राम सिरौलीगौसपुर में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ भ्रमण कर संचारी रोग दस्तक अभियान की ग्रामीणों से जानकारी हासिल किया। तत्पश्चात संयुक्त निदेशक ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ बाढ़ क्षेत्र के ग्राम सनांवा, भयापुरवा, टेपरा ,कुर्मिन टेपरा, कहारनपुरवा, भौरीकोल, गोबरहा, कोठीडीहा, सिरौलीगुंग, आदि का भ्रमण कर संचारी रोग नियंत्रण अभियान दस्तक की तैयारियों के साथ गति विधियों का जायजा लिया । उन्होंने ने ग्रामीणों से स्वास्थ्य के बाबत बातचीत किया।इस मौके पर अभिषेक सिंह ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर चन्द्रेश वर्मा लैब असिस्टेंट अभय प्रताप सिंह,आशा संगिनी नीतू ,आशा बहू अंकिता गुप्ता सुमन देवी आदि मौजूद रहीं।

# डीएम-एसपी ने बाढ़ प्रभावित हेतमापुर का किया निरीक्षण

बेलहरा, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी** व पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को हेतमापुर के संभावित बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ से निपटने के लिए की गई तमाम तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान खामियों देख नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।

ज्ञात हो की हर साल बरसात में सरयू (घाघरा) नदी अपना रूद्र रूप धारण कर लेती है। बाढ़ आने से हेतमापुर इलाके के अकौना, सरसंडा, बतनेरा, पर्वतपुर चार पंचायतों के तीन दर्जन छोटे-बड़े गांव प्रभावित हो जाते हैं। इसको देखते हुए बुधवार दोपहर डीएम अविनाश सिंह, एसपी दिनेश सिंह निरीक्षण हेतु हेतमापुर तटबंध पर पहुंचें। यहां पुल पर हेतमापुर सम्पर्क मार्ग का एप्रोच मार्ग का अधूरे कार्य देख पीडब्ल्यूडी के अधिकारी एवं कर्मचारियों को खोजना शुरू किया। वहां नदारद देख फोन से स्पष्टीकरण मांगा। उसके बाद बाढ़ खंड के अभियंता शशी कांत सिंह से पानी बहाव की जानकारी ली। उन्होंने बताया की इस बार आगे की पुलिया बहाव से क्षतिग्रस्त हो सकती है। डीएम ने उन्हें शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं बीडीओ प्रीति वर्मा और एडीओ पंचायत ऋषिपाल से हैंडपंप ऊंचे करने की बात कही और बाढ़ के समस्त कार्य अतिशीघ्र पूरें किए जाने के निर्देश दिए हैं।इस के बाद डीएम ने सरसंडा गांव में कटान के मुहाने पर स्थित पंचायत भवन को देखा। नदी की कटान रोकें जाने के लिए अभियंता शशिकांत से अनेक सुझाव मांगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीमों से जानकारी हासिल करने की कोशिश की तो उन्हें वहां कोई नहीं मिला। वहीं तटबंध के साथ में पर्वतपुर गांव भी देखा। निरीक्षण के अंत में एसडीएम रामनगर अनुराग सिंह,नायाब तहसीलदार अभिषेक यादव से अटहारी गांव की जानकारी ली।विस्थापित परिवार के बारे में पूछा तो तहसील प्रशासन की टीम ने बताया कि करीब 169 बाढ़ पीड़ितों विस्थापित किये जाने है। 118 लोगों को भूमि, आवास का लाभ दिया जा चुका है। निरीक्षण के मौके बिजली विभाग के जेई एसपी मिश्रा,इंस्पेक्टर विनोद कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीबीटी के द्वारा छात्रों के खाते में भेजा गया यूनीफॉर्म स्टेशनरी क्रय करने के लिए पैसा

**मसौली,बाराबंकी।** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षारत छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा व स्टेशनरी ऋय हेतु धनराशि का बैंक खाते में ष्डब्ज्ष् के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जूम कार्यक्रम मे जिला पंचायत सदस्य रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा ने ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव मे शिक्षकों के साथ बैठकर प्रसारण देखा। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहतर भविष्य ,उन्नत भविष्य कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा व स्टेशनरी ऋय हेतु धनराशि का बैंक खाते में ष्डब्ज्ष् के माध्यम से अंतरण प्रक्रिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रारंभ किया। जिसका लाइव प्रसारण विकास खण्ड के सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों व अभिभावकों के मध्य दिखाया गया।बीआरसी केंद्र बड़गांव पर डीबीटी एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का शुभारंभ भाजपा नेता व सदस्य जिला पंचायत राम सिंह वर्मा उर्फ भुल्लन ने किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि विकास खण्ड में अध्ययनरत 17000 बच्चों के अभिभावकों के खातों में प्रति छात्र 1200रुपये की धनराशि डीबीटी प्रक्रिया के तहत भेजा गया है। जिससे अभिभावक अपने बच्चों की कम्प्लीट यूनिफॉर्म व एक सौ रुपये की धनराशि से स्टेशनरी ऋय करेंगे। बीईओ श्री शुक्ला ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व होगा कि अभिभावकों द्वारा डीबीटी से प्राप्त धनराशि से ऋय की गई पूर्ण यूनिफॉर्म का फोटो पोर्टल पर अपलोड़ किया जायेगा। इस मौके पर संजय श्रीवास्तव,कार्यलय सहायक पावेल राज,हरिश्चंद्र वर्मा, जितेंद्र दीक्षित सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार प्रमोद श्रीवास्तव ने लगाया राहत चौपाल

**गोरखपुर।** सदर तहसील अंतर्गत जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर नेहा बंधु के निर्देश पर 17 जुलाई से 13 अगस्त तक लगाए जाने वाले राहत चौपाल के अनुपालन में आज बरहमपुर इलाहीबाग प्राथमिक विद्यालय में नायब तहसीलदार सदर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में राहत चौपाल लगाकर मोहल्ले वासियों को जागरूक किया गया जिससे आने वाले बाढ़ से बचा जा सके। जिसमें बाढ़ व अन्य आपदाओं से होने वाली जनहानियों को रोकने के प्रति जनसमुदाय को जागरूक किया गया। नायब तहसीलदार सदर प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देश पर राहत चौपाल लगाकर आम जनमानस को जागरूक करने का कार्य किया जाए जिसके अनुपालन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर के निर्देशन पर सदर तहसील अंतर्गत आज बहरामपुर इलाहाबाद प्राथमिक विद्यालय में राहत चौपाल लगाकर मोहल्ले वासियों को जागरूक किया गया श्री श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के निर्देश पर सदर तहसील के 36 बाढ़ग्रस्त गांव में रोस्टर के अनुसार राहत चौपाल लगाकर आम जनमानस को जागरूक किया जा रहा सदर तहसील क्षेत्र में 17 जुलाई से 13 अगस्त तक बाढ़ के संभावित 36 गांव में राहत चौपाल लगाने के लिए रोस्टर जारी किया गया है। सभी संभावित गांव के विशेष विवरण बंधा, नदी, आश्रय स्थल, उपलब्ध नाव और नाविकों, आपदा मित्रों, गोताखोरों की सूचना के साथ साथ गांव की मूल भूत संरचना तथा उपलब्ध संसाधन का विवरण तैयार किया गया है। बाढ़ चौकी पर सभी ग्रामीणों कों सभी महत्वपूर्ण अधिकारियो के संपर्क नंबरों से अवगत कराया जा रहा है। राजस्व विभाग द्वारा संभावित बाढ़, अतिवृष्टि, बज्रपात, सर्पदंश, पानी में डूबने आदि से बचने के बारे में तथा सिंचाई विभाग के द्वारा बाढ़रोधी कार्यो तथा तटबंधों की सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई।

## साप्ताहिक बाजार बंदी और बाजार में शौचालय निर्माण की हुई मांग, उद्योग बन्धु की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**बाराबंकी।** उद्योग बन्धु की बैठक में व्यापारियों ने पटरी बाजार साप्ताहिक बन्दी के दिन लगने की मांग की वहीं जिलाधिकारी ने आवासीय फायर स्टेशन के बनाये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये निर्देश दिए। शहर के प्रमुख बाजारों में शौचालय की मांग हुई। कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार बाराबंकी में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बंधु की बैठक हुई जिसमें यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड, बाराबंकी में आवासीय फायर स्टेशन के निर्माण एवं विभिन्न अवस्थापना सुविधाओं की प्रगति पर चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि यदि किसी विभाग द्वारा कोई समस्या आ रही है तो उस संबंध में तत्काल अवगत कराये। उन्होंने कहा कि उन्हें इस सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति से अवगत कराएं ताकि शासन स्तर पर इसका समाधान कराया जा सके। शहर के प्रमुख बाजारों में शौचालय की मांग की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि पुराने शौचालयों का सर्वे कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण हेतु क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा को निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि जनपद स्तर पर विभिन्न विभागों से हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 का किन्यावयन सुचारू रूप से किया जा रहा है एवं निवेशकों को निवेश सारथी पोर्टल पर ऑनलाइन फीडिंग करने हेतु कार्यालय में स्थापित हेल्पडेस्क एवं दूरभाष के माध्यम से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है। घंटाघर के पास लगने वाली पटरी बाजार के सम्बन्ध में व्यापारियों ने कहा कि उसे साप्ताहिक बंदी के दिन लगाये जाने की अनुमति दी जाये। सीडीओ ने इस सम्बन्ध में कहा कि ईओ नवाबगंज व उपजिलाधिकारी सम्बन्धित लोगों से मिलकर सर्वे करे व उचित कार्यवाही करें। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (सीएम-एपीएस) के क्रियान्वयन के अंतर्गत प्रधानाचार्य-राजकीय आई.टी.आई. द्वारा समिति को अवगत कराया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को समस्त पात्र इकाईयां विशेषकर विनिर्माण से अंतर्गत जनपद में कारखानों के जुड़ी ऐसी क्रियाशील इकाईयां जो किन्हीं कारणोंवश पंजीकृत न हो सकी हों, से समन्वय स्थापित कर पंजीकरण की प्रगति पर चर्चा की गयी साथ ही निर्माण से जुड़े समस्त विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को नियमित रूप से उनके अधीन कार्यरत निर्माण श्रमिकों का बीओसीडब्लू बोर्ड में जनसेवा के माध्यम से पोर्टल पर पंजीकरण कराये जाने के निर्देश दिए गए।

## एसडीएम ने अतिक्रमण से मुक्त कराई कब्रिस्तान की भूमि

**मसौली बाराबंकी।** कस्बा मसौली जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे स्थित ग्राम पंचायत मसौली की कब्रिस्तान भूमि पर किये गये अतिक्रमण को उपजिलाधिकारी के आदेश पर मुक्त कराया गया। कस्बा मसौली निवासी एडवोकेट महफूज आलम की शिकायत पर बुधवार को हलका लेखपाल अजय सिंह चौहान ने पुलिस बल के साथ कब्रिस्तान की भूमि को कब्जेदारों से मुक्त कराया। उपजिलाधिकारी को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत मसौली में स्थित रोड किनारे बेस कीमती भूमि पर पुलिस प्रशासन व राजस्व टीम के तहत भूमि गाटा सं0-1086 पर किये गये अवैध अतिक्रमणकारियो से दिनांक 29 मई को मुक्त कराया गया लेकिन ठीक उसी से मिली भूमि पश्चिम दिशा में स्थित गाटा सं0-1086/2166 रकबा 0.0990 भी कब्रिस्तान के नाम अभिलेखो मे दर्ज है। जिससे कब्जा अवमुक्त नहीं कराया। न्याय हित में कब्रिस्तान की भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराया जाना अति आवश्यक है।

# डीसीएम चालको को टोल कर्मियों ने दौड़ा दौड़ा कर पीटा, पुलिस कर रही छानबीन

हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज



**लखनऊ-सुल्तानपुर** हाइवे पर स्थित बारा टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने बुधवार की शाम डीसीएम चालकों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस छानबीन कर रही है। जनपद मैनपुरी के थाना करहल के महारलपुर गांव निवासी चालक रामकरन अपनी डीसीएम पर मधुमक्खी लेकर बिहार से राजस्थान जा रहे थे।उनके पीछे उनका भाई सिमरन भी दूसरी डीसीएम लेकर चल रहा था।शाम लगभग पांच बजे रामकरन हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर बारा टोल प्लाजा पहुंचा।बताया कि उसके वाहन में फास्टैग लगा था।टोल टैक्स कटने के बाद बैरियर उठा और उसने अपना वाहन आगे बढ़ाया।इसी समय पीछे से दौड़कर आए एक टोल कर्मी ने बैरियर के थोड़ा आगे उसका वाहन रोककर अपना मोबाइल चलाने लगा।देर होने पर चालक ने कहा कि वाहन में मधुमक्खी भरी हैं।देर तक वाहन खड़ा हुआ तो उड़ जाएंगी।इतने में टोल कर्मी ने उससे गलत भाषा का प्रयोग करते हुए भाग जाने को कहा।चालक ने विरोध किया तो उसे घसीटकर नीचे उतार लिया।इसी बीच कई टोल कर्मी वहां आकर उसे लात घूसों से पीटने लगे।क्लीनर गौरव ने बचाव किया तो उसे भी मारने लगे।पीड़ित रामकरन ने बताया कि उसके पीछे डीसीएम लेकर उसका भाई सिमरन ने पहुंचकर विरोध किया तो उसे भी पीटा गया।घटना के बाद पीड़ित अपने वाहन साइड में लगाकर पुलिस को फोन करने लगे।चालक ने बताया कि टोल कर्मियों ने कहा पुलिस को बुलाओगे तो यहां कार्यरत लड़कियों से छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।पिटाई के शिकार वाहन चालकों ने पीआरवी,थाना हैदरगढ़ एवं पुलिस कप्तान को फोन कर अपनी व्यथा बताई एवं मदद मांगी।थोड़ी ही देर में मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ितों से बात की।पिटाई का शिकार वाहन चालक एवं क्लीनर ने पुलिस से घटना का सीसीटीवी फुटेज देखकर टोल कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने घटना के संबंध में टोल कर्मियों से पूछा।टोल कर्मियों ने आरोप लगाया कि डीसीएम चालक टोल कर्मी महिलाओं को गलत इशारे कर रहे थे।इसलिए उन्हे खदेड़ दिया गया है।

## 22 जुलाई को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**बाराबंकी।** अधिशाषी अभियन्ता एस0के0 पाण्डेय द्वारा बताया गया कि विद्युत कार्य खण्ड.अयोध्या द्वारा रामसनेही घाट विद्युत उपकेन्द्र के स्विचयार्ड में 05 एम0बी0ए0 का अतिरिक्त परिवर्तन स्थापित किया जा रहा है एवं 04 दशक से अधिक पुरानी बस बार को बदला जाना है। बस बार जिससे पावर ट्रांसफार्मर को आपूर्ति प्राप्त होती है उसे बदलने का कार्य भी किया जाना है। उपरोक्त कार्य हेतु 7.8 घन्टे विद्युत आपूर्ति बन्द करानी होती है। यह कार्य दिनांक 22.07.2023 दिन शनिवार को प्रातः 7.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक किया जाना प्रस्तावित है।

### हेतु संदर्शित करने हेतु सूचना

**(साधारण प्रारुप)**

न्यायालय अपर कलेक्टर (न्यायिक) फतेहगढ़ फर्रुखाबाद

नम्बर मु0- 209/2021

राजवीर सिंह बनाम

1- ग्रामसभा रायपुर द्वारा प्रधान मुबारिकपुर पट्टी परगना भोजपुर, 2- रामसेवक पुत्र सुखलाल, 3- हरदीप सिंह पुत्र हरसहाय सिंह, 4- प्रदीप पुत्र हरसहाय सिंह, 5- हरसहाय सिंह पुत्र अहिवरन सिंह, 6- कृष्ण गोपाल पुत्र मेघनाथ, 7- कृष्ण गोविन्द पुत्र बैजनाथ, 8- रवीशचन्द्र पुत्र जदुनाथ, 9 सुग्रीव सिंह पुत्र बृजनन्दन, 10- अमर सिंह पुत्र राजाराम, 11/1 शिवनन्दन पुत्र दुर्विजय सिंह, 11/2 प्रभुनन्दन पुत्र दुर्विजय सिंह, 11/3 मण्टू पुत्र सुखनन्दन, 11/4 अमित पुत्र रघुनन्दन, 12- दफेदार सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 13- वीरेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 14- ओमप्रकाश सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 15- सुरेश चन्द्र पुत्र राजेन्द्र सिंह, 16- दिनेश चन्द्र पुत्र राजेन्द्र सिंह, 17- राजवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह, 18- रनवीर सिंह पुत्र होरीलाल, 19-श्यामबाबू पुत्र रामशरन, 20- रामबाबू पुत्र रामशरन, 21-सूरज सिंह पुत्र महिपाल सिंह, 22- अतिराज 23- विश्वनाथ पुत्र प्रताप सिंह, 24/1 रवीन्द्र सिंह पुत्र मिन्तराज, 24/2 सत्येन्द्र सिंह पुत्र मिन्तराज, 25 रामप्रकाश पुत्र नेकराम, 26 राधेश्याम पुत्र रामसिंह, 27- लज्जाराम, 28- मदनलाल पुत्र सरनाम सिंह, 29- शिवराम सिंह पुत्र कामता, 30 जगदीश स्वरुप, 31-मुलायम सिंह पुत्र दीनदयाल, 32- छोटेलाल, 33-रामवीर पुत्र दीनदयाल, 34- कालिका सिंह, 35 रामनाथ पुत्र मुन्शी सिंह, 36- कृष्णपाल, 37- रामपाल पुत्र मानसिंह, 38- कोहराम सिंह, 39 सुधीर कुमार, 40- मुन्नू सिंह, 41- अवधेश सिंह पुत्र चेतराम, 42- लौंगश्री पत्नी चेतराम, 43-गंगाराम पुत्र रामस्वरुप, 44-बालकिशन पुत्र रामस्वरुप, 45 प्रवेश कुमार पुत्र रनवीर सिंह, 46- शान्तीदेवी पत्नी रनवीर सिंह, 47- विनोद कुमार पुत्र विश्राम सिंह, 48- प्रदीप सिंह, 49-हरनरायन सिंह, 50- हरपाल सिंह, 51- देवेन्द्र सिंह पुत्र गोकरननाथ, 52- बेंचेलाल, 53- हरनन्दन, 54- जसनन्दन पुत्र सुखराम सभी निवासीगण मुबारिकपुर पट्टी परगना भोजपुर, जिला फर्रुखाबाद

**धारा 38 उ0प्र0 रा0सं0 2006**

**ग्राम मुबारिकपुर पट्टी, परगना भोजपुर**

चूंकि उपरनामांकित अपर जिलाधिकारी न्यायिक फतेहगढ़ के न्यायालय में यह आवेदन धारा 38 उ0प्र0 रा0सं0 किया है अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरुद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए तिथि 26/07/2023 को पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो ऐसा न करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रुप से माना जायेगा और आदेश पारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय में मुद्रा सहित आज दिनांक 13/07/2023 को निकाली गई।

**न्यायालय के आज्ञाअनुसार**

# प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लिया विकास कार्यों का जायजा

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात/जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह नें नवीन गल्ला मंडी महोबा, जिला महिला चिकित्सालय, सदर तहसील, कोतवाली, राजकीय बालिका इंटर कालेज एवं राजकीय इंटर कालेज का स्थलीय निरीक्षण किया।

नवीन मंडी स्थल जनपद महोबा के औचक निरीक्षण में मंडी की कार्यशैली तथा साफ सफाई व व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इसके पश्चात किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया। किसानों के विश्राम गृह में भी सभी जरूरी व्यवस्थाओं को कराने के निर्देश देते हुए मंडी में अनाज की सुरक्षा के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।मंत्री जी नें जिला महिला चिकित्सालय,महोबा के निरीक्षण के दौरान मरीज़ों से वार्ता कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। गर्मी के दृष्टिगत पंखा, कूलर, शीतल जल इत्यादि की उचित व्यवस्था हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

सदर तहसील महोबा के निरीक्षण में तहसील परिसर में साफ-सफाई, भवनों आदि की स्थिति की जांच की। भवनों को सुदृण व परिसर में और बेहतर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। तत्पश्चात सदर तहसील के अधिवक्ता साथियों के साथ बार सभागार में बैठक लेकर राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा की साथ ही उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को भी सुनकर निराकरण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कोतवाली महोबा का निरीक्षण करते हुए दैनिक अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया, जिसमें थाना कोतवाली में आज किसी भी प्रकार की कोई आपराधिक घटना नहीं घटित हुई एवं सभी पुलिस कर्मियों की कार्यकुशलता व वहाँ की स्वच्छता को देखते हुए उनकी प्रशंसा व उत्साहवर्धन किया।इसके पश्चात् मंत्री नें राजकीय बालिका विद्यालय एवं राजकीय इंटर कॉलेज का स्थलीय निरीक्षण किया।विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लासेज के सम्बंध में बच्चों से वार्ता की।उन्होंने कहा कि मुझे हर्ष



है कि हमारी उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों से महोबा में ग्राम स्तर पर विद्यालय के सभी कक्ष स्मार्ट पाठ्य शैली से आच्छादित हैं जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है।

निरीक्षण के उपरांत प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं उद्योग बंधु, बैंकर्स कमेटी, जन शिकायतों के निस्तारण, सीएम हेल्पलाइन, आईजीआरएस, थाना दिवस, ब्लॉक दिवस, तहसील दिवस,आकांक्षात्मक जनपद, विकास खंडों की कार्य योजना, जनपद में राजस्व संग्रह (जीएसटी, आबकारी, स्टांप, परिवहन, खनन) की स्थिति एवं वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई भी समस्या हो तो उसका त्वरित निस्तारण किया जाये। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्योगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराई जाए तथा ट्रांसफार्मर ख़राब होने पर 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर बदला जाए। और कहा कि हर गौशाला में वृक्षारोपण करवाया जाए और जगह चिन्हित कर नई गौशालायें स्थापित की जाएं तथा दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत दी जाए। प्रभागीय वन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 22 जुलाई को विराट रूप से वृक्षारोपण करवाया जाए तथा जिला पंचायती राज अधिकारी प्रधानों से संपर्क कर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराएं और उन पौधों को बचाने की जिम्मेदारी भी ले। उद्यान विभाग द्वारा जगह चिन्हित कर 10 बार स्थापित कराए जाएं। इस अवसर पर एमएलसी/भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह सेंगर, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, जिलाधिकारी मनोज कुमार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 26 जुलाई को निकलेगी इमाम हुसैन की सवारी जुलूस

**चरखारी (महोबा)। समृद्धि न्यूज**

**शोहदाए कर्बला** की याद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत 19 जुलाई से हो गयी जिसमें 26 जुलाई को हजरत इमाम हुसैन की सवारी ÷घोड़ा÷ जुलूस का आयोजन होना है। जुलूस के शान्तिपूर्ण एवं सौहाद्धपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू की हैं जिसमें मोहर्रम कमेटी के अलावा ताजियादारों के साथ बैठक करते हुए रूट एवं अन्य आवश्यक जानकारी जुटाई गयी है।

मोहर्रम की सात तारीख का आयोजित होने वाले हजरत इमाम हुसैन की सवारी जुलूस के पूर्व सवारी रूट' सुरक्षा व्यवस्था वाहनों की पार्किंग' नो इंट्री एरिया आदि सभी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा थाना परिसर में हुई। बैठक तहसीलदार/मजिस्ट्रेट कृष्ण राज सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई जिसमें मोहर्रम की सातवीं 26जुलाई को हजरत इमाम हुसैन की दुलदुल जुलूस का आयोजन पर विशेष रूप से चर्चा हुई जिसमें प्रशासन द्वारा जुलूस के रूट एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में



मोहर्रम कमेटी से जानकारी ली। बताते चलें कि सवारी जुलूस के दौरान प्रदेश सहित अन्य प्रदेशों से भी भारी संख्या में जायरीन जुलूस में पहुंचते हैं ऐसी स्थिति में वाहनों की आवाजाही को दृष्टिगत रखते हुए वाहन पार्किंग' नो इंट्री जोन' वांछित सुरक्षा व्यवस्था आदि सभी पहुलुओ पर मंथन किया गया। सवारी जुलूस के अलावा मोहर्रम की 1 तारीख को सिया समुदाय के जरी जुलूस' 3 तारीख को ताजिया जुलूस' 5 तारीख को शेर जुलूस' 9 तारीख को अलाव व ताजियादारी तथा 10 तारीख के समापन कार्यक्रमों पर विभिन्न ताजयिदारों व समितियों से चर्चा हुई। इस दौरान ताजियों के आकार'रूट के संबंध में ताजियादारों से शपथ पत्र भी लिए गए। बैठक में थानाध्यक्ष गनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि मोहर्रम पर्व शांति पूर्ण ढंग से मनाएं। नई परम्परा न डालें, भड़काऊ भाषण, सोशल मीडिया पर पोस्ट न डालें शस्त्र आदि का प्रर्दशन न करें। बैठक में,सदर चौकी प्रभारी शुभाष चद्र तिवारी, मोहर्रम कमेटी अध्यक्ष न्याय अहमद उर्फ मोनू, उपाध्यक्ष, ,मोहम्मद सईद सौदागर, मोहम्मद शफीक एडवोकेट, हाजी ताज उद्दीन, अब्दुल नईम, सभासद मुहम्मद सरफराज, आदि मौजूद रहे।

# जल की एक एक बूंद का संरक्षण करना हमारा कर्तव्यः ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत

- भूजल दिवस के अवसर पर ब्लाक सभागार में किया गया संगोष्ठी का आयोजन

**जैतपुर महोबा। समृद्धि न्यूज**

**विकासखंड** जैतपुर में लघु सिंचाई विभाग द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें जल की महत्वता और उपयोगिता तथा वर्षा जल संरक्षण पर चर्चा की गई संगोष्ठी में संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख संदीप राजपूत ने कहा कि हमारे जीवन में जल का बहुत अधिक महत्व है इसलिए हमें जल की एक एक बूंद का संरक्षण करना है हम लोग पानी का उपयोग तो अधिक मात्रा में करते हैं लेकिन जल संरक्षण पर हम लोग कोई विशेष ध्यान नहीं देते हैं। इस कारण आज हमारे क्षेत्र में भूगर्भ जलस्तर घट रहा है इसके दोषी हम लोग स्वयं हैं सरकार के द्वारा तमाम



ऐसी योजनाएं संचालित है जिसमें मनरेगा योजना से व अन्य योजनाओं से व्यक्तिगत लाभार्थी खेत तालाब योजना का लाभ उठाकर अपने खेतों में खेत का पानी खेत में संरक्षित कर सकते है। इसके अलावा जो भी सरकारी भवन है वहां पर वर्षा जल संरक्षण हेतु सोक पिटों का निर्माण करवाया जा रहा है अब हम सभी जागरूक व्यक्तियों को भी अपने अपने घरों में वर्षा जल संरक्षण करने के लिए सोक पिटों का निर्माण कराना आवश्यक हो गया है जिससे हमारे घरों में जो रिबोर आदि है उसका भी जलस्तर बढ़ेगा । इसी क्रम में प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाइयों को भी खेतों पर मेंड़ आदि डलवाना चाहिए जो मनरेगा योजना से निशुल्क डलवाई जा रही है इससे हमारे खेत का पानी खेत में ही रहेगा और मेड़ पर पौधों का रोपण करवाना चाहिए इस समय मौसम अच्छा है पौधों के अनुकूल है इसलिए किसान भाइयों को कम से कम दस पेड़ अपनी मेड़ पर लगाना चाहिए साथ ही सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर सेट व ड्रिप इरिगेशन की प्रणाली अपनाने चाहिए । इसी क्रम में लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता घनश्याम वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रति व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए जहां भी जल बर्बाद हो रहा है उसको तत्काल रोकने की व्यवस्था करना चाहिए चाहे वह उसका घर हो या सड़क हो या कोई कार्यालय हो इसके अलावा अपने मोहल्ले में गांव में भी लोगों को जागरूक करना हम सभी को अपना कर्तव्य समझना चाहिए क्योंकि इस समय जल संरक्षण की बहुत अधिक आवश्यकता है इस अवसर पर कमालपुरा ग्राम प्रधान मनोज राजपूत, सचिव भूपेंद्र सोनकिया,सचिव बृजेश ग्राम प्रधान केथौरा जयसिंह ,ग्राम प्रधान मवैया शिवराज, ग्राम प्रधान पुरवा जैतपुर छत्रपाल सहित क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति व प्रधान गण उपस्थित रहे।

# महंगाई के जमाने में एक रुपये से घटाकर 50 पैसा किया कमीशनः नीता नामदेव

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ के कार्यकर्ता बढ़ रही महंगाई में कमीशन घटाए जाने सहित अन्य विभिन्न समस्याओं के निस्तारण को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। संघ की ओर से प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। जिलाध्यक्ष नीता नामदेव ने कहा कि महंगाई के जमाने में कमीशन एक रुपये से घटाकर 50 पैसा कर दिया गया है। जबकि काम की जिम्मेदारी पहले की अपेक्षा ज्यादा बढ़ गई है। ज्ञापन में कहा कि वित्त मंत्रालय द्वारा 1960 से जो नियम बनाए गए। एजेंसी सिस्टम के तहत आज भी बचत अभिकर्ता कार्य कर रहे हैं। 1972 में महिलाओं को एजेंसी लेने का प्राविधान किया गया था। उसी आधार पर महिला प्रधान अभिकर्ता धन निवेश कराने को बाध्य हैं। कहा कार्ड की समस्या लगातार बनी हुई है। दो हजार से ज्यादा एनएससी कराने के लिए खाता खोलना पड़ता है या चेक बुक चाहिए। कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना व महिला सम्मान बचत योजना के रूप में दो नई योजनाएं लाई गई हैं। परंतु इन दोनों से अभीकर्ताओं को संबद्ध नहीं किया गया है। डाकघर द्वारा अभिकर्ताओं पर दबाव बनाकर जो योजनाएं अभिकर्ताओं के माध्यम से संचालित नहीं है। उन योजनाओं से भी निवेश कराने को बाध्य किया जाता है। इसी तरह अन्य विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है। इस दौरान राकेश कुमार पाठक, ममता रानी अग्रवाल, मुकेश द्विवेदी, प्रतिभा देवी, लक्ष्मी देवी, रमाशंकर नामदेव, नीलकमल, ज्योति, आशा देवी, मदन, दीक्षा, सुलेखा आदि संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### ऑटो की टक्कर से वृद्ध हुआ घायल

**इटावा।** बकेवर कस्बा के मुख्य चौराहे पर अपने चाचा के साथ काम से जा रहे बाइक सवार को एक तेज रफ्तार आटो चालक ने मुख्य चौराहे के समीप टक्कर मार दी जिससें बाइक पर सवार वृद्ध के पैर में गम्भीर चोट आयी जबकि मौके पर चौराहे पर तैनात पुलिस बल ने आटो चालक को पकड़ लिया व घायल वृद्ध को उपचार के लिऐ निजी अस्पताल में भेजा गया। कस्बा बकेवर के मुख्य चौराहे पर भरथना से लखना की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ऑटो चालक ने कस्बा के मुख्य चौराहे के समीप बाइक से कहीं काम से जा रहे बाइक सवार चाचा भतीजे के सामने से टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार वृद्ध धनीराम निवासी नगला श्रीराम के गंभीर चोट आ गई जबकि बाइक चला रहे भतीजे शिवकुमार के मामूली चोटे आई दुर्घटना देख आसपास के दुकानदार घटना स्थल पर एकत्रित हो गए साथ ही मुख्य चौराहे पर तैनात पुलिस बल ने ऑटो को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया तथा दुर्घटना में घायल धनीराम को उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा। प्रत्याशियों के मुताबिक बाइक सवार हेलमेट लगाए हुए था जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस ने आटो को पकड़ कर थाने में खड़ा करवाया। स्थानीय लोगो ने बताया कि आटो चालक मुख्य चौराहे पर तेज गति में आटो निकालते है जिससें आये दिन हादसे होने की संभावना बनी रहती है।

### यातायात पुलिस व एआरटीओ ने यातायात नियमों के संबंध में किया जागरूक

**इटावा।** यातायात पुलिस व एआरटीओ ने सड़क सुरक्षा पखवाडा के दूसरे दिन पर जनपद के विभिन्न स्थानो पर ऑटो रिक्शा एवं बस चालकों को सुरक्षा तथा यातायात नियमों के संबंध मे जानकारी देकर जागरूक किया।सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाये जाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे दिन पर यातायात पुलिस इटावा एवं एआरटीओ ने ऑटो रिक्शा एवं बस चालकों को यातायात के नियमों संकेतों के बारे में जानकारी दी और यातायात नियमों के पालन के लिये शपथ दिलाई। इस दौरान आमजन मानस को भी यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेल्मेट का प्रयोग करने व वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाने निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने और अन्य लोगों को भी इनका पालन करने के लिये प्रोत्साहित किया।

### एसएसपी ने जनता को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया

**इटावा।** कांवर यात्रा, श्रावण माह, मोहर्रम एवं जनपदीय कानून व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा, क्षेत्राधिकारी नगर एवं पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारियों कर्मचारियों ने थाना फ्रेंण्ड्स कालोनी एवं थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। कांवर यात्रा, श्रावण माह, मोहर्रम एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ शहरी क्षेत्र अंतर्गत पैदल गस्त करते हुए आम लोगों से संवाद कर उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर इटावा एवं पुलिस प्रशासन कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### दबंगों द्वारा सताए परिवार की पुलिस ने नहीं लिखी रपट,एसपी से लगाई गुहार

**हमीरपुर।** दबँगो के चंगुल से पुत्र को बचाने पहुंची माँ बेटी के साथ भी दबँगो ने हाथापाई की,साथ ही पुत्री के साथ अश्लीलता कर दी। जिसकी शिकायत लेकर स्थानीय कोतवाली पहुंची माँ की रपट ना लिखें जाने से नाराज माँ बेटी ने एसपी को पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई है। जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रिरुवा निवासी शिवबाई बेबा शिवशंकर ने एसपी को दिए पत्र में कहा कि उसका पुत्र राजकिशोर बीते मंगलवार की शाम खेत से लौट रहा था तभी गांव के रामसेवक, मुकेश व दिनेश ने घर में घसीट कर उसके पुत्र राजकिशोर के साथ मारपीट करने लगे, तभी पुत्र की आवाज सुन शिवबाई व उसकी पुत्री मौके पर पहुंची जहाँ उक्त लोगों ने उनके साथ भी हाथापाई कर दी और पुत्री को कमरे में ले जाकर उसके साथ अश्लीलता करने लगे।शोर सुन गांव के लोगों ने आकर बचाया। इस दौरान उन्होंने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी सूचना के बाद भी मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। पीड़िता शिकायत लेकर जलालपुर थाना गई जहाँ पुलिस द्वारा रपट नहीं लिखी गई, जिससे नाराज बेवा महिला ने एसपी को शिकायती पत्र सौंप उक्त दबँगो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### यमुना व बेतवा नदियों का बढ़ रहा जलस्तर

**हमीरपुर।** दिल्ली और मथुरा में यमुना नदी में आई बाढ़ के कहर से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त है। वहीं अब मुख्यालय से होकर निकली यमुना व बेतवा नदी का जलस्तर दो से तीन सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ने लगा है। बेतवा में माता टीला बांध से 24 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं यमुना में लहचुरा बांध से 63 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, साथ ही बीते दिनों ओखला बांध से छोड़े गए पानी से नदियों का जल स्तर बढ़ रहा है। हालांकि अभी हालात सामान्य बताए जा रहे है। मुख्यालय से निकली यमुना नदी में दो से तीन सेंटीमीटर की रफ्तार से नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। जिसके चलते बुधवार शाम चार बजे तक यमुना नदी का मौजूदा जलस्तर 94.270 मीटर मापा गया है। जबकि खतरे का निशान 103.63 मीटर है।अभी यमुना नदी खतरे के निशान से करीब 9.36 मीटर दूर है। वहीं माताटीला बांध से मंगलवार को बेतवा में 24 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। बुधवार शाम चार बजे तक बेतवा का जलस्तर 94.110 मीटर मापा गया है। हालांकि छोड़े गए पानी से कोई खास असर नहीं पड़ने वाला है। मुख्यालय में यमुना व बेतवा का संगम होने के चलते बेतवा भी प्रभावित हो रही है। जबकि इसका खतरे का निशान 104.54 है। जो मौजूदा में खतरे के निशान से 10.43 मीटर नीचे है। मौदहा बांध के अधिशासी अभियंता करन पाल गंगवार ने बताया कि यमुना व बेतवा नदी में छोड़े जा रहे पानी का अभी कोई खास फर्क नहीं है।

# साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**इटावा।** नारी शक्ति है वह सब कुछ कर सकती है। बेटियों को सबल बनाएं ताकि वे अपराध न सहें और न ही किसी के साथ अपराध होने दें। न्याय से कोई व्यक्ति वंचित न रहे। न्याय आपके दरवाजे तक पहुंचेगा।

यह बातें यहां अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव में कहीं। वे यहां राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित महिलाओं के हित एवं संरक्षण कानून संबंधी साक्षरता एवं जागरूकता शिविर को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि महिला कानूनों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। पर्याप्त कारणों के आधार पर महिलाएं भरण-पोषण की हकदार होती हैं। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न नहीं हो इसके लिए कार्यालय स्तर पर समितियों का गठन किया गया है। नायब तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं को सशक्त व जागरूक होना होगा तभी वे अन्याय व अत्याचार का विरोध कर सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी मदद के लिए आईपीसी व सीआरपीसी की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कानूनी प्रावधान हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता सुषमा रानी ने लड़कियों के विवाह की उम्र व हिंदू विवाह अधिनियम, विशेष विवाह एवं तलाक प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता संध्या कुशवाहा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में शिकायतें दर्ज कराने की प्रक्रिया व पीड़ित की मदद कैसे होती है इसकी प्रक्रिया समझाई। विधि छात्र नफीस ने कहा कि महिलाओं के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। महिलाएं शारीरिक या मानसिक अथवा भावनात्मक शोषण भी बर्दाश्त न करें। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. यश्मिता सिंह ने सर्वाइकल कैंसर के रोग लक्षण व बचाव एवं उपचार बताए। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पीड़ितों शोषित और वंचितों को न्याय तक पहुंच बेहद आसान हुई है।

# गम का प्रतीक मोहर्रम का महीना आज से होगा शुरू, इमाम बारगाहों में अलम सजे

- मजलिसें शुरू, अलम, ताजियों व सजैरी के जुलूस निकलेंगे

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

मोहर्रम का महीना गम का प्रतीक है, चांद दिखने के बाद मोहर्रम आज 20 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। शहीदाने कर्बला की याद में इमामबाड़ों में अलम ताजिये सज गए हैं। मोहर्रम के 10 दिन तक जहां सुन्नी समाज के लोग शहीदाने कर्बला की याद में सजैरी, अलम, ताजियों के जुलूस निकालते हैं वहीं शिया समाज के लोग सजैरी, अलम, ताजियों के जुलूस निकालकर गमे हुसैन मनाते हैं।

अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया शिया समाज की ओर से एक मोहर्रम से 9 मोहर्रम तक कदीमी (परम्परागत) मजलिसे होंगी, पहली मजलिस गुलामुस सैयदेन की ओर से



शाम 5 बजे पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में होगी, मजलिसों को मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा खिताब फरमाएंगे। इस मजलिस के बाद राहत अक़ील की ओर से सैदबाड़ा स्थित कदीमी इमामबाड़े में दूसरी मजलिस होगी मजलिसों को मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा खिताब फरमाएंगे। तीसरी मजलिस रात 8 बजे शारिक सगीर शानू की ओर से इमाम बारगाह आलमपुरा में होगी मजलिस को जनाब मिर्ज़ा अज़हर अब्बास दिल्ली खिताब फरमाएंगे। चौथी मजलिस रात 9ः30 बजे घटिया अज़मत अली इमाम बारगाह राहत हुसैन रिजवी की देखरेख में में होगी मजलिस को मौलाना जनाब शमशुल हसन खान जौनपुरी इमामे जुमा बरेली शरीफ व 6, 9 व 10 मोहर्रम की मजलिस को मौलाना अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा खिताब फरमाएंगे और इस मजलिस के फौरन बाद पांचवी मजलिस नौरंगाबाद स्थित इमाम बारगाह वक्फ तमीजनन व काजमी में मुतवल्ली राहत हुसैन की ओर होगी। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी मजलिसों का आयोजन किया जाएगा। कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास ने बताया कि सुन्नी समाज की ओर से शहीदाने कर्बला की याद में इमामबाड़ों में अलम ताजिये सज गए हैं । एक मोहर्रम से विभिन स्थानों से सजैरी के जुलूस व अलम सददो के जुलूस निकलेंगे, 8 मोहर्रम की रात्रि में मेहदी का जुलूस परम्परागत तरीके से निकलेगा। मोहर्रम की 10 तारीख को मोहर्रम के अलविदाई ताजियों का जुलूस निकलेगा। इसके अलावा विभिन्न इमाम बाड़ों में जिक्र शहीदाने कर्बला के साथ फ़ातिहा होगी।

# मनरेगा के भुगतान को लेकर प्रधान संगठन ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रधानों ने ब्लाक परिसर के मैन गेट में की तालाबंदी

- एसडीएम ने एक सप्ताह में भुगतान कराने का दिया आश्वासन

**पनवाड़ी/महोबा। समृद्धि न्यूज**

प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय पाल सिंह के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक प्रधानों ने खण्ड विकास अधिकारी की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट आक्रोषित होकर ब्लॉक परिसर के मैन गेट पर तालाबंदी कर धरने पर बैठ गए. जिससे कर्मचारियों में ताला बंदी होने से अफरा तफरी मच गई. धरने पर बैठे प्रधानों के समक्ष करीब तीन घण्टे के बाद उपजिलाधिकारी जीतेन्द्र कुमार पहुँचे. उन्होंने प्रधानों की समस्याओं को सुन ज्ञापन लेते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी भुगतान कराने का आश्वासन दिया.

बताते चलें आज जिलाधिकारी को सम्बोधित एसडीएम को सौंपे गए संयुक्त ज्ञापन में उल्लेख किया गया पनवाड़ी विकास खण्ड में मनरेगा





योजना के अंतर्गत 64 पंचायतों के द्वारा लगभग 6 करोड़ अड़सठ लाख के पक्के कार्य कराए गए थे. यह सभी शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत आते हैं. ज्ञापन में कहा 18. 07. 2023 में शासन द्वारा पंचायतों को मजबूत करने हेतु ग्यारह सौ करोड़ रुपया भेजा गया था. परन्तु खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा मात्र एक करोड़ का ही भुगतान किया गया. जबकि यदि खण्ड विकास अधिकारी चाहते तो पूरे भुगतान करा सकते थे. ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में मनरेगा से आई.डी. जनरेट की गई थी. खण्ड विकास अधिकारी द्वारा ये नहीं बताया गया कि 60/40 के अनुपात से भुगतान किया जाएगा. हम सभी प्रधानों द्वारा उधार में सामग्री उठाकर कार्य करा दिये गए. इसके बाद उपायुक्त श्रम रोजगार अधिकारी के द्वारा 60/40 के अनुपात का आदेश जारी कर दिया गया. 60/40 के अनुपात को भी यदि पंचायत वार देखकर भुगतान किया जाता तो सभी पंचायतों के 60/40 के अनुपात में भुगतान हो जाता. जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन में समस्त प्रधानों ने अनुरोध करते हुए कहा कि सभी पंचायतों का भुगतान शीघ्र करा दें. जिससे कर्ज में डूबी पंचायतें अपनी उधारी चुका सकें. ज्ञापन में इसी के साथ माँग की गई खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा कच्चे कार्यों की आई.डी. नही निकाली जाती जिससे पंचायतों में 60/40 का अनुपात बनाए रखने में समस्या पैदा होती है. खण्ड विकास अधिकारी की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट ग्राम प्रधानों ने जिलाधिकारी से माँग की है. कि शीघ्र ही खण्ड विकास अधिकारी को प्रभाव से हटाया जाए. खण्ड विकास अधिकारी को ना हटाने की स्थिति में सम्पूर्ण पंचायतों के विकास कार्य बन्द रहेंगे. धरने में बैठे रवि पटेल, मनोज कुमार, कालका प्रसाद, इंद्रजीत, हरिश्चंद्र, देवेंद्र कुमार, ममता कुमारी, गीता रानी, प्रतिमा, मथुराबाई, मनोज कुमार, राजेंद्र सिंह, अरुण, सुनीता, शांति, उर्मिला, उमादेवी, रामलली, महिपत, सुषमा रानी, सुधा, लगभग तीन दर्जन प्रधान उपस्थित रहे. !

# डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय बलारपुर का किया औचक निरीक्षण

- विद्यालय मे पंजीकृत 166 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 94 बच्चे कक्षाओं में मौजूद पाए गए
- स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों की संख्या को पंजीकरण कराकर बढ़ाया जाए: डीएम



कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बलारपुर का निरीक्षण करते डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**निपुण अभियान** पर ध्यान दें जो बच्चे कमजोर हैं उन पर फोकस करें। बच्चों को निपुण होना चाहिए। निपुण लक्ष्य के अंर्तगत बुनियादी भाषा एव गणितीय कौशलो पर जोर दिया जाए। बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुये अध्यापक स्वंय भी समय से विद्यालय में उपस्थित हों। उक्त निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सदर विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय बलारपुर कंपोजिट का औचक निरीक्षण करते हुये अध्यापकों को दिये।

निरीक्षण के समय प्रधानाध्यापक उस्मान खान तथा 7 सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थिति मिले। विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक पंजीकृत कुल 166 छात्र-छात्राओं के सापेक्ष 94 बच्चे कक्षाओं में मौजूद पाए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की संख्या कम है स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों की संख्या को पंजीकरण कराकर बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्र अनुपात के अनुसार छात्र छात्राओं की संख्या कम है। उन्होंने कक्षा 3 कक्षा आठ के बच्चों से गणित एवं हिंदी संबंधित प्रश्न पूछे जिसका कुछ बच्चों को छोड़कर अधिकाश बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिए। कहा कि निपुण अभियान में सक्रियता के साथ सफल बनाने का कार्य करें इसमें बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा।

## त्यौहारों को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं: जिलाधिकारी

- पीस कमेटी की बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

जनपद में समस्त पर्व व कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न होते आए है। आगामी मोहर्रम के त्यौहार को शांति एंव सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु समस्त प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। उक्त निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक के दौरान दिए। डीएम ने कहा कि आगमी मोहर्रम का पर्व परांपरागत तरीके से ही मनाया जाये। कोई भी नयी प्रथा न प्रचलित की जाये। कहा कि जिस रूट पर ताजिया निकाली जाए। उस रूट का आयोजको, पुलिस, विद्युत, नगर पालिका/पंचायत व लोक निर्माण विभाग, आदि द्वारा संयुक्त रूप से भ्रमण कर लिया जाये। भ्रमण के दौरान लटके हुए तार, बिजली के खम्भे, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश आदि की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर लिया जाये और जो भी समस्यायें व कठिनाईयां हो उनका तत्काल समय में ही निस्तारण करा दिया जाये। कहा कि जितनी ताजिया की पूर्व के आयोजनों में हाइट रखी गई हो उतनी होनी चाहिए, ताकि अप्रिय घटना होने से बचा जा सके। उन्होंनें कहा कि जुलूस के साथ आयोजकों द्वारा वालेटियर्स भी लगाये जाये। वालेटिसर्य को पहचान हेतु स्टीकर दिया जाये, ताकि पहचान करने में सुविधा हो। वालेटियर्सो को यह जिम्मेदारी दी जाए कि कार्यक्रम आरम्भ से लेकर समापन तक जुलूस के साथ रहे। कहा कि प्रतिबंधित शस्त्र पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि माहौल को खराब होने से बचाया जा सके। कहा कि मोहर्रम पर्व में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे । सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे, यह भी हमे देखना होगा। मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुये पाया जायेगा, तो विधिक कार्यवाही की जायेगी। कहा कि कभी लोग माहौल खराब करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर झूठी खबरे फैलाने का कार्य करते है। अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दिया जाये । अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित कर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि आगामी मोहर्रम पर्व में भीड़भाड़ वाले स्थान पर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था रहेगी । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुवंर अनुपम सिंह ने कहा कि आप लोगों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये पर्याप्त पुलिस फोर्स उपलब्ध रहेगा। कहा कि इस बात को ध्यान रखा जाये कि यातायात न बाधित हो। इसके लिये व्यापक व्यवस्था की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर, छिबरामऊ एवं पीस कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मिलेट्स प्रसंस्कृत उत्पादों को बढ़ावा देने हेतु दिया जाएगा प्रशिक्षण: सीडीओ

- विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ किसान दिवस, बैठक मेंकृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की




बैठक में किसानों को जानकारी उपलब्ध कराते कृषि वैज्ञानिक व अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**विकास** भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिले के 30 प्रगतिशील किसानों ने बैठक में प्रतिभाग किया। वहीं कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. अमर सिंह ने वृक्षारोपण एवं फलदार पौधों के रोपण हेतु गडडों की खुदाई एवं भराई में प्रयुक्त होने वाली सामग्री तथा पौध रौपण के बारे में चर्चा की तथा खरीफ में उगाई जाने वाली प्याज की खेती पर तकनीकी जानकारी दी। जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पीएम एफएमई, नमामि गंगे एवं सिंप्रकलर सिचाई योजना पर जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने जनपद में बीजों एवं उर्वरकों की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को समय से स्वयं प्रतिभाग करें यदि अति व्यस्त है तो अपने अधीनस्थ अधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने हेतु निर्देषित करें। साथ ही बताया कि जनपद में मिलेट्स प्रसंस्कृत उत्पादों को बढ़ावा देना है इस हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशु पालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही बताया कि किसान फसलों की तरह ही पशुपालन एवं मत्स्य पालन से सम्बन्धित क्रेडिट कार्ड बनवाकर लाभ ले सकते है। इस अवसर पर विधवा पेंशन से सम्बन्धित समस्याएं महिला कृषकों द्वारा उठायी गयी। सीडीओ ने तत्काल प्रोवेशन अधिकारी को समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। कई किसानों द्वारा नवीन मण्डी स्थल में कांटा खराब होने की समस्या उठाई गई इस पर सीडीओ ने बताया कि सहायक मण्डी सचिव को डीएम के निर्देश पर सहायक मण्डी सचिव द्वारा तत्काल कांटा सही करवाया जा रहा है। बैठक में किसानों ने सड़कों पर मक्का एवं मूंगफली सुखाने के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए कहा कि किसानों के पास इतनी जगह नही होती है कि वह फसलों को सुखा सके। इस कारण सड़कों पर सुखाना पड़ रहा है। जिस पर सीडीओ ने कहा कि सड़कों पर फसलें सुखाने से आय दिन दुर्घटनाऐं होने के समाचार प्रकाश में आ रहे है। सड़कें सिर्फ आवागमन हेतु प्रयोग में लाने के लिए है। सीडीओ ने बताया गया कि जनपद में नैनों डीएपी भी उपलब्ध है, किसान इसका प्रयोग करें तथा सहकारिता विभाग को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक सोसाईटी एवं विक्रय केन्द्रों पर बैनर लगवाकर इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये।

## डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खातों में भेजी गई धनराशि

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बुधवार** को मुख्यमंत्री द्वारा परिषदीय विद्यालयों के बच्चो के खाते में ड्रेस, जूते-मोजे, स्वेटर व बैग की धनराशि 1200रु प्रत्येक बच्चे के अभिभावको के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तान्तरित किया गया। जिसका लाइव प्रसारण ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र चौधरी की अध्यक्षता में अभिभावकों और छात्र छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान नीरेन कुमार, आरती कटियार, अंजलि वर्मा, मुकेश मिश्रा, मधुरिमा श्रीवास्तव, दौलत सिंह, प्रियंका पाठक, कंप्यूटर ऑपरेटर मोहतशिम समेत अभिभावक गण मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मामूली विवाद को लेकर आरोपियों ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला कादर खान नगर निवासी नगमा बेगम ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र कहां है कि मोहल्ले के ही शाहिद, हसीब, रिहान, रहीश ने मामूली विवाद को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज की। विरोध किया तो वक्त लोगों ने उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नौकरी करने गया युवक लापता, अपहरण की आशंका

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नौकरी करने गया युवक अचानक लापता हो गया। जिसका कोई सुराग न लगने पर स्वजनों ने आरोपियों के विरुद्ध अपहरण का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फखरपुर निवासी अयाना बेगम ने दी तहरीर में बताया कि थाना कन्नौज के अंतर्गत ग्राम युसुफपुर मकरनद नगर निवासी रजिया बेगम हामिद, सायरा और अरशद ने उसके पुत्र शाकिर को घर से दिल्ली नौकरी करने के नाम पर बुला ले गए। कुछ दिन तक दिल्ली में रखा उसके बाद उसकी फोन द्वारा उसके पुत्र से बात नहीं हुई। जिस पर उसने अपने पुत्र की काफी खोजबीन की। कोई भी सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद पीड़ित महिला ने पुत्र के गायब होने का आरोप लगाया। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपरहण का मुकदमा कर खोजबीन शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर, करता रहा दुष्कर्म

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शादी करने की बात कहकर युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दीं। पीड़ित युवती ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ित युवती ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के अंतर्गत ग्राम नवादा निवासी गुलाम गौश ने उसके साथ शादी करने की बात कही। जिसके बाद आरोपी युवक ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो बीती 31 मई को आरोपी युवक ने उसके साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी और शादी करने से मना कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अवैध शराब सहित पुलिस ने दो को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने उच्चाधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की और दो लोगों को अवैध शराब की बिक्री करते समय दबोच लिया। जिसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की है। मंगलवार की शाम को उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर चलाए जा रहे अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के तहत उपनिरीक्षक हाकिम सिंह ने सराय प्रयाग स्थित गिहार बस्ती के मैदान के पीछे ग्राम सराय प्रयाग निवासी अमर गिहार, पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना कमालगंज के मोहल्ला किदवई नगर निवासी सुरेश जाटव को 15-15 लीटर अवैध शराब सहित दबोच लिया। जिसके बाद पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की है।

## ब्लॉक दिवस में शिकायतों का रहा टोटा, एक भी शिकायत नहीं हुई दर्ज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** शासन के निर्देश पर तहसील दिवस की तर्ज पर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने ब्लॉक स्तर पर हर माह के प्रथम व तृतीय बुधवार ग्रामीणों की समस्याओं के लिए निस्तारण के लिए ब्लॉक दिवस का आयोजन करने के निर्देश दिए। बुधवार को ब्लॉक सभागार जलालाबाद में खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ब्लॉक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमेंसमस्याएं सुनने एवं निस्तारण करने के लिए अधिकारी व ब्लॉक कर्मी डटे रहे। लेकिन एक भी फरियादी फरियाद लेकर नहीं पहुंचा। अधिकारी फरियादियों के इंतजार में बैठे रहे। खंड विकास अधिकारी सोनिया श्री वास्तव ने बताया कि ब्लॉक दिवस में एक भी शिकायत नही दर्ज हुई है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक दिवस का उद्देश्य आम जनमानस की समस्याओं को ब्लॉक स्तर पर ही निपटाने का काम करना है। जिससे किसी भी व्यक्ति को छोटी मोटी समस्या के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी राजीव दीक्षित, एडीओ पंचायत रमेश चंद शर्मा, एडीओ समाज कल्याण दीपचंद्र दीक्षित, सचिव रामानंद यादव, प्रमोद यादव, प्रियंका सिंह, पिंकी चतुर्वेदी, लेखाकार अनुज पाठक, नाजबीन बानो, प्रवीन पाल समेत ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

## इस बार पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ थीम पर किया जायेगा वृक्षारोपण: डीएम

- जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी 22 जुलाई को पीएसएम कालेज परिसर में स्थिति चिन्हित स्थान पर करेंगी वृक्षारोपण
- वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत नारद उपवन में मीडिया द्वारा किया जायेगा वृक्षारोपण



बैठक में वृक्षारोपण के सम्बन्ध में चर्चा करते डीएम व अन्य अधिकारीगण

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**इस बार** वृक्षारोपण का कार्यक्रम पेड लगाओ-पेड बचाओ की थीम पर किया जायेगा। जिले में आगामी 22 जुलाई को 3507739 एवं 15 अगस्त को 648381 पौधे रोपित कर वन महोत्सव मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। बुधवार को जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में वृक्षारोपण की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में कहा कि समस्त विभागो के साथ-साथ मीडिया बन्धुओ, अधिवक्ताओं, उद्यमियों, महिला संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, एनसीसी, एलकेवाई समेत विभिन्न संगठनो को इस अभियान में जोड़ने का निर्णय लिया गया है।

जिलाधिकारी ने बताया कि 22 जुलाई को जिले की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी पीएसएम कॉलेज स्थिति चिन्हित स्थान पर वृक्षारोपण करेंगी। वहीं जनप्रतिनिधिगण अपने- अपने क्षेत्र में वृक्षारोपण करेंगे। कहा कि एफएफडीसी स्थिति नारद उपवन में मीडिया बन्धुओं द्वारा वृक्षारोपण किया जायेगा। कचहरी स्थिति चिन्हित स्थान पर जिला न्यायाधीश के साथ ही अधिवक्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया जायेगा। इसके साथ ही सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी स्वयं वृक्ष रोपित करेंगे। कहा कि सभी विद्यालयो के बच्चो को इस अभियान से जोड़ा जाये और उनके माध्यम से भी वृक्ष रोपित कराये जायें। ग्रामीण क्षेत्रों में हर ग्राम पंचायत में तथा नगर पालिका एवं पंचायतो में पौधे रोपित किये जायेगे। उन्होंने कहा कि पौधा रोपित करने के साथ ही उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाये। वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाये जाने हेतु सभी की सहभागिता आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा है कि जनपद में उत्सव का माहौल होना चाहिए, इस वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु सभी नागरिक बढ-चढ कर हिस्सा लें। कहा कि पर्यावरण को अनुकूलित बनाये रखने हेतु प्रत्येक नागरिक को एक वृक्ष लगाना आवश्यक है, ताकि भावी पीढ़ी को उपहार स्वरुप कुछ दे सके। उन्होने ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा राजकीय पौधशाला मानपुर विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार पौधे निःशुल्क उपलब्ध है। कोई भी कृषक, एनजीओ, सरकारी संस्थान, आमजन पौधों को रोपित करने लिये निशुल्क प्राप्त सकते हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएन सिंह, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, डीएफओ, अपर पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य व आय संवर्धन हेतु मोटे अनाजों का मूल्य संवर्धन आवश्यक: डा. पूनम सिंह



प्रशिक्षण में महिलाओं को जानकारी देती गृह वैज्ञानिक डॉक्टर पूनम सिंह समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**अंतरराष्ट्रीय** मोटे अनाज वर्ष 2023 के परिपेक्ष में कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा ब्लॉक क्षेत्र के डिगसरा गाँव की 30 कृषक महिलाओं के साथ ÷स्वास्थ्य व आय संवर्धन हेतु मोटे अनाजो का मूल्य संवर्धन÷ विषय पर ऑफ कैंपस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूह की कुल 30 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। केंद्र की गृह वैज्ञानिक डा. पूनम सिंह ने बताया कि सरकार अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष का आयोजन घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कर रही है, ताकि मोटे अनाजों तथा इसके मूल्यवर्धित उत्पादों को पूरे विश्व में लोकप्रिय बनाया जा सके व इसके सेवन को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जा सके।

डा. सिंह ने बताया कि भारत विश्व में मोटे अनाजों के अग्रणी उत्पादकों में एक है और वैश्विक उत्पादों में भारत का अनुमानित हिस्सा लगभग 41 प्रतिशत है किन्तु मोटा अनाजों के निर्यात का हिस्सा कुल उत्पादन का मात्र एक प्रतिशत है। भारत के मोटे अनाज के निर्यात में मुख्य रूप से सम्पूर्ण अनाज है। मोटे अनाजों के मूल्यवर्धित उत्पादों का निर्यात बहुत कम है जबकि अनुमान है कि वर्ष 2025 तक मोटे अनाज का बाजार वर्तमान 9 बिलियन डॉलर बाजार मूल्य से बढ़कर 12 बिलियन डॉलर हो जाएगा। इसलिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के पास मोटे अनाजों से मूल्य संवर्धित उत्पादों को तैयार कर स्वास्थ्य व आय संवर्धन के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध हैं। डा. सिंह ने बताया कि पुराने वक्त में भारतीय लोगों का भोजन रहे मोटे अनाज आज 'श्री अन्न' के नाम से जाने जाते हैं। मोटे अनाज अत्यधिक पोषक,अम्ल-रहित, ग्लूटेन मुक्त और निम्न ग्लाइसेमिक इंडेक्स से युक्त होते हैं। मोटे अनाजों के अंतर्गत ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कोदों कंगनी, चीना, कुटकी और कुट्टू शामिल हैं। मोटे अनाजों में प्रचुर मात्रा में फाइबर, प्रोटीन, आयरन कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन्स पाए जाते हैं। डॉ सिंह ने बताया कि मोटे अनाजों से बनने वाले मूल्य संवर्धित उत्पाद में बिस्कुट, कुकिज, पास्ता, सेवई, लड्डू मोमो, कचौरी, हलवा, चीला आदि शामिल है। एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान डॉ सिंह द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मुख्य रूप से मल्टी ग्रेन आटा व मोटे अनाज आधारित शिशु आहार तैयार करने संबंधी तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया। उन्होंने मोटे अनाजों के उत्पाद तैयार करने से पूर्व उसमे उपस्थित पोषण-निरोधी तत्वों को घटाने के लिए भिगोने, सुखाने, सेंकने व , अंकुरण द्वारा माल्टिंग की प्रक्रिया को अपनाने पर जोर दिया जिससे इसमें पाए जाने वाले अवांछित एंजाइम नष्ट हो जायें। इस अवसर पर डिग्सर गाँव में महिलाओं के साथ सहजन के वृक्ष का रोपण भी किया गया।

## एबीवीपी पदाधिकारियों ने एसपी को सौंपा चार सूत्रीय मांग पत्र

- शिक्षा संस्थानों के आसपास नियमित पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की मांग की



एसपी को ज्ञापन देते एबीवीपी के पदाधिकारी समृद्धि न्यूज

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद की जिला इकाई के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह को कोचिंग सेंटर में अराजक तत्वों द्वारा लगातार बढ़ रही अभद्रता व जानलेवा हमले के संदर्भ में चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

बुधवार को एबीवीपी के जिला संयोजक यशस्वी अग्निहोत्री की अगुवाई में संगठन के पदाधिकारी और सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह से भेंट कर छात्र-छात्राओं की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में शिक्षा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने, तिर्वा में महाविद्यालय प्रबंधन पर हुए जानलेवा हमले में दोषियों के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने तथा अरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी शीघ्र दर्ज कर गिरफ्तार किए जाने एवं कोचिंग सेंटरों के आसपास नियमित पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की मांग की। उक्त विषयों को गंभीरता से लेकर आवश्यक कार्यवाई करने की मांग की। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री चित्रांशु, जानवी, सुप्रिया त्रिपाठी, कौशिकी सैनी, साक्षी ठाकुर, प्राची यादव, शिवा शर्मा, हर्ष मिश्रा, ध्रुव पाण्डेय मौजूद रहे।

# लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर ने अमृतपुर क्षेत्र में मचाई तबाही



नाव से आवागमन करते ग्रामीण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के सैकड़ों गांव गंगा के बढ़ते जलस्तर की वजह से जलमग्न हो गए। जिसकी वजह से ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया। कई गांव तो ऐसे हैं जिनके संपर्क मार्ग पानी में बह गए। कुड़री सारंगपुर में तेज बहाव की वजह से संपर्क मार्ग कट गया। जिसको बचाने के लिए प्रधान अतर सिंह अपने समर्थकों के साथ मिट्टी पत्थर डालकर उसे बचाने का प्रयास किया। वहीं ग्राम फखरपुर के पास बनी पुलिया के आसपास रोड कटने की वजह से वाहनों को निकलने में काफी दिक्कत होती है। प्रधान शिव दत्त तिवारी ने बताया है कि यदि पानी ऐसे ही बढ़ता रहा तो आवागमन बंद हो जाएगा। प्रधान शिव दत्त तिवारी का कहना है बढ़ते जलस्तर की वजह से किसानों की गन्ने की फसलें नष्ट हो जाएंगी। किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच जाएगा। ग्राम बनारसीपुर में बाढ़ के पानी ने गांव को चारों तरफ से घेर लिया। जिससे वहां के ग्रामीणों को पशुओं को चारा तक खिलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहीं के निवासी छोटेलाल का कहना है पूरे घर के अंदर तक पानी भरा है। अभी तक कोई भी अधिकारी हमारी समस्या को देखने व सुनने नहीं आयाय धीरेंद्र सिंह बताते हैं कि घर में खाना बनाने तक में दिक्कत हो रही है। ऐसे में ना तो खुद ही खाना मिल पाता है ना ही पशुओं को ठीक से चारा मिल पाता है। अमृतपुर तहसील क्षेत्र के गांव खुशहाली नगला, पंचम नगला, धानी नगला, कालिका नगला, हमीरपुर, माखन नगरा, गढ़िया किराचन, बलीपट्टी रानी गांव, तौफिक, आशमपुर, करनपुर घाट, मंझा सहित तहसील क्षेत्र के सैकड़ों गांव जलमग्न हैं। जिसकी वजह से हजारों बीघा मक्का व मूंगफली की फसलें पानी में खड़ी बर्बाद हो रही हैं। जिससे किसानों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। ग्राम कलक्टरगंज में बाढ़ के पानी की वजह से ग्रामीणों को वोट तक पहुंचने में कमर से ऊपर पानी में उतर कर जाना पड़ रहा है। ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर दैनिक उपयोग की वस्तुओं को लेने जाते हैं।

## दबंगों ने युवक को पीटकर छीने पांच हजार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी शिवकुमार जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह बाजार में सब्जी खरीद रहा था, तभी दबंग खुशीराम व रामआसरे आये और मुझसे बोले कि मुझे शराब पीनी है तो मैंने मना कर दिया कि मैं शराब नहीं पिला पाऊंगा तो बोले कि मुझे रुपये दो, मैने नहीं दिये। इसी बात से नाराज होकर दोनों ने मारपीट कर दी और जेब से 5 हजार रुपये छीन लिये। शिकायत पर पुलिस ने घटना की जांच शुरु कर दी है।

# एसडीएम ने ट्रैक्टर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, दिये निर्देश



ट्रैक्टर से बाढ़ का निरीक्षण करते एसडीएम

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** एसडीएम कायमगंज ने तहसीलदार के साथ ट्रैक्टर से क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन बाढ़ प्रभावित गांवों का भ्रमण कर वहां के ग्रामीणों से वार्ता की। उन्हें भरोसा दिलाया कि बाढ़ के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। भयभीत होने की जरूरत नहीं। उन्होंने पीड़ितों की मांग पर राशन बांटने व दो नाव लगाने के आदेश दिए। इसके बाद शाहपुर गंगपुर गौशाला के चारों तरफ भरे बाढ़ के पानी का निरीक्षण किया। एसडीएम यदुवंश कुमार वर्मा तहसीलदार संतोष कुमार कुशवाह के साथ बुधवार दोपहर इकलहरा पहुंचे। उन्होंने ग्राम प्रधान व बाढ़ पीड़ितों से समस्याओं के बारे में जानकारी की। इसके बाद वह बाढ़ प्रभावित गांव बिहारीपुर, हमीरपुर मजरा जात, गढ़ी, पथरामई व शाहपुर गंगपुर में ट्रैक्टर पर बैठ कर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर दो नावें मुहैया कराई गयी है। इन नावों को चलाने के लिए परिपक्व व्यक्तियों को तैनात किया जाएगा। ग्रामीणों को रहने के लिए गांव का प्राथमिक विद्यालय प्रधान के सहयोग से साफ करा दिया गया है लोगों को गुरूवार से पॉलिथीन, खाद्य सामग्री आदि मुहैया कराने के आदेश दिए। लोगों को पीने हेतु स्वच्छ पानी मिले इसके लिए टैंकर मुहैया कराया गया।

# किसान दिवस: अधिकारियों के समक्ष किसानों ने रखीं समस्यायें, डीएम बोले शीघ्र होगा निराकरण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन हुआ। मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र व जिला प्रबंधक पीसीएफ, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, जिला परियोजना समन्वयक, यू.पी.ड्राफ्स, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशाषी अभियंता जल निगम, अधिशाषी अभियंता विद्युत ग्रामीण, उप संभागीय वन अधिकारी, जल निगम ग्रामीण, नलकूप खण्ड, लघु सिंचाई, गन्ना अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, व निबंधक सहकारी समितियां, जिला पंचायतीराज अधिकारी सहित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। भारतीय किसान यूनियन के राम बहादुर राजपूत ने कहा कि पदाधिकारियों द्वारा जनपद में वारिश एवं बाढ़ के कारण पशुओं में हो रही बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण की मांग की। इस संबंध में पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही भानू गुट किसान यूनियन ने मांग रखी खेतों में हाईटेंशन विद्युत केबिल कटी है। जिसे बदलवाये जाने की मांग की। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता विद्युत ग्रामीण कायमगंज को तत्काल केबिल सही कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा अन्य मांगें उठायी गयीं।



किसान दिवस कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी

# आक्रोश: भारतीय किसान यूनियन ने विद्युत विभाग के अधिकारियों का फूंका पुतला



अधिकारियों का पुतला फूंकते भाकियू कार्यकर्ता

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक (भानू गुट) के जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना ने पदाधिकारियों के साथ मुख्य चौराहे पर विद्युत विभाग के अधिकारियों का पुतला फूंका।

कस्बा कायमगंज में विद्युत आने जाने का कोई समय नहीं है। हर 10 मिनट में विद्युत आती जाती है। लाइनमैन सौ दो रुपए के लालच में जब मर्जी होती है शटडाउन कर लेते हैं। एक्सईएन व जेई विद्युत का इन कर्मचारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। वहीं कोल्ड स्टोरेज में लगातार बिजली दी जा रही है। लाइनमैंन श्याम सिंह, नावेद, देवेंद्र, उमेश, मुकेश, बंटी, विनोद, हासिम आदि से स्थानीय कर्मचारी जेई, एक्सईन डरते हैं या सुविधा शुल्क कर्मचारी लाइनमैन से लेते हैं। वहीं नए-नए लड़के मीटर रीडर के लिए भेजे जाते हैं। जो गलत रीडिंग निकाल कर उपभोक्ताओं का शोषण करते हैं। विभाग कहता है कि मेरी जड़ें पाताल तक है। भीषड़ गर्मी में बिजली समय पर ना मिलने के कारण पेयजल का संकट है । बूढ़े बच्चे परेशान है। स्कूलों में पढ़ाई नहीं हो पाती। चक्की, एक्सपेलरों में पिराई और पिसाई ना होने से तेल और आटा महंगा हो रहा है। लाइनमैन दबंग किस्म के हैं। कई बार मुख्यमंत्री और विद्युत मंत्री से 1912 विद्युत हेल्पलाइन और एसडीएम और डीएम से शिकायतें की गई, परंतु विद्युत विभाग पर कोई असर नहीं पड़ा। इनका कहना है कि शिकायतें कहीं करो आएंगी हमारे पास। परेशान होकर आज भाकियू भानू ने एक्सईएन विद्युत का पुतला दहन किया। इस मौके पर जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, तहसील उपाध्यक्ष प्रताप सिंह गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कुमार सक्सेना, जिला सचिव रामवीर, तहसील अध्यक्ष विजय शाक्य, शिवराज, नीरज कुमार सक्सेना, रक्षपाल आदि रहे।

# कनोडिया बालिका इंटर कालेज में भूजल संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- विद्यालय में वाद-विवाद व भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न
- प्रधानाचार्या ने छात्राओं को जल बचाने के लिए किया जागरुक



भूगर्भ जल संरक्षण कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मदन मोहन कानोडिया इंटर कालेज में बुधवार को भूगर्भ जल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चलने वाले भूलजल संरक्षण कार्यक्रम के तहत विद्यालय में छात्राओं को जागरुक किया गया। साथ ही वाद विवाद व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने भूजल को सस्टेन करने के लिए बारीकी तकनीकी से छात्राओं को समझाया। ईको क्लब प्रभारी पारुल जैन, पूनम शुक्ला, दर्शना शुक्ला ने कहा मछली जल की रानी है, जीवन का उसका पानी है। के तहत गम्भीरता से जागरुकता कार्यक्रम में विचार रखे। जल संरक्षण के प्रयासों पर छोटी से छोटी बातें साझा की गयीं। पानी को बरबाद हो से बचाने के लिए विद्यालय, घर से शुरुआत करते हुए समाज को जागरुक करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही एक कड़ी बनाने के लिए जागरुक करते हुए बहुत आवश्यकता की जरुरत है। उन्होंने कहा पानी को बरबाद होने से बचायें। नल की टोंटी खुली न छोड़ें। जितनी जरुरत हो उतना ही पानी का इस्तेमाल करें। बाटर आरओ का पानी फिल्टर होने के दौरान बरबाद होता है। उस पानी को एक बाल्टी में रख लें और उसी पानी से पौधों को सींचें आदि जल बचाने की जानकारी दी। इस पहल में छात्राओं ने भी सहयोग करने की बात कही।

इस दौरान कार्यक्रम में कुसुमलता, पारुल जैन, पूनम शुक्ला ने आयोजित वाद-विवाद व भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में शिक्षिका जया सिंह के अलावा अन्य शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

# मुख्यमंत्री की डीबीटी योजना का लाईव प्रसारण बच्चों व शिक्षकों ने देखा



डीबीटी योजना के तहत मुख्यमंत्री के भाषण के सुनते बच्चे

- प्रधानाध्यापक ने सरकार द्वारा भेजी गयी धनराशि से अभिभावकों से दो ड्रेस, स्वेटर, जूता, मोजा, बैग, कॉपियां, पेंसिल रबड़ आदि खरीदने का किया अनुरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए डीबीटी योजना का लाईव प्रसारण टेलीविजन पर स्कूल स्टाफ, बच्चों और अभिभावकों ने देखा। उन्होंने स्कूलों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को विस्तार से जानकारी देते हुए संचारी रोग नियंत्रण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने उपस्थित अभिभावकों से सरकार द्वारा भेजी गई 1200 रुपए की धनराशि से दो ड्रेस, स्वेटर, जूता मोजा, बैग, कॉपियां, पेन, पेंसिल, रबड़, कटर आदि खरीदने का अनुरोध किया। इस अवसर पर खेतल सिंह, पेशकार, जयवीर, मातादीन, चंद्रपाल, योगेन्द्र कुमार, आकाश पाल, कमलेश राजपूत, कामिनी, आशा, उमा, विद्या आदि उपस्थित रहे।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बबना गांव निवासी अभिषेक को मुखबिर की सूचना पर चौकी इंचार्ज मुनेंद्र मिश्रा ने एक प्राइवेट स्कूल के पास बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

# काशीराम राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत हुआ कार्यशाला का आयोजन

- प्राचार्या डॉ0 शालिनी ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरुक, सभी हेलमेट, सीट बेल्ट का करें प्रयोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में बुधवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय में जागरूकता व्याख्यान, हेलमेट तथा सीट बेल्ट परीक्षण किया गया। जिसमें रोड सेफ्टी क्लब की छात्र-छात्राओं ने बहुत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 शालिनी ने सड़क सुरक्षा के महत्व की गम्भीरता पर विचार रखे। छात्रों को सजग रहने की हिदायत दी। साथ ही जानकारी के विस्तृत प्रचार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें। जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। जीवन अनमोल है। इसके लिए जानकारी ही बचाव है। सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होकर नियमों का पालन करें। जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

इसके अतिरिक्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का छात्र-छात्राओं द्वारा हेलमेट तथा सीट बेल्ट परीक्षण किया गया। प्रतिभाग करने वाली छात्र-छात्राओं में पूजा, प्रांशु, लालू, बुशरा, बनो, शिवी, वैभव, निधी, शिवानी, अमृता, राज, सूर्यकांत, प्रतिमा, शिल्पी. राजा, सुमित, अनुरुद्ध आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी डा0 सत्येंद्र कुमार ने व्याख्यान दिया तथा इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगणों में डॉ0 अनामिका सक्सेना, डॉ0 प्रियांशु गुप्ता, डॉ सुंदर लाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में श्रीकिशन पाल, राजेश उपस्थित रहे।



कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को जागरुक करतीं प्राचार्या

# खबरें चलते-चलते

## कानपुर की घटना को लेकर अभिभावकों में डर का माहौल

**फर्रुखाबाद (सं)।** बीते दिन कानपुर में स्कूल जाने वाले भाई-बहन साइकिल की चेन चढ़ाते समय डम्पर ने रौंद दिया। जिससे दर्दनाक घटना घटित हुई। जिससे अभिभावकों में भय का माहौल है। वह अपने बच्चों को साइकिल से पढ़ने के लिए डरा सा महसूस करने लगे है। लोकतंत्र सेनानी चंद्रपाल वर्मा ने इस घटना से आहत होकर नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि फुटपाथ पर हो रहे अतिक्रमण को हटाया जाये। जिससे पैदल व साइकिल से चलने वालों के साथ कोई घटना घटित न हो। लालगेट, घुमना, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन, नाला मछरट्टा आदि स्थानों के फुटपाथ दुकानदारों ने घेर रखे हैं। इन्हें मुक्त कराया जाये। जिससे असमय होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## एसपी के अदेश पर चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** घर में घुसकर मारपीट कर जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र रामनगर करवला ग्रामसभा कुटरा निवासी मानसिंह पुत्र स्व0 धर्मसिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में दर्शाया कि 17 जुलाई को रात्रि 11 बजे मनफूल पुत्र वीरपाल, बाबा निवासी तिर्वा कोठी मड़ैया, प्रदीप, कुलदीप पुत्रगण रामनरेश एकराय होकर घर में घुस आये और मेरे परिजनों के साथ मारपीट कर दी। जिससे मैं व मेरी पत्नी अंगूरी देवी, पुत्री गायत्री, प्रतिभा व भाई अखिलेश घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर आपास के लोगों के आता देख आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने उक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# सी0पी0 इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल का हुआ गठन



शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विद्यार्थियों में अनुशासन एवम नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु सी0पी0 इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल का गठन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उपनिदेशिका अंजू राजे ने ध्वजारोहण करके किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को पद वितरित किए गए और हेड बॉय एवं हेड गर्ल का छात्रों द्वारा चुनाव कराया गया जिसमें नंदिनी गुप्ता को हेड गर्ल और उदित प्रधान को हेड बॉय के पद पर चुना गया। प्रांतिक राजपूत चैरिटी हाउस कैप्टन, प्रिया यादव चैरिटी हाउस प्रीफेक्ट, सीरत जेहरा जॉय हाउस कैप्टन, आयुष वर्मा जॉय हाउस प्रीफेक्ट, प्रकृति पीस हाउस कैप्टन, प्रिंस हाउस प्रीफेक्ट, उन्नति सफलता होप हाउस कैप्टन, संकित यादव होप हाउस प्रीफेक्ट, रिद्धिमा सारस्वत, विदिशा सिंह डिसिप्लिन सेक्रेटरी, शगुन वर्मा, याशिका जैन आर्ट क्लब सेक्रेटरी, आदित्य मिश्रा, समीर खान स्पोर्ट्स क्लब सेक्रेटरी, आदित्य द्विवेदी, दीक्षा यादव इको क्लब सेक्रेटरी, रितेश डवानी, निष्ठा शुक्ला साइंस क्लब सेक्रेटरी, मिहिरकुल, संघमित्रा, आशुतोष पटेल आईटी क्लब सेक्रेटरी, पारुल तुलवानी, वर्णिता प्रधान लिटरेरी सेक्रेटरी बनाये गये। इसके अलावा 15 बच्चों को स्कूल प्रीफेक्ट बनाया गया। लगभग 50 मॉनिटर्स बनाए गए। उप निर्देशिका अंजू राजे ने अपने संबोधन में बताया यह बच्चे भविष्य में अपनी जिम्मेदारियों के प्रति हमेशा सजग रहेंगे और अपने कर्तव्य पथ से विचलित नहीं होंगे।

प्रधानाचार्य डॉ0 विनोदचंद्र शर्मा ने बताया कि छात्रों को समय रहते ही जिम्मेदारियों का अहसास करा देना उनके अंदर एक नई तकनीक भर देने जैसा है। इससे छात्रों में कर्तव्यनिष्ठा, मैनेजमेंट, अनुशासन आदि प्रतिभा निखर कर आती हैं।

## पूनम शुक्ला बनीं अटेवा महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा पेंशन बचाओ के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर गति और तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि पेंशन हमारा अधिकार है। जिसे हम लेकर रहेंगे। महिला संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कानोडिया बालिका इंटर कालेज की सहायक अध्यापिका पूनम शुक्ला को महिला प्रकोष्ठ का जिला संयोजक मनोनीत किया है। प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष नरेंद्र जाटव ने कहा कि इससे संगठन को गति मिलेगी और संगठन से महिलायें जुड़ेंगी।

# कलेक्ट्रेट सभागार में डीबीटी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

- कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ से किया गया



कार्यक्रम के दौरान बैंड के साथ मौजूद बच्चे व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी व सुधीर कुशवाहा आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में डीबीटी हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद मुकेश राजपूत ने की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रूपेश गुप्ता, संजय कुमार सिंह जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी योगेंद्र पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, टीम एसआरजी समस्त एआरपी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्काउट गाइड की टीम एवं व्यायाम शिक्षक टीम का बैठक एवं अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने में विशेष सहयोग रहा। स्काउट गाइड टीम से जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाह की स्काउट टीम से स्काउट मास्टर स्काउट मास्टर वैभव प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंहए, अर्पण शाक्य, प्रदीप यादव गाइड कैप्टन, गाइड कैप्टन टीम से पुष्पा सिंह, हिमलेश शाक्य. नीरजा कश्यप और भारती मिश्रा ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। वहीं दूसरी तरफ जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार की टीम से व्यायाम शिक्षक अतुल कटियार, मनीष यादव, आलोक यादव और अरुण कुमार यादव ने अनुशासन व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

अतिथियों का स्वागत करने हेतु पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजेपुर के छात्रों ने और प्राथमिक विद्यालय मसेनी की छात्राओं ने अपने अपने टीम के इंचार्ज के साथ सहयोग प्रदान किया पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजेपुर की टीम इंचार्ज प्रधानाध्यापक महेश सिंह और अनुदेशक विमल कुमार का सहयोग रहा और प्राथमिक विद्यालय मसेनी की टीम इंचार्ज सुरभि सिंह एवं मीनाक्षी द्विवेदी के द्वारा सजाए गए बैंड की ध्वनियों के साथ अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। डबीबीटी कार्यक्रम में शामिल बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

समृद्धि न्यूज़

गुरुवार, 20 जुलाई, 2023






# टहलने निकले वृद्ध की तालाब में डूबने से मौत, परिजनों में मचा कोहराम

▶ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा





गुमशुम बैठे मृतक के परिजन तथा मृतक का फाइल फोटो

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** टहलने निकले वृद्ध का पैर तालाब किनारे फिसल गया। जिससे डूबकर वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया और सूचना पुलिस को दी। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के नवनिर्मित नगर पंचायत खिमसेपुर के वार्ड शिवाजी नगर निवासी 65 वर्षीय बुलाकी पुत्र गेंदा लाल सुबह 5:30 बजे इटावा बरेली हाईवे पर टहलने गए थे। रोड पर स्थित रानी के ताल में पैर फिसलने से वृद्ध की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई। सुबह जब परिजनों ने खोजबीन की तो कहीं जब पता नहीं लगा। लगभग 8:30 बजे तालाब की तरफदेखने गए तो वहां बुलाकी की छड़ी व चप्पल पड़ी थी। तालाब में देखने पर वृद्ध की शर्ट दिखायी दी। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। शव बाहर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के दो पुत्र व दो पुत्री है। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे दरोगा मोहित मिश्रा ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज (सं.)।** गाली देने का विरोध करने पर दबंग पड़ोसी ने अपने भाई व पत्नी के साथ मिलकर युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी हरिकिशन ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह वह अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी पड़ोसी जय सिंह, जयकिशन पुत्रगण जानकी प्रसाद, कृष्णा देवी पत्नी जयकिशन आये और गाली-गलौज करने लगे। जब मैंने गाली-गलौज का विरोध किया तो सभी ने एक राय होकर मेरे साथ मारपीट कर दी। जिससे मेरे काफी चोंटे आयीं है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने उसका डाक्टरी परीक्षण कराया।

# पंखे का तार लगा रहे युवक की करंट लगने से मौत



अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बिजली के बोर्ड में पंखे का तार लगाते समय युवक करंट की चपेट में आ गया और वह अचेत होकर गिर गया। परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर निवासी 19 वर्षीय अजहर पुत्र इन्तजार बुधवार सुबह नहाने के बाद पंखा चलाने के लिए बिजली के बोर्ड में तार लगा रहा था। उसी दौरान उसे जोरदार करंट लग गया और अचेत होकर नीचे गिर गया। चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि अजहर पंखे के करंट में चिपका पड़ा था।

परिजनों ने किसी तरह उसे विद्युत करंट से छुड़ाकर उसे नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। जहां डा0 अमरेश कुमार ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार मृतक दो भाईयो में सबसे बड़ा था।

## सोता में नहा रही बालिका की डूबने से मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** बच्चों के साथ सोता में नहा रही बालिका की पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी। स्वजनों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। स्वजन शव लेकर घर चले गए। गांव बहबलपुर निवासी अकरम खान की दस बर्षीय पुत्री अलसफा बुधवार दोपहर गांव के ही निकट खेतों की तरफ भैंस चराने गयी थी। उसी समय वह सोता में भरे बाढ़ के पानी में बच्चो के साथ नहाने लगी। बालिका नहाते समय गहरे पानी में डूब गयी। बच्चो ने घटना की सूचना बालिका के स्वजनो को दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। पिता ने ग्रामीणों की मदद से एक घण्टे बाद शव को बाहर निकाला। मौत की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। स्वजन शव लेकर घर चले गए। मृतका पांच भाई बहिनो में तीसरे नंबर की थी। बेटी की मौत पर मां अफसाना का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया स्वजन शव घर ले गए।

## बंदरों के हमले से वृद्ध छत से गिरा, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बंदरो के हमले से वृद्ध छत से नीचे गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घसिया चिलौली निवासी 80 वर्षीय खुदावंश पुत्र नवाबशेर बुधवार सुबह छत पर किसी काम से गये थे, तभी छत पर बैठे बंदरों ने वृद्ध पर हमला कर दिया। जिससे वृद्ध छत से नीचे सिर के बल गिरने से गंभीर रुप से घायल हो गये। परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहां डाक्टर अमरेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी असगरी आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताते चलें कि नगर में काफी बंदरों का आतंक है।

# बाढ़ का कहर जारी: शमशाबाद कटरी के आधा सैकड़ा गांव जलमग्न

▶ कई गांवों के संपर्क मार्ग पानी में बहे

▶ पीड़ित बोले न तो प्रशासन और न ही समाजसेवी मदद को आ रहे आगे



बाढ़ के पानी से घिरी झोपड़ी, जल क्रीड़ा कर रहे बच्चे



बैलगाड़ी को बनाया अशियाना

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** लगातार बढ़ रहे पानी से तराई इलाकों में भयावह स्थिति बन गयी है। आधा सैकड़ा से अधिक गांव जलमग्न हो गये हैं। क्षेत्र के कई संपर्क मार्ग पानी के तेज बहाव में बह गये।

गंगा में पानी छोड़े गये पानी से कटरी के हालात बद से बदतर हो गये हैं। आलम यह है कि ऐसे हालातों में लोग या तो घरों के अंदर तख्त या चारपाईयों का सहारा ले रहे हैं या फिर छतों पर बैठकर खाना बनाने को मजबूर है। कई लोगों को घर से बेघर होने के बाद सड़क किनारे डेरा जमाकर खाना बनाते देखा गया। सावन के महीने में चिलचिलाती धूप, ऊपर से चारों तरफ बाढ़ का पानी कटरी क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद मुश्किलें खड़ी कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार अगर कहीं आना जाना हो तो बाढ़ का पानी उनके कदमों को रोक रहा है। बुधवार को गंगा कटरी क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा, भगवानपुर, नगला बसोला आदि क्षेत्र में आवागमन का माध्यम बना संपर्क मार्ग भी कट गया है। शाम तक बाढ़ की चपेट में कटने वाला मार्ग काफी भयावह स्थितियों में हो गया था। इस समय कटरी क्षेत्र के लुखड़पुरा, कटरी तौफीक, कैंचिया, बेला सराय गजा, अजीजाबाद, परशादी की मड़ैया, पाती नगला, उगरपुर, करनपुर, हुसैनपुर, चंपतपुर, अचानकपुर, दूंधा आदि गांव वाले आखिर बुरे वक्त में क्या करें। बाढ़ पीड़ितों का यह भी कहना था लंबा समय गुजरने के बाबजूद न तो प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था की गई न ही राहत वितरण के संबंध में कोई जानकारी दी गई।

लोगों का यह भी कहना था हर वर्ष समाजसेवी जनप्रतिनिधि बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में राहत सामग्री उपलब्ध कराया करते थे, लेकिन बुरे वक्त में इस बार किसी भी जनप्रतिनिधि तथा समाजसेवी व्यक्ति की अभी तक एंट्री नहीं हुई जो एक चिंता का विषय है। लोगों का यह भी कहना था क्या मानवता के पुजारी दायित्व निभाना भूल गए हैं। ग्रामीण बढ़ रहे पानी के चलते रात में डर की वजह से नहीं सो रहे हैं। उनका कहना है कि पता नहीं कब पानी बढ़ जाये और उनकी जल समाधि बन जाये।

## प्रेमी की युवती के परिजनों ने की पिटाई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना शमशाबाद के फरीदपुर मंगली निवासी विनीत कुमार गांव निवासी युवती को 16 जुलाई को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। बीती रात शमशाबाद थाने में युवती के पिता ने गांव के विनीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को प्रेमी विनीत अपनी प्रेमिका के साथ नवाबगंज चौराहे पर अपने भाई विनोद का इंतजार कर रहा था, तभी किसी ने युवती के परिजनों को इसकी जानकारी दे दी। सूचना मिलते ही उसके भाई व अन्य परिजन मौके पर पहुंच गये और दोनों को पकड़ लिया। इस दौरान उसे बाइक पर बिठाकर घर लेकर चले गये और प्रेमी की जमकर पिटाई की। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गयी और आरोपी विनीत व उसके भाई विनोद को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि विनीत के विरुद्ध थाना शमशाबाद में मुकदमा दर्ज है।

# खबरें चलते-चलते

## करंट लगने से युवक अचेत

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खजुरिया निवासी 20 वर्षीय विवेक कुमार पुत्र ग्रीशचन्द्र के बुधवार को बिजली का करंट लग गया। जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। परिजनों ने नगर के सीएचसी में लाकर भर्ती कराया। जहां डाक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## बाइक चालक पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदाबाद (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर निवासी विश्वास चन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 7 जुलाई को सायं 4 बजे मेरा पुत्र राजकुमार अपनी बाइक से धीरपुर ग्रामीण बैंक में रुपया जमा करने गया था। जब वह वापस अपनी बाइक आया तो नगला पंचम निवासी सुमित यादव अपने गांव के गुलाब सिंह की बाइक तेजी से चलाते हुए लाया और मेरे पुत्र को टक्कर मार दी और उसे 4-5 मीटर तक घसीट कर ले गया। जिससे मेरा पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए लोहिया में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। उसके बाद उसे आवास विकास स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

## आवास के नाम पर युवक से 25 हजार की ठगी

**नवाबगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पत्योरा निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसने 2 वर्ष पूर्व जोगपुर निवासी नन्हे ठाकुर ने कॉलोनी दिलवाने के नाम पर 25 हजार रुपये लिए थे। जब मुझे कॉलोनी नहीं मिली तो मैंने उसे कहा कि मेरी कालोनी आज तक नहीं आयी है जो मेरे रुपये लिये है वह वापस करों। इसी बात को लेकर गालियां देने लगा और मारपीट कर घर से भगा दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर न्याय की गुहार लगायी।

## चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिस कर्मियों के खिलाफ याचिका दायर

**फर्रुखाबाद (सं.)।** कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला सधावाड़ा निवासी पीड़िता ने न्यायालय में याचिका दायर की। जिसमें दर्शाया कि उसकी पुत्री का पति से विवाद होने के चलते वह मेरे साथ रह रही है। मोहल्ले के बंटी पुत्र सुखवासीलाल कि मेरी बेटी पर बुरी नजर है। वह आए दिन मेरी बेटी से अश्लील कमेंट करता तथा छेड़छाड़ करता है। 8 जुलाई को जब मैं दिन के 11 बजे अपनी बेटी के साथ बाजार के लिए निकली तो मेरी बेटी आ गई चल रही थी और मैं कुछ दूरी पर पीछे थी। इसी दौरान बंटी व उसके तीन अज्ञात साथी घर के बाहर खड़े थे। मेरे बेटी को देखते ही बंटी ने मुंह दबाकर घर के अंदर खींच लिया और अश्लील हरकतें करने लगा। शोर सुनकर मैं उसके घर के अंदर घुसने की कोशिश की तो उसके अज्ञात साथियों ने मुझे भी मुंह दबाकर अंदर खींच लिया और मेरे साथ छेड़छाड़ की। मेरे ब्लाउज के अंदर हाथ डालकर 8 हजार रुपये निकाल लिए। मेरे व मेरी बेटी के साथ छेड़छाड़ व जबरन बलात्कार करने का प्रयास किया। किसी तरह मुंह से हाथ हटाकर बचाव में शोर मचाया। इस दौरान मैं बेहोश हो गई। चीख-पुकार सुनकर मेरा बेटा व मोहल्ले के लोग आ गए जिन्होंने बचाया। बेहोशी हालत में मुझे अस्पताल में ले जाया गया। जहां से मुझे व मेरी बेटी को मेरा बेटा थाने लेकर पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस दौरान चौकी इंचार्ज हरिओम ने 10 हजार रुपये की मांग की। जब मैंने बताया कि मेरे 8 हजार रुपये भी उन लोगों ने निकाल लिये हैं तो चौकी इंचार्ज व तीन अज्ञात पुलिसकर्मियों ने मेरे साथ गाली-गलौज कर थाने से भगा दिया। इस दौरान आरोपी व उसके परिजन थाने में बैठे थे। उन पर कार्रवाई करने की बजाय मेरे बेटे को पकड़कर 151 में चालान कर दिया। इसकी शिकायत एसपी से की, पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# सेना की अग्निवीर भर्ती आज से शुरु, तीन विद्यालय में ठहरेंगे युवक

▶ 12 जनपदों से आयेंगे अभ्यर्थी, 1 अगस्त तक चलेगी भर्ती प्रक्रिया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अग्निवीरों की सेना में 20 जुलाई से होने वाली भर्ती में आने वाले युवक फतेहगढ़ के जनता राष्ट्रीय विद्यालय, म्युनिसिपल इंटर कालेज, सोनी पारिया इंटर कालेज में ठहरेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने तीनों प्रधानाचार्यों को जारी पत्र में इस बाबत विद्यालय से 20 जुलाई से अगस्त तक अधिग्रहीत किये जाने की सूचना दी। अग्निवीरों की भर्ती हेतु पुलिस अधीक्षक ने डीआईओएस को उनके ठहरने हेतु भर्ती स्थल के नजदीक व्यवस्था किये जाने की सूचित किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने अधिग्रहीत किये गये उक्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को जारी पत्र में निर्देशित किया कि अग्निवीर भर्ती में 12 जनपदों के अभ्यार्थियों के शामिल होने एवं उनके भर्ती के दौरान कालेजों में ठहरने हेतु आवासीय व्यवस्था बनाये। पत्र में कहा गया कि शासकीय हित में जनता राष्ट्रीय विद्यालय, म्युनिसिपल इंटर कालेज तथा सोनी पारिया इंटर कालेज फतेहगढ़ को 1 अगस्त तक अधिग्रहीत किया जाता है। डीआईओएस ने संबंधित प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया कि वह 20 जुलाई से 1 अगस्त तक अग्निवीरों की सेना भर्ती हेतु आने वाले युवकों को विद्यालय में आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा कालेज में शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं शिक्षण कक्षों में साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें।

## अभ्यार्थियों के शैक्षिक अभिलेखों की जांच हेतु आधा दर्जन शिक्षकों की तैनाती

**फर्रुखाबाद।** अग्निवीर के प्रवेश पत्र एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच हेतु सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने 6 शिक्षकों की तैनाती की है। तैनात शिक्षकों को राजपूत रेजीमेंट सेंटर फतेहगढ़ में 20 जुलाई से 5 अगस्त तक उपस्थित होकर भर्ती में आने वाले अभ्यार्थियों के प्रवेश पत्र एवं शैक्षिण अभिलेखों की सर्तकता पूर्वक जांच पड़ताल करने के डीआईओएस द्वारा निर्देश दिये गये है। किसी प्रकार की जानकारी हेतु तैनात किये गये शिक्षक कर्नल परब अमित से मोबाइल नम्बर 8900028427 पर सम्पर्क करें। तैनात किये गये शिक्षक है। सुनील आर्य जीआईसी फर्रुखाबाद, कृष्ण स्वरुप, विशेष कुमार जनता राष्ट्रीय इंटर कालेज, आशीष मिश्रा जीआईसी फतेहगढ़, दिलीप सिंह, केशव गंगवार भारतीय पाठशाला फर्रुखाबाद है।

# सर्प के डसने से अधेड़ की मौत, झाड़ फूंक के चक्कर में पड़े परिजन

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** मंगलवार सुबह 6 बजे थाना क्षेत्र के गांव गिलौंदा निवासी दयाराम सिसोदिया 50 वर्षीय को सर्प ने काट लिया जिससे उनकी मौत हो गई। इसके बाद स्वजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार गांव के ही निवासी मृतक के साढू हाकिम सिंह के पुत्र सतेंद्र सिंह ने घटना का प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया। पुलिस ने सतेंद्र सिंह के प्रार्थना पत्र के आधार पर फौती सूचना दर्ज कर ली और पंचनामा की कार्यवाही हेतु दारोगा लव कुमार को मौके पर भेजा गया मौके पर पंहुचे दारोगा लव कुमार ने दयाराम के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्यवाही शुरू की तो स्वजनों ने यह कहकर पंचनामा भरने रोक दिया कि हम लोग दयाराम का वैगियों से उपचार कराएंगे। जिससे वह पुनः जीवित हो जाएंगे। वैगी कानपुर से आ रहे हैं। बिना पंचनामा भरे ही पुलिस वहां से वापस चली गई। मृतक अपनी पत्नी मीना देवी व पुत्र ध्रुव 24, भूरे 22, दीपू 12 वर्षिय को विलखता छोड़ गया। ग्राम पंचायत कुरार के ग्राम प्रधान धर्मवीर यादव के प्रतिनिधि अजयवीर यादव ने बताया कि स्वजनों ने मृतक दयाराम के उपचार हेतु कानपुर से वैगी बुलाए हैं। वैगियों के उपचार से पुनः जीवित हो जाने की आस में स्वजनों ने पंचनामा भरने से रोक दिया। दारोगा लव कुमार ने बताया कि मृतक के बेटा व बेटी बाहर हैं। उनके आने के लिए सतेंद्र सिंह ने समय मांगा है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से चार छात्रायें घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** स्कूल से घर जाते समय साइकिल सवार चार छात्राओं को तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गयी। जिन्हे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम बराकेशव निवासी शीलू पुत्री प्रवीण कुमार 13 वर्ष, पिंकी पुत्री मुकेश उम्र 15 वर्ष, आकांक्षा पुत्री अरविंद 15 वर्ष, जानवी पुत्री श्याम सिंह 13 वर्ष बुधवार को क्षेत्र के एके इंटर कॉलेज धुरिहार से पढ़कर साइकिल से गांव वापस जा रही थी, रास्ते में तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे चारों छात्रायें घायल हो गयी। ग्रामीणों ने मौके पर ही ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। घायल छात्राओं को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की, ग्रामीणों ने चालक को पुलिस को सौंप दिया। वहीं जानवी की हालत बिगड़ने पर लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

# ससुराल गये कपड़ा व्यापारी के घर से लाखों की चोरी



जांच पड़ताल करती फोरेंसिक टीम

▶ पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

▶ चोर पड़ोसियों के बाहर से कुंडी लगाकर फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ससुराल गये कपड़ा व्यापारी के घर चोरों ने ताला तोड़कर हजारों की नगदी व सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिये। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सितवनपुर पीठू निवासी संदीप कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह हाल निवासी कस्बा नवाबगंज बबना रोड की कस्बे में कपड़े की दुकान है। संदीप की पत्नी रेनू गांव सलेमपुर दूंदेमई स्थित विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर तैनात है। पीड़ित संदीप के मुताबिक मंगलवार को बाजार बंदी होने पर वह अपनी पत्नी को स्कूल छोड़ने गया था। स्कूल से दो किलोमीटर गांव भाटासा में ससुराल है। जहां से फोन आने पर स्कूल की छुट्टी होने के बाद पत्नी को लेकर वहीं रुक गया।

घर पर ताला लगा हुआ था। बीती रात अज्ञात चोरों ने पीछे से खेतों की तरफ से पड़ोसी के पानी वाले पाइप लाइन का पाइप तोड़कर उसके पीछे का गेट का ताला तोड़ दिया और घर के अंदर घुस गये। अलमारी व बक्से के ताले तोड़कर एक सोने की चेन, 1 जोड़ी पायल, बच्चों के गले में पहनने वाली हाय सोने की, सोने की अंगूठी, नथुनी व 40 हजार रुपये की नगदी चोर चोरी कर ले गये। घटना की जानकारी उस समय हुई जब सुबह पड़ोसी जागे तो ताले टूटे पड़े थे तो इसकी सूचना गृहस्वामी को दी। सूचना मिलते ही पीड़ित संदीप अपनी पत्नी के साथ आनन-फानन में घर पहुंचा तो देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये और जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है, घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा। खबर लिखे जाने तक पीड़ित ने घटना के संदर्भ में पुलिस को तहरीर नहीं दी थी। सूत्रों की माने तो बीती चोरी करने के बाद चोर सभी पड़ोसियों की बाहर से कुंडी लगाकर चले गये थे। सुबह जब पड़ोसियों ने गेट खोला तो कुंडी बाहर से बंद थी। सभी ने चीखपुकार मचायी तो कुछ दूरी पर बने मकानों से लोग बाहर निकल आये और लोगों के घर के बाहर से लगी कुंडियों को खोला।

## अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** दीवार की सहारे छत के रास्ते से चोर घर में घुस गए। कमरे में रखी अलमारी व बक्शे का ताला तोड़कर लाखों रुपए की नगदी व जेवर चोरी कर लिए। एक घर में चोरी का प्रयास व वृद्धा के साथ मारपीट कर दी थी। पीड़ितों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। गांव पहाड़पुर निवासी शिवकुमार मंगलवार की बीती रात पत्नी व बच्चों के साथ छत पर सो रहे थे। बीती रात लगभग एक बजे चोर सड़क किनारे दीवार के सहारे लगे मिट्टी के ढेर से छत से होते हुए घर में घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे लाखों के जेवरात व नगदी चोरी ली। इसके बाद चोर छत से होते हुए पड़ोसी गजेंद्र के घर में घुसकर चोरी का प्रयास करने लगे। गजेंद्र की मां छोटी बिटिया के विरोध करने पर चोरों ने उनके साथ मारपीट कर दी। मंगलवार सुबह सीओ सोहराब आलम ने पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जानलेवा हमले में तीन भाईयों सहित चार को साढ़े चार वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला करने के मामले में अपर जिला जज प्रथम विष्णु चन्द्र वैश्य ने अभियुक्त श्याम सिंह पुत्र पुत्तुलाल, अतर सिंह, दयाल सिंह, रूपलाल सिंह पुत्रगण लालाराम को दोषी करार देते हुये साढ़े चार वर्ष के कारावास से दंडित किया।

विगत 27 वर्ष पूर्व कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के ग्राम मसेनी निवासी राजेश्वर प्रसाद पुत्र राधाकृष्ण ने पुलिस को दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि 11 जुलाई 1996 को सुबह लगभग 5 बजे के समय मैं अपनी छत पर सो रहा था। मेरे पड़ोसी पुत्तुलाल, निर्बल, अतरसिंह, दयाल, लालाराम, रूपलाल तमंचे व लाठी-डंडा को लेकर अपनी छत पर आए और पुत्तुलाल ने श्याम सिंह ने कहा कि इसे आज जान से मार दो, बचने न पाये। श्याम सिंह ने जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर दिया। मेरे शोर मचाने पर गांव के लोग आ गए। हमलावर भाग गए। मेरी पुत्तुलाल से ट्यूबवेल के विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। साक्ष्य गवाह के आधार न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी, तेज सिंह राजपूत की कुशल पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विष्णु चन्द्र वैश्य ने अभियुक्त श्याम सिंह, अतर सिंह, दयाल सिंह, रूपलाल को दोषी करार देते हुए धारा 147 में एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक-एक माह के अतिरिक्त कारावास भुगताना होगा। धारा 148 में एक-एक वर्ष सश्रम कारावास व एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक-एक माह के साधारण कारावास भुगताना होगा। धारा 307/149 में साढ़े चार वर्ष के सश्रम कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

जुर्माना अदा न करने पर तीन-तीन माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा से दंडित किया। अभियुक्त श्याम सिंह को धारा 25 में दो वर्ष सश्रम कारावास व 5 हजार रुपया अर्थ, जमा न करने पर दो माह के साधारण कारावास से दंडित किया गया। अभियुक्त की सभी सजायें एक साथ चलेगी। अभियुक्तों द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित की जायेगी। मुकदमा विचारण के दौरान पुत्तुलाल, निर्बल, लालसहाय की मृत्यु हो गयी थी।